✴ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✴ रजि. नंबर : 52290/90 ✴ वर्ष : 36 ✴ अंक : 102 ✴ पृष्ठ : 12 ✴ औरंगाबाद, रविवार, 7 सितंबर 2025 ✴ मूल्य : 3.00 रुपये ✴ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✴ www.navbihartime.com




बक्सर में मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के लाभुकों को चेक देते सीएम नीतीश कुमार

### मुख्यमंत्री ने किया 740 करोड़ की 432 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

# पांच साल में एक करोड़ युवाओं को रोजगार-नौकरी : नीतीश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**आरा।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भोजपुर जिले को बड़ी सौगात मिली है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 740 करोड़ 38 लाख की लागत से कुल 432 योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान जवइनिया गांव के 187 बाढ़ पीड़ितों को 2 करोड़ 24 लाख 40 हजार रुपए राहत के तौर पर दी गई। कार्यक्रम में सीएम के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी भी मौजूद हैं। जगदीशपुर खेल मैदान में आयोजित एनडीए संवाद कार्यक्रम में सीएम ने बड़ी घोषणा की। उन्होंने अगले पांच साल में एक करोड़ युवाओं को रोजगार और नौकरी देने का वादा किया। सीएम ने कहा कि अब तक हमारी सरकार ने 29 लाख लोगों को रोजगार देने का काम किया है। आने वाले पांच सालों में एक करोड़ रोजगार हमारी सरकार देगी। राजद सुप्रीमो लालू यादव पर निशाना साधते हुए कहा कि आप लोग तो जानते ही हैं। पहले की सरकार कोई काम नहीं करती थी। शाम होने के बाद घर से कोई निकलता था। कोई रास्ता था। पहले का हाल बहुत बुरा था। नवंबर 2005 में जब बीजेपी-जेडीयू की सरकार बनी तो हमलोगों ने काम करना शुरू किया। बिजली



दिया, सड़क बनवाया। सब काम करवाया। वहीं, तेजस्वी यादव पर निशाना साधते हुए सीएम ने कहा कि कुछ लोग गड़बड़ करता था। पहले तो कुछ नहीं करता था। हमारे साथ आया तो गड़बड़ करने लगा। दो बार आया तो गड़बड़ किया। अब हमलोग बीजेपी और जेडीयू साथ में रहने वाले हैं। बीजेपी-जेडीयू का पुराना रिश्ता है। हमारी पार्टी शुरू से ही शिक्षा और स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देती आई है। सात निश्चय के तहत हर घर बिजली, शौचालय देने का काम किया गया। सड़क का काम किया गया। 105 करोड़ 16 लाख की लागत से आरा-बक्सर फोरलेन (एनएच 922) से छपरा भाया बबुरा पथ का 6 लेन में चौड़ीकरण कार्य होगा। 33 करोड़ 89 लाख की लागत से जीरो माइल से पातर तक पथ का चौड़ीकरण है। 18 करोड़ 43 लाख की लागत से संदेश से अगर गांव होते हुए कोइलवर तक नहर बांध पर रोड बनेगा। 86 करोड़ की लागत से स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज सिस्टम के तहत आउटफॉल नाला, संप हाउस और न्यू पुलिस लाइन से एमपी बाग नाला मोड़ तक नए संरेखण का निर्माण होगा। 31 करोड़ 30 लाख की लागत से चंदवा से गांधी होते हुए धरहरा तक नहर बांध पर रोड बनेगा। 14 करोड़ 11 लाख की लागत से आरा रेलवे स्टेशन से जज कोटी मोड़ तक पथ चौड़ीकरण का काम होगा। इसके अलावा 53 करोड़ 94 लाख की लागत से वैंपाली से चंदवा मोड होते हुए पकड़ी चौक तक पथ का निर्माण होगा। 37 करोड़ 19 लाख की लागत से अरने देवी मंदिर (आरा) से आरा-बक्सर फोरलेन पथ (भाया आराऽसिन्हा एवं आराऽबड़हरा) पथ का चौड़ीकरण किया जाएगा। 27 करोड़ 87 लाख की लागत से ओझाबलिया पुल से बचारी पुल तक बाइपास निर्माण होगा। 18 करोड़ 43 लाख की लागत से बिहियां चौरस्ता से एनएच922 तक पथ का चौड़ीकरण एवं 14 करोड़ की लागत से भोजपुर जिला अंतर्गत तरारी के ग्राम देव सूर्य मंदिर परिसर का विकास होगा।

## चलती ट्रेन से अगवा हुए कोच अटेंडेंट बरामद



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** हटिया-पटना एक्सप्रेस से एक कोच अटेंडेंट का अपहरण का अपहरण कर लिया गया था। इस खबर से रेल प्रशासन में हड़कंप मचा दिया। घटना के फौरन बाद पुलिस टीम एक्टिव हुई। इसके बाद ताबड़तोड़ छापेमारी कर कड़ी मशक्कत के बाद कोच अटेंडेंट को हाथीदह स्टेशन के पास से बरामद कर लिया। घटना बाढ़ रेलखंड के पास की बताई जा रही है। शनिवार को शराब माफियाओं ने हटिया-पटना एक्सप्रेस ट्रेन की एसी बी5 कोच में तैनात राकेश कुमार (पश्चिम बंगाल) को पिस्टल के बल पर अगवा कर लिया। बताया जा रहा है कि ट्रेन के बाढ़ खंड से गुजरने के दौरान कुछ अज्ञात लोगों ने कोच अटेंडेंट राकेश कुमार को ट्रेन से बाहर खींच लिया और पिस्टल दिखाकर अगवा कर लिया। घटना की जानकारी मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और स्थानीय थाने की टीमें हरकत में आ गईं। रेल पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते महज कुछ ही घंटों में मामले का पर्दाफाश कर दिया गया। अपहृत को सुरक्षित बाहर निकाला गया और एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में कई अहम सुराग हाथ लगे हैं जिनके आधार पर अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

### दवा कारोबारी की हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** नगर थाना क्षेत्र के महावीर टोला रोड में शुक्रवार देर रात हथियारबंद अपराधियों ने दवा कारोबारी को गोली मार दी। अस्पताल पहुंचने से पहले रास्ते में ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बड़हरा के फरहदा निवासी सुमित सिंह के तौर पर हुई है। सुमित सिंह हिस्ट्रीशीटर जितेंद्र कुमार उर्फ केबी की हत्या का मुख्य आरोपित था। इस मामले में जेल भी गया था।

### सड़क हादसे में दो किसानों की मौत

**बेगूसराय(नबिटा ब्यूरो)।** साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र के जाफर नगर गांव के पास एनएच-31 फोरलेन पर तेज रफ्तार ट्रक ने ट्रैक्टर में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रैक्टर बीच सड़क पर पलट गई। हादसे में दो किसानों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि पांच लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान मल्हीपुर गांव के बुलबुल यादव व छोटेलाल रजक के तौर पर हुई है।

### वज्रपात से तीन पशुपालकों की मौत

**कटिहार(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के कुरसेला में कबीर मठ के पास आकाशीय बिजली की चपेट में आकर तीन पशुपालक बुरी तरह झुलस गए। बाद में तीनों की जान चली गयी। मृतकों में तीनघरिया निवासी अखिलेश मंडल, धीर नारायण मंडल एवं गोपी प्रसाद मंडल शामिल हैं।

### राज्य के 12 जिले में खुलेगा एटीएस

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** व्यावसायिक गाड़ियों की फिटनेस जांच के लिए राज्य के 12 जिले में ऑटोमेटिक टेस्टिंग सेंटर (एटीएस) खोले जाएंगे। परिवहन विभाग ने इस दिशा में कार्रवाई शुरू कर दी है। राज्य में अभी पटना सहित छह जिले में आठ एटीएस कार्यरत हैं। केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ने राज्य के तीन एटीएस को फिटनेस प्रमाण पत्र जारी करने पर रोक लगा दी है।

## भागलपुर और दरभंगा में डूबने से पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भागलपुर/दरभंगा।** जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र के अजमेरीपुर गांव के तीन मासूम बच्चे रसीदपुर घाट पर नहाने के दौरान गहरे पानी में डूब गए। इस हादसे में दो बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीसरे की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस और ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतकों में 13 वर्षीय रबला कुमार (पुत्र प्रवीण मंडल) और 14 वर्षीय राजा कुमार (पुत्र लक्ष्मी मंडल) शामिल हैं। वहीं, 12 वर्षीय रामू कुमार (पुत्र गोपी मंडल) को गंभीर अवस्था में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। नाथनगर थानाध्यक्ष अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दरभंगा जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र मे दो बच्चों की डूबकर मौत होने का मामला सामने आया है। पहली घटना मनीगाछी थाना क्षेत्र की जबकि दूसरी घटना तिलकेश्वर थाना क्षेत्र की है। मृतकों की पहचान मनीगाछी थाना क्षेत्र के कीमनीगाछी प्रखंड अंतर्गत राजे पश्चिमी टोला निवासी सुनील कुमार राम के पुत्र दीपक कुमार एवं तिलकेश्वर थाना क्षेत्र के कीतिलकेश्वर सपही निवासी दिनेश राम के पुत्र संदीप कुमार के रूप में हुई है।

### डॉक्टर ने की आत्महत्या

**मुजफ्फरपुर(नबिटा ब्यूरो)।** काजी मोहम्मदपुर थाना क्षेत्र के जैतपुर कॉलोनी में एक एमबीबीएस डॉक्टर ने पिता की लाइसेंसी बंदूक से गोली मारकर आत्महत्या कर ली। मृतक डॉक्टर की पहचान आशुतोष कुमार चंद्र के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक ने एक सप्ताह पहले ही शहर के एक निजी अस्पताल में नौकरी ज्वाइन की थी।

## मुख्यमंत्री ने बक्सर को दी 603 करोड़ की सौगात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शनिवार को बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल से प्रगति यात्रा के दौरान की गई घोषणाओं से संबंधित 603.32 करोड़ की लागत से 19 योजनाओं का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसके अंतर्गत 181 करोड़ 26 लाख की लागत से बक्सर-कोईलवर गंगा तटबंध का सुदृढ़ीकरण, कालीकरण तथा सुरक्षात्मक कार्य, 51 करोड़ 98 लाख की लागत से भोजपुर-सिमरी पथ के 0.00 से 9.30 किलोमीटर तक चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य, 41 करोड़ 52 लाख की लागत से बक्सर गोलंबर से ज्योति चौक पथ भाया बस स्टैंड का चौड़ीकरण, 36 करोड़ 80 लाख की लागत से बड़ी मस्जिद से सेंट्रल जेल तक के पथ का चौड़ीकरण, 13 करोड़ 57 लाख की लागत से भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खां संगीत कालेज, 98.25 करोड़ लागत की दो



लेन धनसोई बाईपास पथ के निर्माण कार्य एवं 32 करोड़ 66 लाख की लागत से स्वास्थ्य केंद्र, भवन, बिजली एवं विकास संबंधी कुल 11 योजनाओं का शिलान्यास तथा 147 करोड़ की लागत से स्वास्थ्य केंद्र, भवन, बिजली एवं विकास संबंधी कुल 12 योजनाओं की उद्घाटन शामिल है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राजपुर प्रखंड परिसर में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों एवं अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। जीविका दीदियों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी बुलंदी के साथ रहिए और आगे बढ़िए। सरकार आपलोगों की हरसंभव मदद कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर स्तर पर काम किया जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आप सभी जीविका दीदियां बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी तरह आप काम करते रहिए और बिहार के विकास में अपना अहम योगदान दीजिए। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल का मुख्यमंत्री ने अवलोकन किया। इस क्रम में मुख्यमंत्री ने 1305 जीविका स्वयं सहायता समूह को 5 करोड़ 60 लाख 70 हजार रुपये का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना/बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत 7 लाख 50 हजार का सांकेतिक चेक, मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना की चाभी, बासगीत पर्चा, मुख्यमंत्री संबल योजना अंतर्गत बैटरी चलित ट्राई साइकिल की चाभी लाभुकों को प्रदान किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, जल संसाधन सह संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, पूर्व मंत्री संतोष कुमार निराला, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक विनय कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार आदि उपस्थित थे।

## जीएसटी सुधार से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत : अश्विनी वैष्णव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में बड़े सुधार की घोषणा कर मध्यमवर्गीय परिवारों को बड़ी राहत दी है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए इस ऐतिहासिक फैसले से न केवल आम लोगों के रोजमर्रा के खर्च घटेंगे बल्कि अर्थव्यवस्था में नई ऊर्जा का संचार होगा। वैष्णव ने बताया कि इससे पहले इनकम टैक्स में सुधार कर 12 लाख रुपये तक की आय पर छूट दी गई थी। अब जीएसटी दरों में कमी और सरलीकरण से हर घर तक राहत पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि रोटी, कपड़ा और मकान जैसी बुनियादी जरूरतों से लेकर टीवी, रेफ्रिजरेटर, मोबाइल, पावर



बैंक और सोलर पैनल जैसे इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों पर टैक्स का बोझ कम किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश की जीडीपी लगभग 330 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें से 202 लाख करोड़ खपत का हिस्सा है। यदि जीएसटी सुधार से खपत में 10 प्रतिशत भी वृद्धि होती है तो करीब 20 लाख करोड़ रुपये की अतिरिक्त जीडीपी उत्पन्न होगी। इससे न केवल उत्पादन और निवेश में बढ़ोतरी होगी बल्कि रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि मध्यमवर्गीय परिवारों के हाथ में अतिरिक्त बचत जाएगी। यह बचत चाहे सेविंग में लगे, नए सामान की खरीद में खर्च हो या निवेश में, तीनों ही गतिविधियां अर्थव्यवस्था को मजबूती देंगी और एक 'पॉजिटिव साइकिल' शुरू होगी। वैष्णव ने यह भी बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र में पिछले 11 वर्षों में उत्पादन 6 गुना और निर्यात 8 गुना बढ़ा है। आज 25 लाख से अधिक लोग इस क्षेत्र में रोजगार पा रहे हैं और मोबाइल फोन से लेकर बैटरी और चिप तक का उत्पादन देश में हो रहा है। सेमीकंडक्टर और एपीआई (फार्मा) मैन्युफैक्चरिंग भी अब भारत में शुरू हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी उद्योग संघों ने उपभोक्ताओं तक जीएसटी राहत का सीधा लाभ पहुंचाने का आश्वासन दिया है। वित्त मंत्री ने भी कहा है कि यदि कंपनियां यह लाभ ग्राहकों को नहीं देंगी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वैष्णव ने जोर देकर कहा कि यह सुधार केवल टैक्स स्ट्रक्चर को सरल बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और आर्थिक वृद्धि की दिशा में एक नया अध्याय है। सरकार और पार्टी जल्द ही चौपालों, जनसभाओं और मीडिया के माध्यम से ग्रामीण और साधारण उपभोक्ताओं तक यह संदेश पहुंचाएगी।

## आठ जिलों की दस सड़क परियोजनाओं को मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष (सीआरआईएफ) योजना के तहत आठ जिलों की 10 सड़क परियोजनाओं की मंज़ूरी दे दी है। बिहार सरकार की अनुशंसा पर स्वीकृत इन परियोजनाओं पर 675 करोड़ खर्च होंगे। इस मद में बिहार को अब तक की सर्वाधिक राशि मिली है। जिन जिले में सड़कों का निर्माण होगा उसमें बक्सर, सारण, नवादा, मधुबनी, भागलपुर, अररिया, पूर्णिया व पूर्वी चम्पारण शामिल है। पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार की आधारभूत संरचना को सुदृढ़ और आधुनिक बनाने के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार संयुक्त रूप से काम कर रही है। इसी क्रम में केंद्रीय सरकार की ओर से करीब 675 करोड़ की राज्य के आठ जिलेकी 10 सड़क परियोजनाओं को मंजूरी दी गयी है। इनमें पथों के मजबूतीकरण और चौड़ीकरण तथा एक पुल निर्माण की योजना शामिल है। यह सभी सड़कें जिले की यातायात व्यवस्था को मजबूत करने में अहम योगदान निभायेगी। साथ ही जिलों के अंदर की सड़क संपर्कता को सुदृढ़ होगी जिससे राज्य के सुदूर क्षेत्र में विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। स्वीकृत परियोजनाओं में 135 करोड़ की लागत से अररिया जिले के जयनगर (भरगामा प्रखंड) से घुरना (नरपतगंज प्रखंड) भारत-नेपाल सीमा तक 30 किलोमीटर सड़क का निर्माण होगा।

## महागठबंधन के साथ झामुमो और रालोजपा लड़ेगी बिहार चुनाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में वोटर अधिकार यात्रा के बाद महागठबंधन की पहली बैठक में बड़ा फैसला लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक पशुपति पारस की राष्ट्रीय लोकजन शक्ति पार्टी (रालोजपा) और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) महागठबंधन के साथ मिलकर बिहार चुनाव लड़ेगी। शनिवार को पटना में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव के सरकारी आवास एक पोलो रोड पर महागठबंधन की बैठक हुई। इसमें बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष राजेश राम, बिहार प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, वीआईपी चीफ मुकेश सहनी समेत कई नेता शामिल हुए। बता दें कुछ दिन पहले तेजस्वी यादव ने पशुपति पारस से मुलाकात की थी। उन्होंने इस बात का जिक्र किया था, जल्द ही रालोजपा और जेएमएम को महागठबंधन में साथ लेने को लेकर सहयोगी दलों से विचार-विमर्श करेंगे। इसके कुछ दिनों बाद आज इस बात पर फैसला लिया गया कि पारस की रालोजपा और सोरेन की झामुमो महागठबंधन के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। इससे पहले हाल में पटना में वोटर अधिकार यात्रा के समापन कार्यक्रम में झारखंड के सीएम और जेएमएम अध्यक्ष हेमंत सोरेन शामिल हुए थे। इन दौरान उन्होंने नीतीश सरकार और मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला था।

## अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो वियतनाम में आइआरसीटीसी ने बढ़ाया वैश्विक प्रभाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** भारत के प्रधानमंत्री ने वर्ष 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष घोषित किया है और आसियान देशों के साथ भारत के सांस्कृतिक, आर्थिक और पर्यटन संबंधों को और सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। यह महत्वपूर्ण घोषणा पर्यटन को लोगों के बीच आपसी जुड़ाव, साझा समृद्धि और भारत व आसियान देशों के बीच मित्रता के बंधन को मजबूत करने का माध्यम मानती है। इस नई पहल के तहत भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को वियतनाम में आयोजित होने वाले प्रतिष्ठित इंटरनेशनल टूरिज़्म एक्सपो वियतनाम 2025 में भारत की भागीदारी आयोजित करने का




दायित्व दिया गया है। यह आयोजन 4 से 6 सितंबर तक सैगॉन एक्ज़िबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर, हो ची मिन्ह सिटी, वियतनाम में आयोजित किया गया जिसमें आईआरसीटीसी के डायरेक्टर राहुल हिमालयन और कई दूसरे प्रतिनिधियों में हिस्सा लिया। आईआरसीटीसी ने यहां एक विशेष आसियान-भारत पैवेलियन स्थापित किया, जिसमें भारत के विविध पर्यटन उत्पाद प्रदर्शित किए गये। इनमें देश की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, आध्यात्मिक एवं वेलनेस पैकेज, प्राकृतिक सौंदर्य, साहसिक गतिविधियां और विश्वस्तरीय लक्ज़री ट्रेनें शामिल हैं। इन ट्रेनों में महाराजा एक्सप्रेस, गोल्डन चैरीअट और बौद्ध सर्किट लक्ज़री एसी ट्रेन आकर्षण के प्रमुख केंद्र रहे। साथ ही आसियान देशों के पर्यटन दृश्य और आकर्षण भी प्रदर्शित किया गया। हो ची मिन्ह सिटी में भारतीय वाणिज्य दूतावास के महावाणिज्यदूत विप्र पांडेय ने इस पैवेलियन का उद्घाटन किया। इस नए सहयोग और 2025 को आसियान-भारत पर्यटन वर्ष के रूप में मनाने की तैयारी के तहत, आईआरसीटीसी ने विदेश मंत्रालय के सहयोग से भारत और आसियान देशों के पर्यटन क्षेत्र के प्रतिनिधियों को पाटा ट्रैवल मार्ट 2025 (बैंकॉक) में एकजुट किया। यह भारत-आसियान सांस्कृतिक और पर्यटन सहयोग के लिए एक नए युग की शुरुआत थी। बैंकॉक स्थित आसियान-भारत पैवेलियन का उद्घाटन थाईलैंड में भारत के राजदूत नागेश सिंह ने किया। उनकी सक्रियता से इस पहल को और अधिक गति मिली। इसके अतिरिक्त 28 अगस्त को थाईलैंड में एक रोड शो भी आयोजित किया गया जिसमें पर्यटन उद्योग से जुड़े प्रमुख प्रतिनिधियों ने भाग लिया और यह कार्यक्रम कार्यक्रम सफल रहा। आईटीई वियतनाम में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आईआरसीटीसी कर रहा है। इसमें भारत के प्रमुख पर्यटन जीएसए, राज्य पर्यटन बोर्ड के अधिकारी **(शेष पृष्ठ 10 पर)**

C M Y K

### एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री, कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

# कमियों को दूर करने की दिशा में की जा रही कार्रवाई : सीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बक्सर/पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बक्सर जिला के राजपुर प्रखंड मुख्यालय में एन0डी0ए0 कार्यकर्ताओं के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि इस कार्यकर्ता संवाद में आप सब लोग उपस्थित हैं। मैं आपका अभिनंदन करता हूं। विगत कई दिनों से जगह-जगह जाकर हम विकास कार्यों का जायजा ले रहे हैं। जो कमियां हैं उसे दूर करने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है।



आज यहां प्रगति यात्रा के दौरान घोषित विकास योजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास और स्थल भ्रमण करने तथा आप सब से बातचीत करने का मौका मिला है। आप सभी अवगत हैं कि पहले की सरकार ने कोई काम नहीं किया, पहले बिहार की स्थिति काफी दयनीय थी। जब 24 नवंबर, 2005 को प्रदेश में एन0डी0ए0 की सरकार बनी, तभी से हमलोग भाजपा-जदयू और एन0डी0ए0 के सभी घटक दल साथ मिलकर बिहार के विकास में निरंतर लगे हुए हैं, राज्य में कानून का राज कायम है। सभी क्षेत्रों में तेजी से विकास हो रहा है। हमलोगों ने शुरू से ही शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान दिया है। राज्य में बड़े पैमाने पर सड़कों, पुल-पुलियों का निर्माण कराया गया है। सात निश्चय के तहत हर घर तक बिजली, हर घर नल का जल, हर घर शौचालय तथा टोलों को पक्की सड़कों से जोड़ने का काम पूरा हो गया है। वर्ष 2020 में सात निश्चय योजना-2 के तहत युवाओं को 10 लाख सरकारी नौकरी एवं 10 लाख रोजगार देने का निश्चय किया गया था। अब तक 10 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी एवं 39 लाख युवाओं को रोजगार दे दिया गया है। विधानसभा चुनाव से पहले 50 लाख से अधिक नौकरी एवं रोजगार दे दिया जायेगा। अब हमलोगों ने तय कर दिया है कि अगले 5 वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी / रोजगार दिया जायेगा। बिहार का बजट लगातार बढ़ रहा है। वर्ष 2005-06 में एन0डी0ए0 की सरकार बनने के समय राज्य का बजट मात्र 28 हजार करोड़ रुपये था जिसे वर्ष 2006-07 में बढ़ाकर 34 हजार करोड़ रुपये किया गया। यह बजट लगातार बढ़ते-बढ़ते अब 3 लाख 16 हजार करोड़ रुपये से अधिक का हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल ही में कुछ नये निर्णय लिये गये हैं। सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत सभी वृद्धजनो, दिव्यांगजनों और विधवा महिलाओं को मिलने वाली पेंशन की राशि 400 रुपये से बढ़ाकर 1100 रुपये कर दिया गया है। इससे 1 करोड़ 12 लाख लोगों को फायदा हो रहा है। पहले बिहार में बिजली की क्या स्थिति थी, यह आप सभी को पता है। राजधानी पटना में अधिकतम 8 घंटे ही बिजली की आपूर्ति हो पाती थी। हमलोगों ने बिजली सुधार की दिशा में काफी काम कराया। वर्ष 2018 में हर घर बिजली पहुंचा दी गयी। सरकार द्वारा शुरू से ही बहुत सस्ती दर पर बिजली दी जाती थी। अब लगभग सभी घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली मुफ्त दी जा रही है। सरकार की तरफ से सभी इच्छुक लोगों के घरों पर सोलर लगाये जायेंगे। इससे काफी फायदा मिलेगा।

## एनआइए ने किया खालिस्तानी आतंकी को गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी/गयाजी।** जिले में शुक्रवार देर शाम एनआईए की टीम ने शेरघाटी पुलिस की मदद से खालिस्तान समर्थक एक आतंकी को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आतंकी हरियाणा का रहने वाला है। एनआईए की टीम आतंकी को अपने साथ ले गई है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आतंकी की पहचान सरनजीत कुमार के रूप में हुई है। बताया गया कि चंडीगढ़ एनआईए की टीम लंबे समय से उसकी तलाश में थी। आतंकी ट्रक ड्राइवर बनकर अलग-अलग रूट पर सफर करता था। सफर के दौरान अक्सर किसी लाइन होटल में उतर जाता था। एनआईए को इसी पैटर्न की ठोस जानकारी मिली तो शेरघाटी थाना क्षेत्र में अपना जाल बिछाया। जांच एजेंसी को उसके मूवमेंट और 3 ठिकाने का इनपुट मिला। इसके बाद पूरी तैयारी के साथ ऑपरेशन को अंजाम दिया गया। एनआईए ने शेरघाटी पुलिस से लोकल सपोर्ट मांगा। पुलिस टीम ने सहयोग करते हुए गोपालपुर के पास स्थित एक लाइन होटल के करीब से आतंकी को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई की पुष्टि एएसपी शैलेन्द्र सिंह ने की है। एएसपी ने कहा कि एनआईए ने लोकल सपोर्ट मांगा था जिसके बाद शेरघाटी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने अपनी टीम के साथ ऑपरेशन में हिस्सा लिया। इंस्पेक्टर अजीत के अनुसार आतंकी हरियाणा के किस जिले या गांव का रहने वाला है, इसकी जानकारी एजेंसी ने साझा नहीं की है। खालिस्तान नेटवर्क से जुड़े आतंकियों की तलाश में एनआईए लगातार कई राज्यों में छापेमारी कर रही है।

## खादी मॉल सह अर्बन हाट का निर्माण शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार के उद्योग विभाग ने दरभंगा जिले के सरमोहनपुर में खादी मॉल सह अर्बन हाट के निर्माण की शुरुआत कर दी है। यह प्रोजेक्ट लगभग 29.31 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया जा रहा है और इसे डेढ़ साल के भीतर पूरा करने का लक्ष्य तय किया गया है। सबसे खास बात यह है कि इस खादी मॉल में खादी एक्सपीरिएंशल सेंटर भी बनाया जाएगा। इसका निर्माण बिहार राज्य खादी ग्रामोद्योग बोर्ड की करीब पांच एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। निर्माण स्थल का हाल ही में आयडा के पदाधिकारियों ने निरीक्षण भी किया। वर्तमान में बिहार में पटना और मुजफ्फरपुर में खादी मॉल संचालित हो रहे हैं जबकि पूर्णिया में निर्माण कार्य जारी है। ऐसे में दरभंगा में बन रहा यह मॉल एक अलग पहचान बनाएगा क्योंकि यहां अर्बन हाट और खादी एक्सपीरिएंशल सेंटर दोनों का समावेश होगा। इस परियोजना के पूरा होने पर स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी खुलेंगे। अनुमान है कि इस मॉल के निर्माण हो जाने से सीधे तौर पर 250 से अधिक लोगों को रोजगार मिलेगा जबकि अप्रत्यक्ष रूप से एक हजार से अधिक लोग लाभान्वित होंगे।

परियोजना के तहत इस परिसर में एक रूफ टॉप रेस्टोरेंट, तालाब का सौंदर्यीकरण, अर्बन हाट मेमोरियल, फूड कोर्ट और आधुनिक बिल्डिंग का निर्माण होगा। खादी मॉल में स्थानीय उद्यमियों और कारीगरों को अपनी दुकान लेकर उत्पाद बेचने की सुविधा मिलेगी। साथ ही, मॉल प्रबंधन भी स्थानीय उत्पादकों से खादी सामग्री खरीदकर उसकी बिक्री करेगा। खादी वस्त्रों के साथ-साथ इस मॉल में स्थानीय स्तर पर बनी कलाकृतियों, पेंटिंग और हस्तशिल्प को भी बाजार उपलब्ध कराया जाएगा। इससे जहां खादी उत्पादों की खपत बढ़ेगी, वहीं स्थानीय कलाकारों और कारीगरों को भी अपने हुनर को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का मंच मिलेगा।

## महिला शिक्षिका के अपमान पर भाजपा-जेडीयू की सरकार को शर्म आनी चाहिए : राजेश राम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने जारी एक वक्तव्य में बताया कि जहानाबाद की घटना ने बिहार की आत्मा को आहत किया है। 4 सितम्बर 2025 को भाजपा-जेडीयू द्वारा आयोजित बंद के दौरान एक महिला शिक्षिका जो केवल अपने कर्तव्य पालन हेतु विद्यालय जा रही थीं, उन्हें बीच सड़क पर रोका गया, गाली-गलौज और अभद्र व्यवहार किया गया। यह घटना बिहार की आधी आबादी पर सीधा हमला है, लेकिन इससे भी शर्मनाक यह है कि पीड़िता महिला शिक्षिका की सुरक्षा और सम्मान की रक्षा करने के बजाय, जिला शिक्षा पदाधिकारी ने उसी शिक्षिका को नोटिस थमा दिया और उल्टा दोषी



ठहराने की कोशिश की। यह मानसिक प्रताड़ना और महिला अस्मिता के प्रति घोर असंवेदनशीलता है। यह घटना भाजपा-जेडीयू के चरित्र को उजागर करती है जो महिलाओं के सम्मान और शिक्षा दोनों के विरोधी हैं। शिक्षिका पर कार्रवाई करना न केवल समूचे शिक्षक जगत के साथ अन्याय है बल्कि यह बिहार की संस्कृति और गौरव का भी अपमान है। सरकार को तत्काल शिक्षिका को प्रताड़ित करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करनी चाहिए और जिला शिक्षा पदाधिकारी का पत्र वापस लेकर शिक्षिका से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। बिहार कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने आगे कहा है कि बिहार की बेटियों और महिलाओं के सम्मान से खिलवाड़ करने वालों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। भाजपा-जेडीयू की सरकार महिला विरोधी, शिक्षा विरोधी और संस्कृति विरोधी है। यह सरकार शिक्षिका को पढ़ाने से रोकने वालों के साथ खड़ी है और पढ़ाने वाली शिक्षिका को ही दोषी बना रही है। यह कायरता है और हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं।

## जमुई में ट्रकों से अवैध वसूली करते चार अपराधी गिरफ्तार

### जमुई एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर की कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जमुई जिले के गिद्धौर थानांतर्गत जमुई के पुलिस अधीक्षक को एक गुप्त सूचना मिली कि गिद्धौर थाना क्षेत्र में कुछ लड़कों द्वारा वहां से गुजर रहे ट्रकों से अवैध वसूली की जा रही है। पुलिस के द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए इस गिरोह के चार अपराधियों को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया गया जिसमें एक विधि-विरुद्ध बालक भी शामिल है जो ट्रक चालकों को डरा-धमका कर पैसों की वसूली कर रहा था। पूछताछ के क्रम में पुलिस को पता चला कि ब्लू रंग की मारूति कार पर गलत रजिस्ट्रेशन नंबर बीआर-01/पीएम 3588 लगाकर ये लोग रात्रि में वाहनों से अवैध वसूली करते हैं। छापेमारी में गिरफ्तार अपराधियों में दो का आपराधिक इतिहास का भी पता चला है। गिरफ्तार किये गए रितेश कुमार के खिलाफ गरही और तेतरहाट थाने में बिहार मद्य निषेध और उत्पाद अधिनियम के तहत दो मामलों के अलावा एक आपराधिक मामला भी दर्ज है जबकि एक अन्य अभियुक्त की पहचान नीतीश राज उर्फ विक्की के रूप में हुई है। विक्की के खिलाफ भी जमुई नगर थाना में आपराधिक केस दर्ज है। पुलिस ने इस वसूली गिरोह के पास से पांच मोबाइल फोन, एक मारूती सुजूकी एक्सएल-6 कार, सोने की चेन व अंगूठी बरामद की है।

## पटना डीएम ने आइएसबीटी मेट्रो स्टेशन से अतिक्रमण हटाने का दिया निर्देश

### कहा- सभी मेट्रो स्टेशनों पर पार्किंग स्पेश सुनिश्चित की जाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना के जिला पदाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने शनिवार को अपनी टीम के साथ पटना मेट्रो प्रायोरिटी कॉरिडोर का विस्तृत निरीक्षण किया। इस अवसर पर नगर विकास एवं आवास विभाग की संयुक्त सचिव सह पटना मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की अपर प्रबंध निदेशक अभिलाषा शर्मा भी मौजूद थी। निरीक्षण का प्रारंभ पटना जीरो माइल मेट्रो स्टेशन से हुआ जहां पर पार्किंग एरिया और यात्री सुविधाओं का दोनों पदाधिकारियों ने अपनी टीम के साथ जायजा लिया गया। इसके बाद दल ने आईएसबीटी मेट्रो स्टेशन का निरीक्षण किया जहां अतिक्रमण की समस्या एवं एप्रोच रोड की स्थिति पर चर्चा की गई। इसके उपरांत भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर भीड़ नियंत्रण और यात्रियों के प्रवेश व निकास से संबंधित व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। अंत में मेट्रो डिपो जाकर रोलिंग स्टॉक एवं संचालन संबंधी तैयारियों की दोनों ने जानकारी प्राप्त ली। निरीक्षण के दौरान पटना के जिलाधिकारी त्यागराजन एस.एम. ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी स्टेशनों पर पर्याप्त और व्यवस्थित पार्किंग स्पेस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही उन्होंने मेट्रो स्टेशन के आसपास के क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने हेतु त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी मेट्रो स्टेशन पर यात्रियों की संख्या बढ़ने पर भीड़ प्रबंधन की ठोस रणनीति अपनाई जाए। त्यागराजन और अभिलाषा शर्मा ने कहा कि उपरोक्त व्यवस्थाओं के पूर्ण होने के बाद पटना मेट्रो से जल्द ही जनता को सुरक्षित, आधुनिक और सुविधाजनक परिवहन विकल्प के रूप में उपलब्ध कराया जा सकेगा। सरकार का लक्ष्य है कि पटना मेट्रो हर यात्री को एक आरामदायक, सुरक्षित और सुगम यात्रा अनुभव प्रदान करे।

## गया ओटीए ने देश को दिए 23 महिला व 184 पुरुष सैन्य अधिकारी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गया के अफसर प्रशिक्षण अकादमी से शनिवार को पासिंग आउट परेड के बाद राष्ट्र को 207 सैन्य अधिकारी मिले। शार्ट सर्विस कमीशन टेक्निकल पुरुष के 184 एवं 23 महिला कोर्स की दूसरी पासिंग आउट परेड के बाद नवीनतम सैन्य अधिकारी बनकर भारतीय सेना में शामिल हुए हैं। पासिंग आउट परेड का मुख्य आकर्षक कैडेट्स का अंतिम पग रहा जो उनके सैन्य जीवन की नई यात्रा का प्रतीक है। इनमें 184 ऑफिसर कैडेट्स एसएससी टेक्निकल मेन-63 कोर्स से तथा 23



वीमेन आफिसर कैडेट्स एसएससी टेक्निकल वीमेन 34 कोर्स से सफलतापूर्वक पासिंग आउट हुए। इस ऐतिहासिक अवसर पर अकादमी परिसर में अनुशासन, शौर्य और गौरव की अद्वितीय संगम देखने को मिला। लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्या सेन गुप्ता जनरल आफिसर कमांडिंग इन चीफ सेंट्रल कमांड परेड के रिव्यूइंग आफिसर थे। परेड में प्रदर्शित ऑफिसर कैडेट्स की दक्ष, सटीक और सामंजस्यपूर्ण ड्रिल मूवमेंटस ने उपस्थित सभी दर्शकों के हृदय में गहन गर्व की भावना उत्पन्न की। पासिंग आउट परेड कमांडर पियूष डिमरी थे। रिव्यूइंग ऑफिसर ने उन ऑफिसर कैडेट्स को पदक प्रदान किए, जिन्होंने अपने प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि ने प्रशिक्षण के दौरान सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण प्रदर्शन करने वाले बटालियन अंडर आफिसर कुलथे ध्रुव को स्वार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। उन्हें नौ ग्रेनेडियर्स में कमीशन प्राप्त हुआ। अकादमी कैडेट एडजुटेंट मोनू कुमार को ओवर ऑल ऑर्डर ऑफ मेरिट में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया।

## पार्सल कार्यालय में भारी मात्रा में शराब जब्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** वाराणसी रेलवे स्टेशन में माफियाओं ने पार्सल द्वारा शराब की खेप बिहार भेजने के लिए बजाप्ता बुकिंग करा लिया था, लेकिन गुप्त सूचना मिलते ही पार्सल कार्यालय में पैकेजों की जांच की गई तो भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई। इस मामले की जांच में अबतक जो बातें सामने आई है, वो ये कि फर्जी दस्तावेज तैयार कर इसकी (शराब) बुकिंग कराई गई थी। इस तरह की घटना के बाद गया जंक्शन के पार्सल कार्यालय में सख्ती बरती जा रही है। शनिवार को डीडीयू मंडल के एसीएम अरविंद कुमार गया जंक्शन के पार्सल कार्यालय पहुंचे। यहां बुकिंग से आए पैकेजों की रैंडम जांच की। रेलवे सूत्रों ने बताया कि वाराणसी की घटना को लेकर डीडीयू मंडल द्वारा सख्ती बरती जा रही है। बता दें इसके पहले गया जंक्शन के पार्सल कार्यालय द्वारा निर्गत किए जा चुके एक लीजिंग कंपनी के द्वारा मंगवाए गए पैकेजों में शराब भी थे जिसकी सूचना मिलते ही तत्कालीन आरपीएफ पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी अजय प्रकाश के नेतृत्व में एक टीम ने गया जी के कोतवाली थाना के तुतवाड़ी मोहल्ले में संचालित गोदाम में छापेमारी की गई थी जहां से भारी मात्रा में शराब पकड़ी गई थी।

### अपसा ने किया 7 वां शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

## चार सौ शिक्षकों को मिला अपसा शिक्षा रत्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** अन एडेड प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन (अपसा) के तत्वावधान में 7 वां शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन स्थानीय रवींद्र भवन में किया गया। समारोह का उद्घाटन राज्य सभा सांसद सह राष्ट्रीय लोक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उपेन्द्र कुशवाहा के कर कमलों द्वारा किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन, पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति के सी सिन्हा, डीपीओ, पटना कुमकुम पाठक, मिनर्वा इडुवेन्चर्स के जयंत भट्टाचार्या के साथ विशिष्ट अतिथि डॉ. अरुण



कुमार (राष्ट्रीय अध्यक्ष - सायंस फॉर सोसायटी, बिहार), नागमणि कुशवाहा (राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिल भारतीय कुशवाहा समाज, भारत), युवा शिक्षाविद् दीपक प्रकाश (निदेशक - सिविल्स फोड़ो) उपस्थित रहे। सभा को संबोधित करते हुए उद्घाटनकर्ता उपेन्द्र कुशवाहा ने निजी विद्यालय शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए संगठन की प्रशंसा करते हुए कहा कि अपसा संगठन की सोच बहुत ही सराहनीय है। डीपीओ कुमकुम पाठक ने सभी निजी विद्यालयों को विभागीय मदद की बात कही। विशिष्ट अतिथि नागमणि कुशवाहा ने संगठन द्वारा किए जा रहे विभिन्न कार्यों की बात करते हुए कहा कि अपसा के द्वारा शिक्षकों की इस तरह से सम्मानित कर घर-घर में शिक्षा की ज्योत जलाने में मदद मिलेगा। विशिष्ट अतिथि दीपक प्रकाश ने घोषणा किया कि अपने शिक्षण संस्थान के माध्यम से निजी विद्यालय की छात्र- छात्राओं को स्कालरशिप की व्यवस्था करुंगा। शिक्षक सम्मान समारोह में राज्य की विभिन्न निजी विद्यालयों से आये लगभग 400 शिक्षकों को अपसा शिक्षा रत्न से सम्मानित किया गया। सभी शिक्षक - शिक्षिकाओं को मोमेंटो और सम्मान पत्र प्रदान किया गया। समारोह की अध्यक्षता संगठन अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार झा के द्वारा किया गया।

## ट्रांसफर- पोस्टिंग को लेकर हड़ताल खत्म, लिपिक लौटे काम पर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** लंबे समय से ट्रांसफर और पोस्टिंग की मांग को लेकर हड़ताल पर गए लिपिक शनिवार से अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आए हैं। काम पर लौटते ही विभिन्न सरकारी कार्यालयों में कार्यों की रफ्तार तेज होने लगी है जिससे आम लोगों को राहत मिलेगी। बताते चलें कि लिपिक 9 अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर थे। हड़ताल के दौरान कार्यालयों में कामकाज लगभग ठप हो गया था और लोगों को अपने जरूरी कार्यों के लिए भटकना पड़ रहा था। कई दिनों तक रुके हुए फाइलों का निस्तारण नहीं हो पा रहा था। अब लिपिकों के लौटने से कार्यालयों में लंबित काम निपटाए जाने की प्रक्रिया तेजी से शुरू हो जाएगी। लिपिक संघ के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनकी प्रमुख मांग दूसरे जिलों में निष्पक्ष ट्रांसफर और समय पर पोस्टिंग सुनिश्चित करना था। उन्होंने कहा कि प्रशासन को इस संबंध में ध्यान देना चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। उधर, आम लोगों और कर्मचारियों ने लिपिकों के लौटने पर राहत की सांस ली है। अब कार्यालयों में पहले की तरह कामकाज सुचारू रूप से चलने की उम्मीद जताई जा रही है। प्रशासनिक सूत्रों का कहना है कि लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने का निर्देश दिया गया है। वही काम पर लौटते ही कर्मियों ने एसडीओ मनीष कुमार को बुके देकर स्वागत किया।

## पितृपक्ष मेला में ड्रोन से सफाई निगरानी व थ्रेस बोट से घाटों व नदियों की सफाई शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले में 21 सितंबर तक चलने वाला पितृपक्ष मेला इस बार पूरी तरह हाईटेक सुविधाओं से लैस है। नगर निगम ने इस बार मेला क्षेत्र में सफाई, प्रकाश व जलापूर्ति व्यवस्था को आधुनिक तकनीकी से जोड़ा है। पूरे मेला क्षेत्र को एप से मॉनिटरिंग, ड्रोन से सफाई निगरानी, महाकुंभ के तर्ज पर थ्रेस बोट से फल्गू नदी की सफाई, वेदियों पर विशेष पेंटिंग व आकर्षक रोशनी से सजाया गया, पार्क, क्लोक टॉवर सहित कई कुण्डों की सौंदर्यीकरण सहित अन्य हाईटेक व्यवस्थाओं को लेकर बड़े स्तर पर इंतजाम किए हैं। गयाजी में लाखों पिंडदानियों के आने वाले के लिए पहली बार कई कामों पर विशेष फोकस करते हुए बेहतर सुविधा व स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए नगर निगम के नगर आयुक्त कुमार अनुराग स्वंय मॉनिटरिंग के साथ विशेष सुविधाओं की मजबूत व्यवस्था करायी है। नगर आयुक्त ने बताया कि जिला पदाधिकारी शशांक शुभांकर स्वयं एक एक चीजों की मॉनिटरिंग कर रहे है एवं चीजों को बेहतर करने के लिए लगातार दिशा निर्देश दे रहे हैं। साथ ही निगम बोर्ड के सभी सदस्य भी लगातार सहयोग कर रहे हैं। पितृपक्ष मेले में नगर निगम ने इस बार श्रद्धालुओं की सुविधाओं लिए व्यापक इंतजाम हैं। इस बार साफ सफाई की निगरानी ड्रोन से होंगे, एप और लोकेशन से सफाईकर्मी की दर्ज उपस्थिति होगी। मेला क्षेत्र में कार्यरत सभी सफाईकर्मी ड्रेस कोड एवं आईडी कार्ड के साथ में रहेंगे। नगर आयुक्त कुमार अनुराग ने बताया कि नई व्यवस्था इस पितृपक्ष मेले में की गई है, जो पूर्व वर्षों में कभी नहीं की गई जिसमें सफाई व्यवस्था में पहली बार नदी की सफाई ट्रैश बोट से की जा रही है। यह ट्रैश बोट रिमोट से संचालित होता है और एक बार में 300 से 400 किलो कचरा संग्रहण कर सकता है। ड्रोन से मंदिर क्षेत्र एवं ऐप के माध्यम से मॉनिटरिंग सभी सफाई कर्मियों की जा रही है। इसके लिए डेडीकेटेड नियंत्रण कक्ष भी इस बार बनाया गया है। शौचालय व्यवस्था में दो नए पिंक टॉयलेट का अधिष्ठान कराया गया है। एक विष्णुपद पार्किंग के प्रांगण में एवं एक गांधी मैदान में। सीतापथ एवं विष्णुपथ मिला कर 4 नए प्री फैब्रिकेटेड टॉयलेट का अधिष्ठान किया गया है। साथ ही ब्रह्मसत्त एवं वैतरणी तालाब में भी स्थाई शौचालय एवं चेंजिंग रूम का निर्माण कराया गया है। पिछले वर्ष तक यहां अस्थाई मोबाइल टॉयलेट लगाया जाता था।

## ब्रह्मचर्य धर्म के पालन से शरीर दृढ़ एवं ज्ञान की वृद्धि



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** दस दिवसीय दसलक्षण पर्व के अंतिम एवं दसवें दिन पटना के मीठापुर, कदमकुआं, मुरादपुर, कमलदह मंदिर, काली बीबी का कटरा, गुरारा जैन सहित सभी दिगम्बर जैन मंदिरों में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा की गयी। भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा की गयी। एम पी जैन ने बताया कि कदमकुआं स्थित श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में ब्रह्मचारी मनीष भैयाजी ने महापर्व पर्यूषण के दसवें अंतिम दिन उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की संगीतमय पूजा कराई। पूजा को संगीत से पिरो रहे हैं फिरोजपुर से पधारे संगीतकार सैंकी जैन एवं उनका ग्रुप। वहीं मीठापुर मंदिर में श्रावकों को उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की पूजा कराते हुए पंडित मुन्ना जी जैन ने बताया कि ब्रह्मचर्य शब्द का अर्थ है संसार के इन्द्रियों के विषय और कषायों (बुरी आदतें) के साथ तन के राग का त्याग कर अपनी ब्रह्म स्वरुप आत्मा में रमण करना ही उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म है।

## पीडीएस दुकान में छापेमारी, 37 क्विंटल अनाज कम मिला, मुकदमा दर्ज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** प्रखंड क्षेत्र के कुश बीजा पंचायत में जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) की दुकान पर बड़ी कार्रवाई की गई। अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार के निर्देश पर की गई छापेमारी में गोडाउन से 37 क्विंटल अनाज कम पाया गया। इस अनियमितता के उजागर होने के बाद एसडीओ के आदेश पर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी द्वारा संबंधित डीलर कुशा बीजा के डीलर अर्जुन दास के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई है। जांच के दौरान एसडीओ मनीष कुमार स्वयं उपस्थित रहे और उन्होंने पीडीएस दुकानों पर जाकर राशन के स्टॉक की बारीकी से पड़ताल की। साथ ही पीओएस मशीन के रिकॉर्ड और वितरण पंजी का




मिलान भी किया गया। इस दौरान कई गड़बड़ियां सामने आई जिससे यह स्पष्ट हुआ कि लाभुकों तक निर्धारित मात्रा में अनाज नहीं पहुंच रहा था। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि गरीब और जरूरतमंद लोगों तक अनाज की आपूर्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकता है, लेकिन कुछ डीलर इसमें हेराफेरी कर नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी, दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। इस छापेमारी से क्षेत्र के पीडीएस डीलरों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कार्रवाई का स्वागत किया और उम्मीद जताई कि आगे से उन्हें समय पर और पूरी मात्रा में राशन मिल सकेगा।

# मंत्री मोहम्मद जमा खान ने किया भाड़ा खाड़ में पुल का शिलान्यास

## ग्रामीणों का 50 साल पुराना सपना पूरा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** चैनपुर विधानसभा क्षेत्र के भगवानपुर प्रखंड अंतर्गत पंचायत टोड़ी स्थित सुअरा नदी के भाड़ा खाड़ पर लंबे समय से प्रतीक्षित पुल का शिलान्यास शनिवार को बिहार सरकार के मंत्री मोहम्मद जमा खान ने किया। भारी बारिश के बीच वे दो किलोमीटर तक ट्रैक्टर से सफर कर मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मौजूदगी में शिलान्यास कार्यक्रम सम्पन्न कराया। करीब 4 करोड़ 44 लाख रुपये की लागत से बनने वाला यह पुल 160 फीट लंबा और 24 फीट चौड़ा होगा। यह न केवल क्षेत्र में संरचनात्मक विकास का प्रतीक बनेगा, बल्कि आसपास के कई गांवों में नई ऊर्जा का संचार करेगा। इस पुल के बनने से भगवानपुर, टोड़ी, परमालपुर, खिरी, बसंतपुर, सुगीयापोखर, मोहनपुर समेत दर्जनों गांव सीधे संपर्क में आ जाएंगे। अब तक नदी पार करने और आवागमन में जो कठिनाइयां ग्रामीणों को झेलनी पड़ती थीं, वे खत्म हो जाएंगी। इससे सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी। पिछले 50 वर्षों से इस पुल का सपना देख रहे ग्रामीणों ने शिलान्यास को ऐतिहासिक क्षण बताया और सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह पुल न केवल दूरी कम करेगा बल्कि विकास की नई राह खोलेगा। शिलान्यास समारोह में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे और इस परियोजना के लिए मंत्री मोहम्मद जमा खान को शुभकामनाएं दीं। ग्रामीणों ने कहा कि यह पुल चैनपुर क्षेत्र में नए बदलाव की नींव साबित होगा।

### रोड किनारे बर्तन धो रही बच्ची को देख डीएम पहुंची बच्ची के पास

## सोमवार तक बच्ची का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित कर रिपोर्ट दें डीईओ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** रोहतास के कोचस में निरीक्षण करने पहुंचीं जिला पदाधिकारी उदिता सिंह ने सड़क किनारे एक छोटी बच्ची को बर्तन धोते देखा। देखने के तुरंत बाद जिलाधिकारी बच्ची के पास पहुंचीं और अपनत्व के साथ बातचीत की। बच्ची की परेशानी सुनने के बाद जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि बच्ची का नामांकन हर हाल में विद्यालय में कराया जाएगा ताकि उसका भविष्य संवर सके और उसे पढ़ाई का पूरा अवसर मिले सके। जिला पदाधिकारी ने मौके पर ही जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सोमवार तक बच्ची का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित कर रिपोर्ट दें। जिला पदाधिकारी की इस कार्य की भूरी-भूरी प्रशंसा की जा रही है।

# थाना के सामने जब्त ट्रक को चोरी कर ले जाने वाला गाड़ी मालिक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** कैमूर जिले के रामगढ़ पुलिस ने थाने के सामने से खड़ी गिट्टी लदे हाइवा ट्रक चोरी करने के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है और हाइवा ट्रक भी जब्त कर लिया है। गाड़ी अवैध गिट्टी परिचालन को लेकर थाना द्वारा जब्त किया गया था जिस पर लगभग 8 लाख रुपए का फाइन लगाया गया था। जुर्माने की राशि से बचने को लेकर गाड़ी मालिक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर 4 अगस्त की रात लगभग 2:30 बजे गाड़ी को थाना के सामने से ही चोरी कर लिया था। पुलिस को 1 घंटे के बाद घटना की जानकारी हुई जिसके बाद खोजबीन शुरू किया, 24 घंटे के अंदर उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के जंगल से ट्रक को बरामद करते हुए इस घटना में शामिल ट्रक मालिक सहित कुल चार अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। मोहनियां डीएसपी ने बताया कि रामगढ़ थाना द्वारा जब्त 18 चक्का हाइवा को 4 अगस्त 2025 को थाना के सामने से चोरी कर दी गई थी। एसआईटी टीम के द्वारा मानवीय तकनीकी साक्ष्य के आधार पर 24 घंटा के अंदर चोरी की गई हाइवा ट्रक और जितने भी अभियुक्त शामिल थे सबको गिरफ्तार कर लिया गया है। बिना चालान का ओवरलोड गिट्टी इस पर लोड था इस मामले में जब्त की गई थी। गाड़ी मालिक चालक और एक अन्य अभियुक्त के द्वारा इसकी चोरी की गई थी जिसमें सभी की गिरफ्तारी हुई है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हुआ था। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला के पहाड़ी इलाका में जंगल के पास छुपा कर रखा गया था जहां से इसे बरामद किया गया है। गाड़ी मालिक द्वारा पहले भी इस तरह की घटना को अंजाम दिया गया था। सोनभद्र जिला से इनका अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त गुड्डू यादव, कमलेश यादव, दुर्गावती थाना क्षेत्र के छाव गांव के रहने वाले हैं। विशाल सिंह उर्फ अभिषेक सिंह जो चंदौली जिले का रहने वाला है। पहले गिरफ्तारी दुर्गावती थाना क्षेत्र के छांव से की गई है। उसकी निशानदेही पर अन्य व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई है। इनके पास से 18 चक्का हाइवा 35000 नगद रुपया, तीन मोबाइल और गाड़ी की दो चाबी बरामद की गई है। इन लोगों द्वारा रात्रि में घटना को अंजाम दिया गया था। लगभग 8 लाख का फाइन इस पर था। उसी से बचने को लेकर इन लोगों ने किया था। चोरी के एक घंटा बाद घटना जानकारी पुलिस को हुई।

## भाईचारे का पैगाम देता है ईद : डॉ सचिन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** ईद का अर्थ 'उत्सव' तथा मिलाद का अर्थ 'जन्म' है। अतएव ईद-ए-मिलाद के रूप में जाना जानेवाला दिन मिलाद-उन-नबी पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के रूप में मनाया जाता है। उक्त बातें जिला के प्रख्यात सर्जन तथा बिहार भाजपा कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. सचिन कुमार सिंह ने शहर में बीते शुक्रवार की देर शाम ईद-मिलादुन्नबी की निकली जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ईद-मिलादुन्नबी का दिन सिर्फ जश्न का ही नहीं, बल्कि रूह को पाक करने का भी है।

# शांतिपूर्ण निकला मोहम्मद पैगंबर साहब का जुलूस

## एसडीएम और एएसपी ने भी किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला।** रोहतास जिला के अकोढ़ीगोला प्रखंड सह थाना क्षेत्र में प्रखंड विकास पदाधिकारी रवि रंजन के नेतृत्व में 'मोहम्मद पैगंबर साहब' की जयंती की उपलक्ष्य में जुलूस निकाला गया। तेज तर्रार थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने कमान संभालते हुए रूट चार्ट के अनुसार अकोढी रोड, डिहरी रोड, चांदी रोड, राजपुर रोड होते हुए समापन कराया। मोहम्मद पैगंबर साहब ने ही इस्लाम धर्म का प्रचार किया था। इस दिन को ईद मिलादुन्नबी भी कहा जाता है। कुरान खानी और मिलाद का कार्य अगले दिन करते हैं और सिरनी का भी



वितरण किया जाता है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी प्रणव कुमार, जदयू नेता अशोक चंद्रवंशी, धर्मेंद्र चौधरी, परवेज आलम, निजाम हुसैन, कलामुद्दीन, लल्लू अंसारी, रुस्तम अंसारी, फिरोज आलम, शमसुद्दीन, रहीम, महफूज आलम, मिरहसन अंसारी, डॉक्टर एस आलम, रिंकू आलम, राज यादव, दीपक यादव, शशि यादव सहित सैकड़ों की संख्या में दोनों समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# 64 लीटर शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन पर निरीक्षक प्रभारी रामविलास राम के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोज कुमार, सहायक उपनिरीक्षक जे पी चतुर्वेदी, आरक्षी सर्वोदय पासवान, आरक्षी अभिमन्यु सिंह सभी रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डिहरी ऑन-सोन एवं सीआईबी रेलवे सुरक्षा बल गया के सहायक उप निरीक्षक अनिल कुमार चौधरी, आरक्षी नवीन पांडे तथा स्थानीय थाना डिहरी के अवर निरीक्षक अकेला सोनी साथ स्टाफ ने संयुक्त रूप से रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन प्लेटफार्म संख्या 01 पर गश्त के दौरान ऊपरगामी पुल के नीचे तीन शराब तस्करों को 64 लीटर 250 मिलीलीटर अंग्रेजी शराब जिसका अनुमानित कीमत 46,910 रुपए है के साथ पकड़ा गया जिसे मौके की सभी आवश्यक कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही वास्ते स्थानीय थाना नगर डिहरी को सुपुर्द किया गया।

# आरपीएफ ने नाबालिग बच्चे को चाइल्ड लाइन को किया सुपुर्द



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** सहायक उप निरीक्षक जे पी चतुर्वेदी साथ में आरक्षी शैलेश कुमार रेलवे स्टेशन डिहरी ऑन-सोन में गश्त कर रहे थे। इस दौरान प्लेटफार्म संख्या तीन के पूर्वी छोर के पास एक नाबालिक लड़का जिसका उम्र करीब 10 वर्ष को अकेले इधर-उधर घूमते हुए दिखाई दिया जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम आयुष कुमार पिता स्वर्गीय सत्यनारायण गोड पता- महाराजपुर थाना -देवधारी जिला-साहिबगंज झारखंड बताया एवं बताया कि हम घर से भुलाकर यहां आ गए हैं। बच्चे को लेकर रेसुब पोस्ट डिहरी ऑन-सोन में लाकर स्वतंत्र माहौल में सुरक्षित रखा गया तथा सूचना चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर दिए। सूचना पर चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर संजीत कुमार सागर रेसुब पोस्ट पर आए एवं उक्त नाबालिक लड़का आयुष कुमार से पूछताछ कर काउंसलिंग किया। बाद में उक्त नाबालिक लड़का आयुष कुमार को उसके उज्ज्वल भविष्य एवं सुरक्षित माता-पिता के पास पहुंचाने हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन सासाराम के केस वर्कर संजीत कुमार सागर को सही सलामत फोटोग्राफी करते हुए सुपुर्द किया गया।

# ताड़ के पेड़ पर गिरी आकाशीय बिजली, जला ट्रांसफार्मर




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नगर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग के न्यू डिलिया में शनिवार शाम एक ताड़ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरने से आग लग गई। ट्रांसफार्मर भी जल गया। स्थानीय निवासियों के अनुसार तीन बजे दिन से गरज के साथ हो रही बारिश के बाद पेट्रोल पंप के पास ताड़ के पेड़ पर आकाशीय बिजली गिरा जिससे पेड़ में आग लग गई। ट्रांसफार्मर भी जल गया जिससे इलाके में अंधेरा छा गया। अग्निशमन कर्मियों को लगभग एक घंटे आग बुझाने में लगे। वर्षा के कारण लोगों के घरों में रहने से जान माल का नुकसान नहीं हुआ।

# बुद्धा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन

## लाइब्रेरी में निर्धन छात्रों से नहीं लिया जाएगा शुल्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अकोढ़ीगोला (रोहतास)।** डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आयर कोठा बाजार के समीप डिहरी रोड में बुद्धा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन हुआ। लाइब्रेरी का उद्घाटन लकवा अस्पताल मौडीहा के चिकित्सक स्वर्गीय कन्हैया पंडित की पत्नी व डॉक्टर मनोज पंडित की माता दुलारी देवी ने फीता काट कर किया। उद्घाटन के समय दुलारी देवी ने भावुक होते हुए कहा कि मेरे पति का सपना था कि इस क्षेत्र के लोगों को शिक्षा और स्वास्थ्य में बेहतर सुविधा मिले इसको लेकर जहां मौडीहा में अस्पताल खोला गया वहीं आज शिक्षा के क्षेत्र में छात्र-छात्राओं के सुविधा को लेकर डिजिटल लाइब्रेरी खोला गया है जहां पर सभी छात्र-छात्राएं पढ़ेंगे और आगे बढ़ेंगे।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए डॉक्टर मनोज पंडित ने कहा कि जो भी निर्धन छात्र होंगे उनसे कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा सभी वर्गों के लोगों को ध्यान रखते हुए इस लाइब्रेरी को खोला गया है ताकि इस क्षेत्र की छात्र-छात्राएं पढ़ सके। मौके पर पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद और वर्तमान मुखिया ददन पासवान ने डॉ मनोज पंडित को धन्यवाद दिया और कहा कि इस क्षेत्र में डिजिटल लाइब्रेरी की व्यवस्था होने से छात्र-छात्राओं को पढ़ने में मदद मिलेगा। लाइब्रेरी परिसर में ही डॉ मनोज पंडित की पत्नी प्रियंका देवी ने केक काटकर अपना जन्मदिन भी मनाया और छात्र-छात्राओं को मिठाईयां खिलाई। मौके पर डॉ अनिल कुमार, निखिल कुमार, मनोज कुमार, डॉ संतोष कुमार, मंटू कुमार, विजय कुमार पाल सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# ईद-मिलादुन्नबी का निकला जुलूस, लोजपा नेता सोनू सिंह को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** ईद मिलादुन्नबी का जलसा डिहरी ऑन-सोन में आयोजित कार्यक्रम के मौके पर आए हुए सामाजिक लोगों ने कहा कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पैगम्बर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश के रूप में मनाया जाता है। उक्त बातें अनुमंडल अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष उमाशंकर पांडे एवं नगर के मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी ने अपने विचार को व्यक्त करते हुए कामयाब मिल्लत कमेटी के प्रोग्राम में ईद-मिलादुन्नबी की निकली जुलूस के दौरान मुस्लिम भाइयों को सम्बोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि ईद-मिलादुन्नबी का दिन सिर्फ जश्न का ही नहीं, बल्कि रूह को पाक करने का भी है। यह त्यौहार हमें मोहब्बत, अमन और भाईचारे का पैगाम देता है। इसे मोहब्बत और अकीदत के साथ याद किया जाता है। लोगों ने लोजपा रा प्रदेश महासचिव राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह को सम्मानित किया।



इस मौके पर निकली जुलूस शहर के विभिन्न हिस्सों में घूमते हुए शांति का पैगाम देर शाम तक देती रही। शहर के मस्जिदों में खास नमाजें पढ़ी गयीं और गलियों को रोशनियों से सजाया गया। सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए। वरीय पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ पुलिस निरीक्षक सह डिहरी थानाध्यक्ष शिवेंद्र कुमार अपने दल बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर शहर के कई इलाके में मोहम्मद साहब की शान में नात-ए-शरीफ पढ़ी गयी। शहर के कई कमेटी सिरनी जर्दा का वितरण किए। कमेटी के अध्यक्ष पीर मोहम्मद रायीन के द्वारा सभी का पगड़ी एवं फूल से स्वागत किया गया। स्टेशन रोड, जक्की बीघा, इसलामगंज, बाबूगंज 12 पत्थर मिल कोठी डिहरी बाजार शहर के सभी इलाके में हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अ.व.का नारा गूंजता रहा। नौजवान जावेद आलम, इरशाद आलम, मुन्ना शहजाद, शाहनवाज अकबर चौधरी, रिंकू खान, अख्तर अंसारी, काशिफ खान, अशलम कुरैशी, कुर्बान अंसारी, बाबूरायीन इम्तियाज आलम, देहाती रियाज आलम, दानिश खान, पत्रकार वारीस अली, सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## 25 आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 25 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में एनडीपीएस एक्ट, चोरी, हत्या के प्रयास, अपहरण, एससीएसटी एक्ट, पॉक्सो एक्ट वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 30लीटर देशी व 579 लीटर अंग्रेजी शराब, तीन बाइक, एक ट्रक, एक स्कार्पियो, छह मोबाईल, हेरोइन बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में एक लाख 14 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।


**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा का विज्ञापन**

**बैच संख्या: 23/25, दिनांक: 04.09.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निम्नलिखित वस्तुओं की आपूर्ति के लिए ई–निविदा का आमंत्रण किया जाता है:

**क्रम संख्या: 1, निविदा संख्या :** 04251085, **संक्षिप्त विविरण :** ग्रविटी कॉक 1/2 इंच क्रोम प्लेटेड फॉर एलएचबी टाईप कोचेज, **मात्रा:** 84131 नग, **निविदा खुलने की तिथि :** 29.09.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

**क्रम संख्या: 2, निविदा संख्या :** 04250666, **संक्षिप्त विविरण :** लैवेटरी विंडो वीद फिक्सड लूवर्स एण्ड सील्ड ग्लास यूनिट फॉर एलएचबी कोचेज, **मात्रा:** 1285 नग, **निविदा खुलने की तिथि :** 13.10.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

**क्रम संख्या: 3, निविदा संख्या :** 03250088, **संक्षिप्त विविरण :** आईओएच किट फॉर एन–32 टैप चेंजर (कॉमन आइटम) कम्प्राइजिंग ऑफ 113 आइटम, **मात्रा:** 21 सेट, **निविदा खुलने की तिथि :** 13.10.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

**क्रम संख्या: 4, निविदा संख्या :** 04250720, **संक्षिप्त विविरण :** फ्लैप डोर कम्पलीट फॉर बॉक्सन एचएल वैगन इन असेंबल्ड कंडीशन, **मात्रा:** 4058 सेट, **निविदा खुलने की तिथि :** 06.10.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

**क्रम संख्या: 5, निविदा संख्या :** 07256032, **संक्षिप्त विविरण :** रनिंग कॉन्ट्रेक्ट फॉर सप्लाई ऑफ जॉगल्ड फिश प्लेटस एण्ड क्लैम्प्स फॉर रेल फैक्चर बीजी फॉर 52 केजी रेल, **मात्रा:** 4450 सेट, **निविदा खुलने की तिथि :** 29.09.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

**क्रम संख्या: 6, निविदा संख्या :** 07256031, **संक्षिप्त विविरण :** रनिंग कॉन्ट्रेक्ट फॉर सप्लाई ऑफ कॉम्बिनेशन फिश प्लेट फॉर बीजी 60 केजी (यूआईसी)/52 केजी रेल, **मात्रा:** 2580 सेट, **निविदा खुलने की तिथि :** 06.10.2025, **निविदा खुलने की समय:** 14:00

नोट: उपर्युक्त सभी निविदाएं ई–टेंडर है और सभी निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपनी बोलियां IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा करें। उपर्युक्त निविदाओं के सभी संशोधन भी केवल IREPS वेबसाइट पर ही ऑनलाइन प्रकाशित किए जाएंगे। उपर्युक्त निविदाओं और अन्य आपूर्ति निविदाओं के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया IREPS वेबसाइट देखें।

**वरिष्ठ सामाग्री प्रबन्धक (कैरेज एण्ड वैगन)**
**पूर्व मध्य रेल, हाजीपुर**
**पीआर/0903/एचक्यू/एसटीओआरई/टी/25–26/60**


# एक पेड़ मां के नाम लगाने की भारत स्काउट गाइड के कैडेटों ने ली शपथ



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला में भारत स्काउट और गाइड जिला संगठन आयुक्त अरविन्द कुमार सिंह के नेतृत्व में सभी प्रखंडों में 'एक पेड़ मां के नाम' लगाएंगे इसके लिए जिला मुख्यालय के फैजलगंज स्टेडियम में भारत स्काउट और गाइड के कैडेट ने शपथ लिया कि हमारी मातृभूमि और प्रकृति के प्रति हमारे सम्मान और समर्पण को दर्शाता है। इस अभियान का उद्देश्य मां के नाम पर एक पेड़ लगाना और एक स्थायी स्मृति बनाना है, जो न केवल पर्यावरण की रक्षा करेगा बल्कि एक हरे और अधिक समृद्ध भविष्य के निर्माण में भी योगदान देगा। मां और प्रकृति दोनों ही जीवन का मूल आधार हैं और इस पहल के माध्यम से हम अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' का हिस्सा बनें और अपनी मां के लिए एक अविस्मरणीय स्मृति बनाने के लिए एक पेड़ लगाएं। इस मौके पर पीयूष कश्यप, विशाल कुमार, आर्यन कुमार, अनमोल कुमार, गुलाम मोहम्मद, सुरेश कुमार, सुभाष कुमार, गोलू कुमार, पवन कुमार, दीपरानी राज, पिंशु तिवारी, रौशन आरा, रीना यादव, सुरभि कुमारी, अंजलि पटेल के साथ सैकड़ों स्काउट और गाइड में शपथ लिया।

## बाइक के साथ दो शराब धंधेबाज गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** कछवां थाना क्षेत्र के इब्राहिमपुर पुल के समीप से स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर दो बाइक व 63 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार धंधेबाजों में काराकाट थाना क्षेत्र के जमुआ गांव के निवासी सोनू कुमार और कछवां थाना क्षेत्र के सोहदा गांव निवासी राजू कुमार बताया जाता है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान ने बताया कि दो बाइक व 63 लीटर महुआ शराब के साथ दो धंधेबाज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। गिरफ्तार धंधेबाज राजू कुमार के पास से 35 लीटर जबकि सोनू कुमार के पास से 28 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। साथ ही शराब ढोने में इस्तेमाल किया गया दोनों का बाइक भी जब्त किया गया है। जब्त दोनों बाइक को थाना परिसर में लगाया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धापूर्वक मनाया गया अनंत चतुर्दशी पर्व



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज(रोहतास)।** प्रखंड क्षेत्र के नासरीगंज शहर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों मे अनंत पूजा बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अनंत पूजा हर वर्ष भादो महीने के शुक्लपक्ष चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है। अनंत चतुर्दशी पूजा को लेकर नासरीगंज प्रखण्ड के सभी मंदिरों में गुरुवार की सुबह से ही भीड़ जुटने लगी थी। पूजा को लेकर बाजार में भी काफी चहल-पहल देखी गई। इस सम्बंध में नासरीगंज प्रखण्ड के इटिम्हां सोनी टोला शिव मंदिर में पूजा करते उपेन्द्र मिश्रा ने बताया कि इस दिन पूजा करने के बाद संकटों से रक्षा करने वाला अनंत सूत्र बांधे जाने की परंपरा है। मान्यता है कि इस रक्षा सूत्र को बांधने के बाद भगवान उनकी रक्षा करते हैं और सभी दुख को दूर करते हैं। कहा जाता है कि महाभारत में जब पांडव अपना सारा राज-पाठ जुआ में हार गये थे और कष्टदायक वनवास जीवन व्यतीत कर रहे थे, तब कृष्ण भगवान ने पांडवों को अनंत चतुर्दशी का व्रत करने को कहा था। तब धर्मराज युधिष्ठिर ने अपने सभी भाइयों के साथ विधि-विधान के साथ अनंत चतुर्दशी का व्रत रखा जिसके बाद पांडव पुत्र एवं द्रोपदी सभी संकट से मुक्त हो गए। तब से अनंत चतुर्दशी का पर्व मनाया जाता है।


**पूर्व मध्य रेल**


**खुली ई-निविदा सूचना**

**ई–खुली निविदा सूचना सं.–एस–टी/सोन/ई–खुली निविदा/25–26/07 दिनांक: 03.09.2025**

मंडल रेल प्रबंधक (सिगनल एवं दूर संचार)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए 'खुली ई–निविदा' आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 25.09.2025 को 12:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाईट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है। **कार्य का नाम (मद सं. सहित):** इंजीनियरिंग कार्य के संबंध में सहयोगी एस एंड टी कार्य का प्रावधान अर्थात बछवाड़ा–छपरा कचहरी खंड में टीटीआर, एफएस + टीडब्ल्यूएस + सीएमएससी + डब्ल्यूसीएमएससी, टीडब्ल्यूएसईजे, टीबीआर और टीएफआर कार्य, बरौनी–समस्तीपुर खंड में टीआरआर(पी) कार्य, बरौनी–मुजफ्फरपुर खंड में टीटीआर और टीएफआर कार्य और सोनपुर मंडल के मुजफ्फरपुर–हाजीपुर खंड में टीटीआर, टीडब्ल्यूएसईजे और टीबीआर कार्य। **अनुमानित लागत (रू में):** 3,33,43,244.85 **बयाने की राशि(रू में):** 3,16,800.00 **निविदा प्रपत्र की कीमत अप्रतिदेय (रू में):** 0.00 **समापन अवधि:** एल.ओ.ए.जारी होने की तिथि से 09 (नौ) माह तक। उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाईट www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है। दिनांक 03.09.2025 को अपलोड कर दिया गया है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार–किसी भी निविदा को स्थगित करने/निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा। निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।

**मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**
**कृते भारत के राष्ट्रपति की ओर से**
**पीआर/0893/एसईई/(सिं. व दू.)/टी/25–26/48**

# नवादा में सड़क विकास को मंजूरी, स्टेशन रोड से सुपौल तक 11.5 किमी बनेगी सड़क



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा में परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने बिहार के 8 जिलों में सड़क विकास की परियोजनाओं को मंजूरी दी है। केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष के तहत कुल 10 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इन परियोजनाओं की कुल लागत 675 करोड़ रुपये है। नवादा जिले में एक महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली है। नवादा स्टेशन रोड से गोसाईबिघा, जहाना और लखमोना होते हुए सुपौल तक 11.5 किलोमीटर पीडब्ल्यूडी सड़क का चौड़ीकरण किया जाएगा। इस परियोजना पर 45 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि यह परियोजना प्रधानमंत्री के बिहार को विकसित प्रदेश बनाने के संकल्प का हिस्सा है। उन्होंने इस योजना के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार जताया। इस परियोजना से नवादा के लोगों को बेहतर यातायात सुविधा मिलेगी। व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच आसान होगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच संपर्क मजबूत होगा। मंत्री नवीन ने बताया कि यह योजना मुख्यमंत्री के राज्य के किसी भी कोने से 4 घंटे में राजधानी पहुंचने के लक्ष्य को पूरा करने में मदद करेगी। इससे बिहार का सड़क नेटवर्क मजबूत होगा। व्यापार और परिवहन की गति बढ़ेगी। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी में सुधार आएगा।

**हिलसा विधानसभा क्षेत्र के कई विकास कार्यों को मिली स्वीकृति**

**हिलसा (नालंदा)।** हिलसा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को लेकर एक बड़ी पहल को स्वीकृति मिली है। सामाजिक न्याय मंच, बिहार के प्रधान महासचिव रामजी यादव और निवारण सेवा संस्थान की सचिव नीलम सिन्हा के प्रयासों के बाद ग्रामीण कार्य विभाग ने कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर मुहर लगा दी है। जानकारी के अनुसार, अक्वरपुर पंचायत के छकौरी बिगहा में सड़क निर्माण के लिए 91 लाख रुपये, कराय प्रखंड के चौकी हुरारी से ग्राम जोल बिगहा तक सड़क निर्माण के लिए 1 करोड़ 66 लाख रुपये तथा दियावां-बेर्थु पथ से ग्राम मोगल बिगहा तक सड़क निर्माण के लिए 75 लाख रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अलावा फल्गु नदी पर मंडाछ और बरछी बिगहा के बीच पुल निर्माण के लिए 13 करोड़ 42 लाख रुपये तथा नवगढ़ और कुसेता के बीच पुल निर्माण की स्वीकृति भी दी गई है। इन योजनाओं के क्रियान्वयन से क्षेत्र में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को गति मिलेगी। स्वीकृति मिलने के बाद हिलसा विधानसभा क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सामाजिक न्याय मंच की ओर से ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री रामजी यादव, सचिव नीलम सिन्हा और अपर मुख्य सचिव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई हैं।

# चाकू गोदकर युवक की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** मानपुर थाना क्षेत्र के सरवहदी गांव में शनिवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने खाड़ किनारे एक युवक का लहूलुहान शव पड़ा देखा। मृतक की पहचान गांव निवासी राजा चौधरी के रूप में हुई है। युवक की बेरहमी से चाकू गोदकर हत्या की गई, जिससे पूरे इलाके में दहशत फैल गई है। परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, राजा चौधरी रोजाना खाड़ किनारे अपने साथियों के साथ ताश खेला करता था। शुक्रवार देर रात भी वह ताश खेलने गया था। इसी दौरान खेल के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जो इतना बढ़ गया कि उसके ही साथियों ने उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। आरोप है कि वारदात के बाद शव को पानी में फेंक दिया गया। शनिवार सुबह ग्रामीणों ने जब शव देखा तो चीख-पुकार मच गई और देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए।

# बिना लाइसेंस जुलूस नहीं, सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** आगामी गणेश पूजा को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए शनिवार को नगर भवन, बिहारशरीफ में अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) वैभव नितिन काजले और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) मो. नूरुल हक ने की। बैठक में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों को विधि-व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों ने बताया कि बिहार थाना और लहेरी थाना क्षेत्र में 7 सितंबर तथा सोहसराय थाना क्षेत्र में 9 सितंबर को प्रतिमा विसर्जन जुलूस निकाला जाएगा। निर्देशों के अनुसार, संवेदनशील मस्जिदों, कब्रिस्तानों और मंदिरों के आसपास विशेष चौकसी बरती जाएगी। सभी दंडाधिकारी और पुलिस अधिकारी लगातार गश्त पर रहेंगे तथा सायरन



बजाकर भ्रमण करेंगे। किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल जिला नियंत्रण कक्ष और वरीय अधिकारियों को दी जाएगी। बिना लाइसेंस कोई जुलूस नहीं निकलेगा और लाइसेंस की मंजूरी एसडीपीओ स्तर से होगी। सभी जुलूसों की सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से निगरानी होगी, साथ ही वीडियोग्राफी भी अनिवार्य होगी। जुलूस के रूट और समय का कड़ाई से पालन कराया जाएगा। विवादित झंडे, बैनर या बोर्ड लगाने पर रोक रहेगी। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों और शरारती तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जुलूस वापसी के दौरान छेड़खानी व फब्ती करने वालों पर भी विशेष नजर रखी जाएगी। पूर्व में विवादित स्थानों पर इस बार अतिरिक्त सुरक्षा बल की तैनाती की जाएगी। जिला नियंत्रण कक्ष 6 से 10 सितंबर तक 24 घंटे सक्रिय रहेगा। इसके लिए अधिकारियों की तैनाती तीन पालियों में की गई है। साथ ही लहेरी और सोहसराय थाना में भी नियंत्रण कक्ष संचालित किया जाएगा। बैठक में सहायक समाहर्ता, संबंधित पदाधिकारी, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# मौर्य शिक्षक और प्राथमिक शिक्षक संघ ने डॉ. विनीता प्रिया को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** अखिल भारतीय मौर्य शिक्षक सह शिक्षा मंच जिला इकाई नवादा और प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा से जुड़े शिक्षकों ने शनिवार को शिक्षक दिवस के मौके पर राजकीय सम्मान से सम्मानित डॉ विनीता प्रिया के आनंदपुर रोड स्थित अपना कॉलोनी के रविनीता निवास पहुंचकर सम्मानित किया तथा उज्जवल भविष्य की कामना की। मौर्य शिक्षक मंच के संरक्षक रामकिशुन प्रसाद, जिला अध्यक्ष नागेंद्र प्रसाद, सचिव अरुण मौर्या, संजय कुमार, बसंत कुमार, दिनेश प्रसाद, रविन्द्र कुमार ने अंग वस्त्र पुष्प गुच्छ देकर बधाई दिया। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक शिक्षक संघ नवादा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, छोटे नारायण सिंह, गणेश



कुमार सिंह और नें आवास पर पहुंच कर अंगवस्त्र और शो प्लांट का पौधा देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह नें कहा कि आप जैसे शिक्षिका से शिक्षा जगत और हम शिक्षकों को गर्व है। अन्य शिक्षक भी आप से प्रेरित होकर अच्छा करने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर कई अन्य शिक्षक व स्थानीय लोग भी उपस्थित थे।

# घर से नकदी समेत सोना व जेवरातों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना क्षेत्र के लेंगुरा पंचायत के माधोरामपुर गांव में बीते गुरुवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने एक घर से नकदी समेत सोने व चांदी के जेवरात,पीतल के बर्तन एवं कपड़ों की चोरी कर फरार हो गया। पीड़ित माधोरामपुर गांव निवासी दिलीप प्रसाद यादव के पुत्र लवकुश कुमार ने बताया कि वे सपरिवार अपने घर में गुरुवार की रात्रि सोए हुए थे। उनके घर में पेंटिंग का काम हो रहा है, इसलिए अधिकांश समान आंगन में रखा हुआ था।अज्ञात चोर छत से घर में प्रवेश किया और नकदी 41 हजार रुपयों के अलावे आठ आना भर का सोने का झुमका, दो जोड़ी पायल एवं 10 साड़ियां लेकर भाग गया है। उन्होंने आशंका जताई कि चोरों द्वारा बेहोशी की दवाई परिजनों के ऊपर छिड़क दिया गया होगा,इसलिए किसी की नींद नहीं खुल पाई। साथ ही कहा कि पड़ोसी के सीसीटीवी कैमरे में भी चोरों की गतिविधि कैद हुई है। घटना की लिखित शिकायत थाना को किया गया है।इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा घर में चोरी होने की शिकायत पर एएसआई संजय कुमार को पुलिस बलों के साथ घटनास्थल पर भेजा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

# जिला प्रशासन की पहल : अब बाजारों में उपलब्ध होगी शौचालय और पेयजल की सुविधा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देशानुसार जिले के सभी प्रखंडों के सघन बाजारों एवं हाटों में आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं की सुविधा हेतु पेयजल एवं शौचालय निर्माण की दिशा में ठोस पहल की जा रही है। इसी कड़ी में जिला खनिज फाउंडेशन से प्रथम चरण में कुल सात सार्वजनिक शौचालयों की स्वीकृति दी गई है। इन शौचालयों का निर्माण पकरीबरावां प्रखंड के पकरीबरावां बाजार एवं धमौल बाजार, नारदीगंज प्रखंड के पड़रिया बाजार, नरहट प्रखंड के शेखपुरा बाजार, रोह प्रखंड के रूपो बाजार, सिरदला प्रखंड के चमोथा बाजार तथा काशीचक प्रखंड के चण्डीनामा बाजार में किया जाएगा। इन शौचालयों के निर्माण कार्य हेतु निविदा जारी की जा चुकी है।लगभग 25 लाख



की लागत से एक शौचालय का निर्माण किया जाएगा। शौचालयों का संचालन जीविका समूह को सौंपा जाएगा, जिसे जीविका दीदियां सुलभ शौचालय की तर्ज पर चलाएंगी। यहां न्यूनतम उपयोग शुल्क निर्धारित होगा ताकि नियमित देख-रेख एवं स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। इन सार्वजनिक शौचालयों में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग व्यवस्था होगी। साथ ही, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु आरओ वॉटर कूलर लगाए जाएंगे और महिलाओं के लिए सैनिटरी पैड डिस्पोज़ल की भी व्यवस्था होगी। इससे न केवल स्वच्छता की मूलभूत आवश्यकता पूरी होगी, बल्कि बाजारों में आने वाले नागरिकों को पीने के पानी की भी उत्तम सुविधा मिलेगी। यह पहल जनहित में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को बढ़ावा मिलेगा तथा बाजारों की समग्र व्यवस्था और अधिक सुव्यवस्थित होगी।

# उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की आराधना के साथ जैनियों का पर्युषण महापर्व संपन्न

## इंद्रियों एवं मन को संयमित रखना ही उत्तम ब्रह्मचर्य, रत्नत्रय के तृतीय स्वरूप सम्यक चरित्र की भी हुई विशेष आराधना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जैन धर्मावलंबियों के आत्मशुद्धि का दस दिवसीय पर्युषण महापर्व परंपरागत धार्मिक माहौल में उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म की विशेष आराधना के साथ संपन्न हो गया। विगत 29 सितम्बर से प्रारंभ इस परम पावन महापर्व के अंतिम दिन शनिवार जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के प्रथम शिष्य गौतम गणधर स्वामी की निर्वाण भूमि गुणावां जी दिगम्बर जैन सिद्ध क्षेत्र पर विशेष अनुष्ठान का आयोजन हुआ। जैन समाज के लोगों ने जिनेंद्र प्रभु का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा कर विश्वशांति एवं जीवमात्र के कल्याण की मंगलकामना की। श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव के साथ क्रमशः जल,



चंदन, अक्षत, पुष्प, नैवेद्य, दीप, धूप व फल सहित अष्टद्रव्य से देव शास्त्र गुरू व पंच परमेष्ठी भगवान के विभिन्न स्वरूपों की पूजा-अर्चना की गयी। दैनिक पूजन आदि के उपरांत जैन धर्मावलंबियों ने दशलक्षण धर्म व धर्म के दशम स्वरूप उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म के साथ ही रत्नत्रय पूजन के तृतीय स्वरूप सम्यक चरित्र की भी विशेष आराधना की। जैन समाज के दीपक जैन ने बताया कि अनंत चतुर्दशी पूर्व के आलोक में श्रद्धालुओं द्वारा 14वें तीर्थंकर भगवान अनंतनाथ की विशेष पूजा-अर्चना की गयी, जबकि अनुष्ठान के अंतिम दिवस पर श्रद्धालुओं ने पूरी श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ 12वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य का निर्वाणोत्सव भी मनाया एवं उनके चरणों में निर्वाण लड्डू अर्पित किये। इस अनुष्ठान में अभिषेक जैन, श्रेया जैन, आकाश जैन, अशोक कुमार जैन, खुशबू जैन, सुलोचना जैन सहित जैन समाज के कई अन्य प्रतिनिधियों ने अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की।

**इंद्रियों एवं मन को संयमित रखना ही उत्तम ब्रह्मचर्य**

दीपक जैन ने बताया कि उत्तम ब्रह्मचर्य धर्म पर प्रकाश डालते हुये कहा कि ब्रह्मचर्य में 'ब्रह्म' का अर्थ परमात्मा एवं 'चर्य' का अर्थ विचरण है अर्थात परमात्मा में विचरण करना ही ब्रह्मचर्य है। यह आत्मकल्याण के मार्ग पर चलने के लिए इंद्रियों व मन को संयमित रखने का सिद्धांत है। इसका अर्थ केवल शारीरिक ब्रह्मचर्य नहीं, बल्कि विचार, वचन व कर्म से स्त्री-पुरुष का सम्मान करना एवं वासना से दूर रहकर वात्सल्य व पवित्रता की दिशा में आगे बढ़ना है। दीपक जैन ने कहा कि ब्रह्मचर्य धर्म आध्यात्मिक रूप से आत्मिक शुद्धिकरण व ऊर्जा संरक्षण का ऐसा स्रोत है, जो साधक को आत्माकल्याण व मोक्ष पथ पर अग्रसर करते हुये उन्हें जिनेंद्र बनाने की प्रक्रिया में अपनी अहम भागीदारी सुनिश्चित करता है।

# नीतीश सरकार बिहार के विकास को कृतसंकल्पित : श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** नालंदा जिले के वेन प्रखंड में ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने शनिवार को कई योजनाओं का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि बिहार की नीतीश सरकार न्याय के साथ विकास की नीति पर काम कर रही है और इसी का परिणाम है कि आज राज्य के हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। मंत्री ने ग्राम सौरे में लगभग 9 लाख 84 हजार रुपये की लागत से पोखर के उत्तर में खेल मैदान का उद्घाटन किया। इसके साथ ही 6 लाख रुपये की राशि से पोखर में सीढ़ी घाट, 6 लाख रुपये से राजेंद्र सिंह के घर से मेन रोड तक पीसीसी ढलाई कार्य और 5 लाख 50 हजार रुपये की लागत से भगवत प्रसाद के खेत से मेन पुल तक ढक्कन



सहित नाला निर्माण कार्य का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि बिहार में सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुए हैं। आज राज्य की पहचान बदलाव और प्रगति के रूप में हो रही है। देशभर में सबसे अधिक महिला पुलिसकर्मी बिहार में हैं, जो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की दूरदर्शी सोच का परिणाम है। नालंदा ज्ञान की धरती रही है, जिसने दुनिया को पहला विश्वविद्यालय दिया और वैशाली ने लोकतंत्र की पहली मशाल जलाई। 2005 के बाद बिहार ने सुशासन का नया अध्याय लिखा, अंधेरे से उजाले और भय से विश्वास की ओर बढ़ते हुए प्रगति का रास्ता तय किया। उन्होंने कहा कि अब बिहार में कानून का राज है, अपराधियों में डर और आम लोगों में विश्वास है। नीतीश कुमार के 20 साल के नेतृत्व ने बिहारियों के आत्मविश्वास को मजबूत किया और सुरक्षा की भावना को गहरा किया है। यही विकास की पहली सीढ़ी है। आगे और काम करना है और इसके लिए जनता का सहयोग जरूरी है। सरकार ने विकास की दिशा में जो प्रयास किए हैं, अब उसकी मजबूती जनता के समर्थन से ही संभव होगी। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख रंजू देवी, प्रखंड अध्यक्ष अरविंद पटेल, सोहित पटेल, अनिल प्रसाद, टुनटुन सिंह, जीतेन्द्र सिंह राजा, मुखिया उत्तम पटेल, संतोष मुखिया, जीतू मुखिया, रामेश्वर केवट, भागेरण पाल, धुरी मांझी, शैलेन्द्र पाल, सीताराम केवट, छात्र नेता गौतम पटेल, गौरी पटेल, छोटू कुमार, सुकांत कुमार, शैलेन्द्र प्रसाद, नागमणि प्रसाद, दीपक दास, सुधीर प्रसाद, संतोष कुमार, मो. कलीम और अजीत सिंह समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# वार्षिक शिविर में एनसी सी कैडेटों ने सीखे ड्रिल व हथियार चलाने के गुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** जेपी ग्रुप ऑफ एजुकेशन परिसर में आयोजित राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का संयुक्त वार्षिक शिविर इन दिनों जोर-शोर से चल रहा है। प्रशिक्षण के दौरान कैडेट्स को सैन्य अनुशासन, सामाजिक सेवा और आधुनिक विषयों की गहन जानकारी दी जा रही है। रविवार को शिविर में कैडेट्स और इंस्ट्रक्टर्स के साथ आर्मी के जवान व अधिकारी सामूहिक रक्तदान करेंगे। एक दिन पूर्व सौ कैडेट्स की टीम ने सूर्य तालाब बियावानी में पुनीत सागर अभियान चलाकर तालाब परिसर और घाट की सफाई की। इस अवसर पर कैंप कमांडेंट कर्नल राजेश बाहरी भी मौजूद रहे। इसके पहले उड़ान पटना की टीम ने कैडेट्स को आपदा प्रबंधन और प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण दिया.



ट्रेनर अभय कुमार ने सड़क दुर्घटना और आगजनी की स्थिति में बचाव के तरीकों की जानकारी दी। वहीं सेना के प्रशिक्षित इंस्ट्रक्टर्स ने हथियार खोलने-जोड़ने और उसके सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण दिया। शिविर के अंतिम दिन आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम की तैयारी भी जोरों पर है। डांस कोरियोग्राफर की देखरेख में कैडेट्स रिहर्सल कर रहे हैं, जिसकी मॉनिटरिंग एनसीसी ऑफिसर कैप्टन राकेश कर रहे हैं। कर्नल राजेश बाहरी के निर्देशन में 38 बिहार बटालियन एनसीसी, बिहारशरीफ द्वारा आयोजित इस शिविर में नालंदा समेत आसपास के जिलों के विभिन्न स्कूल और कॉलेजों के छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। शिविर का उद्देश्य कैडेट्स का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के शिविरों जैसे थल सेना कैंप, इंटर-डायरेक्टरेट स्पोर्ट्स शूटिंग कैंप, बेस्ट कैडेट प्रतियोगिता, यूथ एक्सचेंज प्रोग्राम और सांस्कृतिक टीमों के लिए तैयार करना है। शिविर में कैडेट्स को ड्रिल, मैप रीडिंग, हथियार प्रशिक्षण जैसी बुनियादी सैन्य गतिविधियों के साथ-साथ साइबर सुरक्षा, आत्मरक्षा और ट्रैफिक नियंत्रण जैसे आधुनिक विषयों पर भी विशेष व्याख्यान दिए जा रहे हैं। शिविर को सफल बनाने में एनसीसी अधिकारी कैप्टन राकेश पांडेय, सेकंड ऑफिसर, थर्ड ऑफिसर, सूबेदार मेजर एल. तिग्गा, सूबेदार रूपेश गुरुंग, सूबेदार सत्येंद्र सिंह, सूबेदार मान सिंह, सूबेदार मदन सिंह मेहता, सूबेदार नितिन भिगुडे, नायब सूबेदार राजकुमार, सीएचएम नवनीत आनंद समेत कई हवलदार, फिजिकल इंस्ट्रक्टर्स और सिविल स्टाफ लगातार सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

# थानाध्यक्षों को दिए गए कई आवश्यक निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पकरीबरावां।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राकेश कुमार भास्कर ने कार्यालय में पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न थानाध्यक्षों के साथ एक बैठक की। बैठक में दुर्गापूजा को शांतिपूर्ण संपन्न कराने एव विधानसभा चुनाव को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित किया गया कि दुर्गापूजा में सभी पूजा समिति के लोग लाइसेंस लेकर ही प्रतिमा स्थापित करेंगे। किसी भी स्थान पर डीजे नहीं बजाए जाएंगे। नाच गान के कार्यक्रम पर भी रोक होगा। बिना अनुमति के कोई भी जुलूस या सांस्कृतिक कार्यक्रम पर रोक होगा। कहा गया कि यदि कोई भी व्यक्ति उपद्रव मचाने का प्रयास करें तो वैसे लोगों को चिन्हित करते हुए पुलिस अपने हिरासत में ले। असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखें। अफवाह या सोशल मीडिया का गलत तरीके से उपयोग करने वाले लोगों पर भी अपनी निगाह पैनी रखें। पुलिस पदाधिकारियों को बताया गया की सभी लोग अपने अपने थाना क्षेत्र में साइबर अपराध एवं अवैध कारोबार करने वाले लोगों पर कड़ी नजर बनाए रखे। इस अवसर पर पकरीबरावां थानाध्यक्ष रंजीत कुमार, वारिसलीगंज थानाध्यक्ष रूपेश कुमार सिन्हा , कौआकोल थानाध्यक्ष दीपक कुमार, काशीचक थानाध्यक्ष बसंत कुमार राय, शाहपुर थानाध्यक्ष धीरज कुमार, धमौल थानाध्यक्ष हिमांसु पप्पू, रूपो थानाध्यक्ष ललन कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# जनरल स्टोर से 80 हजार नकदी समेत कीमती सामान की चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** लहेरी थाना क्षेत्र के हरदेव चौक स्थित एक जनरल स्टोर में शुक्रवार देर रात चोरों ने बड़ी वारदात को अंजाम दिया। अज्ञात चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर करीब सवा लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। इसमें 80 हजार रुपये नकद समेत कई कीमती सामान शामिल हैं। दुकान मालिक श्रीकांत पांडे ने बताया कि शनिवार सुबह उन्हें फोन पर चोरी की जानकारी मिली। मौके पर पहुंचने पर देखा कि दुकान का शटर लोहे की रॉड से तोड़कर चोर अंदर घुसे थे और सारा नकद व सामान लेकर फरार हो गए। उन्होंने दुख जताते हुए कहा कि पहले से ही महाजन का कर्ज था और मेहनत से जमा की गई पूंजी इस चोरी में चली गई। घटना से आसपास के दुकानदारों में आक्रोश है। उनका कहना है कि जिस जगह पर चोरी हुई है, वहां दिन में ट्रैफिक पुलिस की तैनाती रहती है और रात में डायल-112 की गाड़ी तथा गश्ती पुलिस की लगातार आवाजाही होती है। इसके बावजूद चोरों ने इतनी बड़ी वारदात को अंजाम दे दिया। लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर चुकी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# एसडीओ ने पीडीएस दुकानों का किया औचक निरीक्षण, कई गड़बड़ियां उजागर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) बिहारशरीफ ने शनिवार को हरनौत प्रखंड क्षेत्र में कई जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अनाज के भंडारण और वितरण की स्थिति की बारीकी से जांच की गई। ग्राम पंचायत राज बराह स्थित पीडीएस विक्रेता चंद्रभूषण कुमार की दुकान पर जांच के दौरान भंडारण सही पाया गया। वहीं, विक्रेता रामदेव सिंह की दुकान पर स्टॉक में कमी पाई गई। इस पर एसडीओ ने संबंधित विक्रेता से स्पष्टीकरण मांगा और आपूर्ति



निरीक्षक हरनौत को निर्देश दिया कि विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। इसके अलावा ग्राम पंचायत राज कोलावां स्थित पीडीएस विक्रेता कुमारी चंद्रप्रभा की दुकान की जांच में ई-पॉस मशीन के अनुसार भंडारित खाद्यान्न कम पाया गया। इस मामले में भी आपूर्ति निरीक्षक को विस्तृत जांच कर स्पष्ट प्रतिवेदन देने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि पीडीएस दुकानों पर गड़बड़ी पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी ताकि आम उपभोक्ताओं को खाद्यान्न वितरण में किसी तरह की परेशानी न हो।

# पकरीबरावां में अल्ट्रासाउंड सेंटर का उदघाटन

**पकरीबरावां/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पकरीबरावां में अल्ट्रासाउंड सेंटर जनता डायग्नोस्टिक सेंटर का उदघाटन शनिवार को पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के डाकबंगला के पास किया गया। सेंटर का उदघाटन चिकित्सा पदाधिकारी सह पूर्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. रतन गुप्ता ने किया। सेंटर के संचालक डॉ. मो. इकबाल अहमद एमबीबीएस, एमडी ( रेडियोलॉजी ) ने बताया कि सेंटर में अल्ट्रासाउंड एवं कलर डॉपलर की सुविधा है। इसके अलावा मरीजों की विविध जांच, पैथोलॉजी एवं डॉक्टर द्वारा मरीजों के देखने की पूरी व्यवस्था है।

# रैली का उद्देश्य जनता के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करना : सोनू कुशवाहा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** पटना में आयोजित संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार रैली को ऐतिहासिक और सफल बनाने के लिए राष्ट्रीय लोक मोर्चा के कार्यकर्ता पूरे जोश और ऊर्जा के साथ जुटे। इसी कड़ी में नालंदा जिले से शुक्रवार को भारी संख्या में कार्यकर्त्ता पटना के लिए रवाना हुए। जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा के नेतृत्व में निकले इस विशाल जत्थे में गाड़ियों का लंबा काफिला और हजारों समर्थक शामिल रहे। जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि अकेले नालंदा जिले से ही करीब 15 हजार कार्यकर्त्ता और समर्थक पटना की ओर प्रस्थान किये। उन्होंने कहा कि रैली का उद्देश्य जनता के संवैधानिक अधिकारों की



रक्षा करना और परिसीमन सुधार की मांग को बुलंद करना है, ताकि समाज के वंचित और उपेक्षित तबकों को न्याय मिल सके। कार्यकर्त्ताओं की रवानगी के दौरान पूरे इलाके में गजब का उत्साह देखने को मिला। जगह-जगह स्थानीय लोगों ने पार्टी के झंडे, बैनर और नारों के साथ पटना जा रहे कार्यकर्त्ताओं का स्वागत किया। कई स्थानों पर फूलमाला पहनाकर और नारे लगाकर लोगों ने उनका हौसला बढ़ाया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सोनू कुशवाहा ने कहा की यह रैली सिर्फ राजनीतिक प्रदर्शन नहीं है, बल्कि यह आम जनता के संवैधानिक अधिकारों और न्याय की लड़ाई है। हम चाहते हैं कि देश और राज्य के हाशिए पर खड़े समुदायों को बराबरी का अधिकार और उनका हक मिले। इसी उद्देश्य से हम पटना में शक्ति प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि यह आयोजन बिहार लेनिन शहीद जगदेव प्रसाद की शहादत दिवस पर हो रहा है। उन्होंने भावुक होकर कहा की अगर शहीद जगदेव की हत्या नहीं हुई होती तो वे बिहार के मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होते। उन्होंने वंचित समाज के लिए जो सपना देखा था, उसी सपने को पूरा करने के लिए हम यह आंदोलन आगे बढ़ा रहे हैं। सोनू कुशवाहा ने नीतीश कुमार के बाद बिहार की राजनीति में उपेंद्र कुशवाहा को सबसे मजबूत विकल्प बताते हुए कहा कि आने वाले समय में उन्हें बिहार की बड़ी जिम्मेदारी मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रैली के जरिए यह संदेश दिया गया कि बिहार में उपेंद्र कुशवाहा ही वह नेता हैं, जो सामाजिक न्याय और बराबरी की लड़ाई को मजबूती से आगे बढ़ा सकते हैं।

# मुख्यमंत्री नीतीश ने बदली पितृपक्ष मेला की सूरत : मंत्री


**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** गयाजी में प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला 2025 का शुभारंभ विधिवत रूप से सरकार के 4 मंत्रियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मेला 6 सितंबर से शुरू होकर 22 सितंबर तक चलेगा। उद्घाटन समारोह में पहले से अतिथियों के नाम में केंदीय मंत्री सह गयाजी सांसद जीतन राम मांझी और दोनों उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा का नाम था, लेकिन वो किसी कारण उद्घाटन सत्र में शामिल नहीं हो सके। इस मौके पर राजस्व मंत्री संजय सरावगी, सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार, पर्यटन मंत्री राजू कुमार सिंह, वन व पर्यावरण मंत्री व जिला प्रभारी मंत्री सुनील सिंह, एमएलसी आफाक अहमद मौजूद थे। जिन्होंने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर मेला का शुभारंभ किया। सभी मंत्रियों का जिला प्रशासन की ओर से स्वागत किया गया। जिला पदाधिकारी शशांक शुभंकर ने स्वागत भाषण में कहा कि मेला 16 दिनों तक चलेगा। डीएम शशांक शुभंकर ने कहा कि यह मेला केवल जिला प्रशासन व सरकारी विभाग का नहीं है बल्कि गयाजी के लोगों का है। मंत्री संजय सरावगी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गयाजी वह धरती है जहां स्वर्ग का द्वार खुलता है। आने वाले दिनों में गयाजी की धरती पूरे विश्व को गौरवान्वित करेगी। मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं का स्वागत और सेवा होगी। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पितृपक्ष मेला की सूरत बदली है। मेला नोडल विभाग राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ही है। विभाग से इस बार 2 करोड़ 87 लाख की स्वीकृति दी गई है। पर्यटन विभाग के मंत्री राजू कुमार सिंह ने कहा कि गयाजी के बारे में दुनिया भर लोग जानते हैं। इसकी महत्ता से वाकिफ हैं लेकिन पिछले 20 सालों पहले पितृ पक्ष मेला का आयोजन कैसा होता था ये सब को मालूम है। पहले कुछ व्यवस्था नहीं थी। जितनी व्यवस्था हो रही है वो 2014 से बेहतर हुई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राजकीय दर्जा देकर मेला की सूरत बदल दिया है। जदयू के एमएलसी आफाक अहमद खान ने अपने संबोधन में कहा कि हम शहर के लोगों की जिम्मेदारी है बल्कि हमारी परंपरा भी है कि पिंडदानियों का हर तरह से स्वागत करें। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां विष्णु पद क्षेत्र में हर तरह से विकास के कार्य किया है। किसी तरह से कमी नहीं रहने दी है।



## मगध विश्वविद्यालय के कुलपति ने दी मेधावी छात्र को 25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया के विशेष कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्र सनोज कुमार मांझी को उनके शैक्षणिक उत्साह और योग्यता के लिए कुलपति प्रो. शशि प्रताप शाही द्वारा 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी के विभागीय दौरे के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सनोज कुमार मांझी ने मंत्री से नालंदा विश्वविद्यालय से संबंधित सटीक, तार्किक और शैक्षणिक दृष्टि से महत्वपूर्ण प्रश्न किए। उनके प्रश्नों की गहराई और प्रासंगिकता से प्रभावित होकर कुलपति ने उनकी शैक्षिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए यह पुरस्कार राशि प्रदान की। सनोज ने इस सम्मान के लिए कुलपति, मंत्री, विभागाध्यक्ष, सभी शिक्षकों और सहपाठियों के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह सम्मान मेरे लिए केवल एक पुरस्कार नहीं, बल्कि मेरे शैक्षिक सफर में एक नया उत्साह और प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार घोष, प्रख्यात शिक्षक खान सर, डॉ. शमशाद अंसारी, डॉ. प्रियंका, डॉ. दिव्या मिश्रा, श्रद्धा ऋषि और डॉ. अभिनाश सहित विभाग के अन्य गणमान्य शिक्षक उपस्थित थे। साथ ही पीएचडी शोधार्थी अशोक कुमार भी इस कार्यक्रम में शामिल रहे जिन्हें सनोज ने अपने मार्गदर्शक और बड़े भाई के समान बताया।

## शेरघाटी में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त, चालक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** पुलिस ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर समेत चालक को गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। शेरघाटी थानाध्यक्ष अजीत कुमार को सूचना मिली थी कि अवैध रूप से बालू लदा ट्रैक्टर इलाके से गुजरने वाला है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत छापेमारी की और मौके से एक ट्रैक्टर को जब्त कर लिया जिसमें अवैध बालू लदा हुआ था। इस दौरान पुलिस ने ट्रैक्टर चालक को भी गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक की पहचान शेरघाटी प्रखंड के घाघर गांव निवासी सूरज पासवान के रूप में हुई है। पूछताछ के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई की और उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि अवैध खनन और बालू के परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस तरह की अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। गौरतलब है कि इलाके में अवैध बालू खनन एक गंभीर समस्या बनी हुई है जिससे न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान होता है बल्कि पर्यावरण पर भी विपरीत असर पड़ता है।

## सुरक्षा गार्ड को लेकर आठ सितंबर को लगेगा रोजगार मेला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वजीरगंज(गयाजी)।** क्षेत्र के चौहान गली स्थित कुशल युवा कार्यक्रम अंतर्गत संचालित सक्षम स्किल्स डेवलपमेंट अकादमी में आगामी 8सितंबर को एक दिवसीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए एकादमी के सेंटर ऑनर संतोष कुमार ने बताया कि यहां प्रतिवर्ष भारत के विभिन्न कंपनियों में विभिन्न प्रकार के रोजगार हेतु रोजगार मेला लगाया जाता है और साक्षात्कार के बाद ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र भी दी जाती है। इस बार पटना के निजी सेक्यूरिटी कंपनी पेरिग्रिन गार्डिग प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा आगामी 8 सितंबर को रोजगार मेला लगाया जाएगा एवं साक्षात्कार के बाद सुरक्षा गार्ड पद के लिये ऑन द स्पॉट नियुक्ति पत्र भी दी जाएगी।

## स्कार्पियो से 216 लीटर विदेशी शराब बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**डोभी/गया।** डोभी प्रखंड के समेकित जांच चौकी की टीम ने शनिवार को कार्रवाई करते हुए शराब तस्करी के प्रयास को नाकाम कर दिया। टीम ने स्कार्पियो को जांच के दौरान रोककर तलाशी ली जिसमें से 216 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद की गई। आबकारी विभाग के निरीक्षक रामप्रीति कुमार के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में मौके से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शैलेंद्र प्रसाद पिता राजेंद्र प्रसाद उम्र 37 वर्ष, ग्राम-मुरारपुर, थाना-कोरमा, जिला-शेखपुरा और संजय कुमार पिता रामदाहीन प्रसाद उम्र 48 वर्ष ग्राम-अकोना थाना-बेन, जिला-नालंदा के रूप में हुई है। निरीक्षक रामप्रीति कुमार ने बताया कि शराब माफियाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। अनुसंधान उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में समर्पित किया जाएगा।

## जिला हब फॉर इंपावरमेंट विमेन के तत्वावधान में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** जिले के आकांक्षी प्रखंड कोंच के प्रखण्ड सभागार में जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला जनप्रतिनिधियों के साथ शनिवार को विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। बैठक में चर्चा के दौरान जिला मिशन समन्वयक सुशांत आनंद के द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं को पॉश से संबंधित कानूनों और अधिकारों पर विस्तृत जानकारी दी गई। महिला घरेलू हिंसा, उत्पीड़न होने पर निसंकोच 181 पर डायल करने पर अपील की गई। इस दौरान पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नीरज कुमार द्वारा स्वास्थ्य, पोषण से जुड़ी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए जननी सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना सहित गंभीर कुपोषित बच्चों के पहचान एवं पोषण पुनर्वास केंद्र से जुड़ी सुविधाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई जीविका दीदी से अनुरोध किया गया कि अपने समूह के बैठक में निश्चित रूप से संस्थागत प्रसव, अति गंभीर कुपोषित बच्चों को पोषण पुनर्वास केंद्र में भेजने पर चर्चा करने स्वास्थ्य संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी और समस्याओं के समाधान के लिए 104 पर डायल करने से संबंधित जानकारी समूह के बैठक में दर्ज करने पर अपील की गई। इसके साथ-साथ सेविकाओं को पोषण ट्रैकर पर आयोजित भी एचएसएनडी से संबंधित सूचना को भरने के लिए विस्तृत रूप से जानकारी दी गई।

## औलिया पीर बाबा का सालाना उर्स, सूफियाना कलाम में बंधा समां

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** प्रखंड के शाहगंज स्थित औलिया पीर बाबा के मजार पर शुक्रवार रात बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ सालाना उर्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत चादरपोशी से हुई। मौके पर मौजूद केर मुखिया शशि कुमार ने बाबा की दरगाह पर चादर चढ़ाकर अमन-चैन की दुआ मांगी। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने बाबा की दरगाह पर चादर और फूल अर्पित किए। इस अवसर पर पटना से आए मशहूर कव्वाल मूसा कव्वाल और उनकी टीम ने सूफियाना कलाम प्रस्तुत किया। देर रात तक चली कव्वालियों में सूफी गीत और रूहानी कलाम ने श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में मो. मुस्तफा, मो. आरिफ आलम, मो. अफसर सहित कई गणमान्य लोग और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने भाईचारा, एकता और मोहब्बत का संदेश दिया। गांव का माहौल उर्स और कव्वाली के रंग में सराबोर रहा। श्रद्धालुओं की भारी मौजूदगी ने इस आयोजन को यादगार बना दिया।

## कोंच प्रखंड में महिलाओं को पॉश एक्ट एवं स्वास्थ्य योजनाओं पर किया गया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** महिला एवं बाल विकास निगम, गया के तहत जिला हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तत्वावधान में शनिवार को दोपहर 2 बजे प्रखंड सभागार में विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसमें जीविका दीदी, आंगनबाड़ी सेविका एवं महिला जनप्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। जिला मिशन समन्वयक सुशांत आनंद ने कार्यस्थल पर महिलाओं को यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध एवं निवारण) अधिनियम की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि घरेलू हिंसा या उत्पीड़न की स्थिति में महिलाएं निःसंकोच 181 पर संपर्क करें। पिरामल फाउंडेशन के जिला प्रतिनिधि नीरज कुमार ने स्वास्थ्य और पोषण योजनाओं जैसे जननी सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना तथा गंभीर कुपोषित बच्चों के लिए पोषण पुनर्वास केंद्र से जुड़ी जानकारी साझा की। आकांक्षी प्रखंड फेलो दिवेश कुमार ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम की जानकारी दी। मौके पर श्रृंखला कुमारी (यूनिसेफ), प्रखंड समन्वयक सुधीर कुमार एवं महिला पर्यवेक्षिका भी उपस्थित रहीं।

## अनंत चतुर्दशी पर भजन कीर्तन का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भाद्र पद के शुक्ल पक्ष अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर टिकारी नगर परिषद के पंचदेवता मंदिर में सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों से आए कीर्तन मंडली के गायक ने भक्ति भजन कीर्तन कजरी का अनेकों धुन सहित ढोलक झाल आदि वाद्य यंत्रों की धुन पर झूमते नजर आए। बगिया में आए श्याम सलोना, मत मार ह टोना सहित कैलाश पति के मंदिर से डमरू के डमा डम डम निकले आदि अनेकों धुन पर रामायण आधारित संगीत का गायन करते रहे। मौके पर ग्रामीण इलाकों से आए बाजितपुर, बेनीपुर, इगुना, बलवापर, आमाकूमा, डिहुरा, लशगरगंज, खैरा, पंचमहल्ला, भैसमारा सहित दर्जनों ग्राम से जितेंद्र सिंह, शिव बल्लभ मिश्र, विनोद सिंह, सतेंद्र सिंह, शालिग्राम सिंह, लक्ष्मी पासवान, सीताराम सिंह, कृष्ण कांत सिंह, राधेमोहन सिंह, मनीत ठाकुर, सिद्धि पासवान, योगेंद्र यादव, मधेश्वर यादव, राकेश सिंह, श्रीनिवास सिंह, नरेश सिंह, अखिलेश शर्मा, संयोग सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## पितृपक्ष मेला में भाजपा नेता ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया निःशुल्क सेवा शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** पितृपक्ष मेला 2025 के अवसर पर राष्ट्रीय मताधिकार संगठन सह भाजपा किसान मोर्चा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा के द्वारा शनिवार को चांद चौरा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के सामने एक निःशुल्क सेवा शिविर लगाया गया। इस शिविर में देश-विदेश से पधारे पिंडदानियों एवं श्रद्धालुओं के लिए चाय, पानी, बिस्कुट तथा तरह-तरह के व्यंजनों की भव्य व्यवस्था की गई थी। शिविर का उद्घाटन जिले के सरकारी वकील (जी.पी.) रविंद्र प्रसाद ने किया। इस अवसर पर उद्घाटनकर्ता रविंद्र प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि पितृपक्ष का पर्व भारतीय संस्कृति का अनूठा प्रतीक है, जहां श्रद्धालु अपने पितरों की आत्मा की शांति के लिए गया की पावन धरती पर पिंडदान करते हैं। उन्होंने कहा कि अतिथि देवो भवः की भावना हमारी परंपरा की मूल आत्मा है और इसीलिए ऐसे अवसरों पर अतिथियों की सेवा करना हर व्यक्ति का कर्तव्य बन जाता है।



## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, पलामू।

**पलामू जिला के विभिन्न प्रखण्डों में पंचायतवार दो दिवसीय विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन दिनांक 08.09.2025 से 19.11.2025 तक से संबंधित कार्यक्रम निम्नवत् है**

——: पंचायत का नाम, गाम तथा शिविर आयोजन की तिथि :—

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत का नाम | ग्राम का नाम<br>प्रथम | शिविर की तिथि | | पदाधिकारी/कर्मचारियों का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विश्रामपुर | केतात कला | कमता | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 जितेन्द्र कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विश्रामपुर<br>02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 2 | विश्रामपुर | तोलरा | शंखा | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 3 | विश्रामपुर | गुरहा कला | मुरमा कला | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 4 | विश्रामपुर | लालगढ़ | लालगढ़ | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 5 | पाण्डू | तिसीबार | दरूआ | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 जितेन्द्र कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विश्रामपुर।<br>02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 6 | पाण्डू | डाला कला | ढाचावार | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 7 | पाण्डू | फुलिया | चपिया | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 8 | पाण्डू | कुटमु | बरवाही | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 9 | ऊँटारी | जोगा | कल्याणपुर | 16.09.2025 | 18.09.2025 | 01. डॉ0 जितेन्द्र कुमार, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, विश्रामपुर।<br>02. श्री सुनील दुबे (अनुसेवक)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 10 | ऊँटारी | करकट्टा | देवदर | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 11 | लेस्लीगंज | लेस्लीगंज | लेस्लीगंज | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज।<br>02. अंजनीकांत दूबे (अनुसेवक)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 12 | लेस्लीगंज | कोटखास | कोटखास | 08.09.2025 | 09.09.2025 | |
| 13 | लेस्लीगंज | पूर्णाडीह | पूर्णाडीह | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 14 | लेस्लीगंज | जुरू | जुरू | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 15 | लेस्लीगंज | हरतुआ | हरतुआ | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 16 | लेस्लीगंज | दारूडीह | दारूडीह | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 17 | लेस्लीगंज | सांगबार | सांगवार | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 18 | लेस्लीगंज | ओरीयाकला | ओरीयाकला | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 19 | लेस्लीगंज | कुन्दरी | कुन्दरी | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 20 | लेस्लीगंज | जामुनडीह | जामुनडीह | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 21 | लेस्लीगंज | पिपरा खुर्द | पिपरा खुर्द | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 22 | लेस्लीगंज | चौरा | बांसडीह | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 23 | पांकी | सगालीम | सगालीम | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 प्रमोद कुमार, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लेस्लीगंज।<br>02. यमुना उरॉव (पशुधन सहायक सहायक) पांकी<br>03. संतोष रवि (अनुसेवक) पांकी।<br>04. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>05. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 24 | पांकी | आसेहार | आसेहार | 12.09.2025 | 13.09.2025 | |
| 25 | पांकी | हरलौंग | हरलौंग | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 26 | पांकी | सुडी | सलगास | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 27 | पांकी | कोनवाई | कोनवाई | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 28 | पांकी | पकरिया | पकरिया | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 29 | पांकी | तेतराई | तेतरई | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 30 | पांकी | होटाई | होटाई | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 31 | तरहसी | सेलारी | सेलारी | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 संदीप कुमार उपाध्याय, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लेस्लीगंज।<br>02. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>03. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 32 | तरहसी | अरका | टनखा | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 33 | तरहसी | टरिया | सरईडिह | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 34 | तरहसी | उदयपुरा – 1 | बरकोमा | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 35 | नौडिहा बाजार | लालगडा | रिसीयापा | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 संदीप कुमार उपाध्याय, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, लेस्लीगंज।<br>02. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>03.MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 36 | नौडिहा बाजार | डगरा | गनसा | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 37 | नौडिहा बाजार | करकट्टा | गमहरियाडीह | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 38 | नौडिहा बाजार | शाहपुर | जमालपुर | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 39 | नौडिहा बाजार | सरईडीह | खरडीहा | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 40 | नौडिहा बाजार | चराई –2 | कोरामी | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 41 | चैनपुर | तलैया बभंडी | अयोध्या काल्हुआ | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 संगीता कुमारी, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, बभण्डी।<br>02. गोरखनाथ दूबे (अनुसेवक), चैनपुर।<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 42 | चैनपुर | पथरा | भैरवा | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 43 | चैनपुर | कोशियारा | लिधकी पश्चिमी | 12.09.2025 | 13.09.2025 | |
| 44 | चैनपुर | महुगॉवा | ताली | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 45 | चैनपुर | बॉसडीह | ताला पारा | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 46 | चैनपुर | बरॉव | करमाहा | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 47 | चैनपुर | ओडनार | हरिनामांड | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 48 | चैनपुर | पूर्वडीहा | लिधकी पूर्व | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 49 | चैनपुर | पतरिया खुर्द | पतरिया कला | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 50 | चैनपुर | मझिगॉवा | लोकेया | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 51 | चैनपुर | चॉदो | खुरा | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 इन्द्रजीत कुमार सिंह , भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चैनपुर<br>02. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>03. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 52 | चैनपुर | बसरीया कला | रजहरा | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 53 | चैनपुर | अवसाने | खपिया | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 54 | चैनपुर | रबदा | रबदा | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 55 | पाटन | सेमरी | जोडा खुर्द | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 इन्द्रजीत सिंह (प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी/भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी) पाटन<br>02. राजेन्द्र राम (अनुसेवक) पाटन<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 56 | पाटन | केल्हार | टुसरा | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 57 | पाटन | सतौवा | बजारी | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 58 | पाटन | सगुना | सगुनी | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 59 | पाटन | उताकी | बधवर | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 60 | पाटन | पाल्हेकला | महुलिया | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 61 | सतबरवा | बारी | पूर्णाडीह | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 तौफिक अहमद, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतबरवा<br>02. सुरेन्द्र गिरी, प्रावैधिक सहायक, सतबरवा।<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 62 | सतबरवा | पोंची | मुक्ता | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 63 | सतबरवा | रबदा | पीपरा कला | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 64 | सतबरवा | बोहीता | लोहडीह | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 65 | मनातू | चक | टिल्हा | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 तौफिक अहमद, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतबरवा।<br>02. सुरेन्द्र गिरी, प्रावैधिक सहायक, सतबरवा।<br>03 मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 66 | मनातू | रंगेया | धिरसीरी | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 67 | मनातू | मंझौली | खैरा | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 68 | मनातू | डुमरी | दलदलिया | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 69 | छतरपुर | सुशिगंज | पटसारा | 16.09.2025 | 18.09.2025 | 01. डॉ0 तौफिक अहमद, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, सतबरवा।<br>02. ओमप्रकाश सिन्हा (प्रावैधिक सहायक)<br>03. चन्दन कुमार गुप्ता, पशुधन सहायक<br>04. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>05. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 70 | छतरपुर | काला पहाड | गोठा | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 71 | छतरपुर | दीनादाग | देवताही | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 शाहिद इकबाल, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुसैनाबाद<br>02. ओमप्रकाश सिन्हा (प्रावैधिक सहायक)<br>03. चन्दन कुमार गुप्ता, पशुधन सहायक<br>04. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>05. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 72 | छतरपुर | कउवल | महुलनिया | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 73 | छतरपुर | बगैया | गोसाईडीह | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 74 | छतरपुर | मुनकेरी | मनहु | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 75 | हुसैनाबाद | देवरी खुर्द | देवरी खुर्द | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 शाहिद इकबाल (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हुसैनाबाद)<br>02. मनाव्वर अली (प्रावैधिक सहायक) हुसैनाबाद<br>03. उदय प्रसाद सिंह (अनुसेवक) हुसैनाबाद।<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 76 | हुसैनाबाद | देवरी कला | देवरी कला | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 77 | हुसैनाबाद | बडेपुर | बुधुआ | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 78 | हुसैनाबाद | महुअरी | दुलहर | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 79 | हुसैनाबाद | दरूआ बेनी | विशुनपुर | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 80 | हुसैनाबाद | बेल बिगहा | पोखरापर | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 81 | हैदरनगर | परता | परता | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हैदनगर)<br>02. विपिन कुमार (अनुसेवक) मोहम्मदगंज।<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 82 | हैदरनगर | खरगाडा | चेचरिया | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 83 | हैदरनगर | कुकही | गौरिओटा | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 84 | हैदरनगर | चौकडी | बहेरा | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 85 | मोहम्मदगंज | भजनिया | भजनिया | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत (भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हैदनगर)<br>02. विपिन कुमार (अनुसेवक) हुसैनाबाद<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 86 | मोहम्मदगंज | मोहम्मदगंज | नदीपर | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 87 | मोहम्मदगंज | कादल कुर्मी | कादलकुर्मी | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 88 | मोहम्मदगंज | कोल्हुआ सोनबरसा | सोनबरसा | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 89 | नावा बाजार | इटको | नावा बाजार | 16.09.2025 | 18.09.2025 | 01. डॉ0 धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, हैदरनगर।<br>02. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>03. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 90 | नावा बाजार | सोहदाग खुर्द | सोहदाग खुर्द | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 91 | हरिहगंज | तुरी | तेतरिया | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, पशु शल्य चिकित्सक, सदर मेदिनीनगर।<br>02. विनोद सिंह (रात्रि प्रहरी, हरिहरगंज)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 92 | हरिहगंज | कटैया | बनसप्ती | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 93 | हरिहगंज | सेमरवार | कौवाखोह | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 94 | हरिहगंज | खडकपुर | गिधी | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 95 | पीपरा | बभण्डी | गहोरा | 12.09.2025 | 13.09.2025 | 01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, पशु शल्य चिकित्सक, सदर मेदिनीनगर।<br>02. विनोद सिंह (रात्रि प्रहरी, हरिहरगंज)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 96 | पीपरा | दलपतपुर | भितिहा | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 97 | पीपरा | पीपरा | अंधरीबाग कला | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 98 | पीपरा | मधुबाना | गजना | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |
| 99 | पण्डवा | गाडीखास | कठोतीया | 16.09.2025 | 18.09.2025 | 01. डॉ0 दीनबन्धु गुप्ता, पशु शल्य चिकित्सक, सदर मेदिनीनगर।<br>02. अखिलेश ठाकुर (अनुसेवक) किशुनपुर।<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 100 | पण्डवा | कजरी | बटसारा | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 101 | सदर मेदिनीनगर | चियांकी | कुसुम टांड | 08.09.2025 | 09.09.2025 | 01. डॉ0 अनुप विलियम लकड़ा (प्रभारी प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर)<br>02. श्रीमति शांति देवी (पशुधन सहायक)<br>03. मैत्री/कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता।<br>04. MVU के पशु चिकित्सक एवं पारा भेट कार्यकर्ता शिविर में सहयोग करेंगे। |
| 102 | सदर मेदिनीनगर | सरजा | हुटार | 10.09.2025 | 11.09.2025 | |
| 103 | सदर मेदिनीनगर | सुआ | सुआ | 12.09.2025 | 13.09.2025 | |
| 104 | सदर मेदिनीनगर | कौडिया | गणके | 14.09.2025 | 15.09.2025 | |
| 105 | सदर मेदिनीनगर | पोलपोल | पोल पोल | 16.09.2025 | 18.09.2025 | |
| 106 | सदर मेदिनीनगर | झाबर | कुण्डेलवा | 19.09.2025 | 20.09.2025 | |
| 107 | सदर मेदिनीनगर | लहल्हे | लहलहे | 21.09.2025 | 23.09.2025 | |
| 108 | सदर मेदिनीनगर | जमुने | जमुने | 24.09.2025 | 25.09.2025 | |
| 109 | सदर मेदिनीनगर | रजवाडीह | रजवाडीह | 26.09.2025 | 27.09.2025 | |
| 110 | सदर मेदिनीनगर | जोंड | जोंड़ | 28.09.2025 | 03.10.2025 | |

1 जिन पशु चिकित्सा पदाधिकारियों का शिविर राजपत्रित अवकाश दिन होगा उन्हे उसके लिए क्षतिपूर्ति अवकाश दी जायेगी।
2 शिविर का समय पूर्वाह्न 08:00 बजे 12:00 बजे तक एवं अपराह्न 01:00 से 05:00 बजे तक होगा।
3 सभी को निर्देश दिया जाता है कि अपने प्रखण्ड के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को इसकी सूचना देंगे।
4 संबंधित मुखिया एवं पंचायत प्रतिनिधि को सुश्निचत करते हुए उनसे अनुरोध करेंगे कि कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करें।
5 शिविर में पशु औषधि का वितरण आवश्यकता एवं उपलब्धता के आधार पर किया जायेगा तथा अनुपलब्ध औषधि के बारे में परामर्श दी जायेगी।
6 पशुपालकों को केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित जानकारी उपलब्ध करायेंगे।
7 शिविर में उपलब्धता के अनुसार टिकाकरण कार्य करेंगे।
8 खुन, गोबर, मुत्र आदि का नमुना एकत्र कर पशु स्वास्थ्य उत्पादन संस्थान में भेजने हेतु कार्यालय को उपलब्ध करायेंगे।
9 शिविर का प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में प्रतिदिन फोटोग्राफ के साथ उपलब्ध करायेंगे।
10 सुचि में वैसे कर्मी जिन्हें मूल पदस्थापन स्थल से विशेष पशु स्वास्थ्य शिविर हेतु प्रतिनियुक्त किया गया है वैसे कर्मियों को दिनांक 07.09.2025 को अपराह्न में विरमित करते हुए विभागीय राज्यादेश 01(वि0) रा0 दिनांक14.05.2025 संलग्न अक्षरांशः पालन किया जाय।

ह0
जिला पशुपालन पदाधिकारी,
पलामू।

PR 361206 District(25-26)D

संपादकीय

# जीएसटी में राहत पर आर्थिक खाई कायम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा इस बार 15 अगस्त को लाल किले से की गई घोषणा के अनुरूप जीएसटी परिषद ने देश में जीएसटी स्लैब घटाकर दो करने तथा जीवनावश्यक बहुत सारी वस्तुओं पर जीएसटी (गुड्स एंड सर्विस टैक्स) घटाने का ऐलान कर जनता को बड़ी राहत दी है। यह राहत खासकर समाज के उस मध्यम वर्ग को है, जो भाजपा का कोर वोटर भी है। इस लिहाज से मोदी सरकार ने अपने वोट बैंक को साधने का आर्थिक के साथ-साथ राजनीतिक उपक्रम भी किया है। जीएसटी परिषद की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमन ने कहा कि देश में जीएसटी संरचना में सुधार का यह दूसरा चरण है। इससे जीएसटी के बोझ से जनता को काफी हद तक राहत मिलेगा। नई दरें 22 सितंबर यानी दिवाली से पहले लागू हो जाएंगी। जीएसटी परिषद की 56वीं बैठक में मंजूर नई दरों के तहत अब 12 फ़ीसदी और 28 फ़ीसदी के स्लैब को ख़त्म कर 5 फ़ीसदी और 18 फ़ीसदी कर दिया गया है। इसके अलावा 40 फीसदी का अलग विशेष स्लैब होगा, जो लग्जरी आयटम और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक वस्तुओं जैसे शराब, गुटका, तम्बाकू आदि पर लगेगा। नई व्यवस्था के तहत अधिकांश वस्तुएं सस्ती होंगी। कुछ दवाओं को भी जीएसटी मुक्त किया गया है। साथ ही सीजीएसटी अधिनियम 2017 के तहत जीएसटी के पंजीकरण की सीमा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिकतर वस्तुओं पर जीएसटी के अलावा कंपनसेशन सेस भी लगाया जाता था। अब कंपनसेशन सेस को जीएसटी में मिला दिया गया है, जिससे अधिकांश वस्तुओं पर टैक्स का बोझ समान बना रहे। जानकारों के अनुसार सरकार ने सेस को समाप्त करने का काम जीएसटी के पूरे ढांचे को तार्किक बनाने के लिए किया है। नई दरों से जो राजस्व में 48 हज़ार करोड़ के नुकसान का अनुमान लगाया गया है, उसकी भरपाई करने की भी कोशिश की गई है विशेष दरें लागू करके। हालांकि जीएसटी घटने का एक परिणाम यह भी होगा कि सरकार का राजस्व घटेगा। कितना घटेगा, यह अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है। लेकिन अर्थशास्त्रियों का मानना है कि जीएसटी घटने से देश में 2 लाख करोड़ रू. की खपत बढ़ेगी। यानी करों में राहत से लोगों की जेब में जो पैसा बचेगा, वह भी अंत में मार्केट में ही आएगा। बढ़ी हुई खपत काफी हद तक सरकार के राजस्व की कमी को पूरा करेगी। जीएसटी दरें कम करने से जहां राज्य सरकारों को इन कर में अपनी हिस्सेदारी घटने का डर रहा है, वहीं सभी राजनीतिक दलों में इस कर राहत का श्रेय लेने की होड़ भी शुरू हो गई है। गौरतलब है कि जीएसटी में यह राहत सभी राज्यों के वित्तमंत्रियों की सहमति से मिली है। प्रधानमंत्री ने 20 दिन पहले ही इस सुधार की पूर्व सूचना देकर लीड ले ली थी। अब विपक्षी कांग्रेस का भी कहना है कि वह तो 2017 से ही जीएसटी में सुधार की मांग कर रही है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस लंबे समय से जीएसटी 2.0 की वकालत करती रही है। ध्यान रहे कि जीएसटी के मूल प्रस्ताव में देश भर में करों के दो स्लैब रखने का विचार था, लेकिन बाद में मोदी सरकार ने इसे बढ़ाकर फोर स्लैब कर दिया। इस सुधार के बारे में सत्तापक्ष का कहना है कि मोदी सरकार ने सभी राज्यों का भरोसा जीतकर जीएसटी लागू किया है। बेशक, मोदी सरकार ने जीएसटी कम कर जनता को राहत दी है, लेकिन यह सवाल अभी भी अनुत्तरित है कि इससे देश में अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई कैसे कम होगी। इस खाई को पाटना सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती है।

# प्रधानमंत्री विकसित भारत रोज़गार योजना देगी युवा शक्ति के सपनों को नई उड़ान

**डॉ मनसुख मांडविया**

भारत की विकास गाथा हमेशा से उसकी श्रम शक्ति द्वारा लिखी गई है। देश की अर्थव्यवस्था को गति देने में करोड़ों श्रमिकों के समर्पण और क्षमता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में, पिछले 11 वर्षों में भारत की आर्थिक प्रगति ने उल्लेखनीय प्रगति की है। वर्ष 2014 में, भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ते हुए आज चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। भारत ने वैश्विक पटल पर अपने लिए एक उल्लेखनीय स्थान बनाया है और इसमें इसके मानव संसाधन की शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

इस सफलता की कहानी को बल देने वाला तथ्य यह है कि भारत के आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आरबीआई-केएलईएमएस के अनुसार, जहां 2004-2014 के बीच केवल 2.9 करोड़ रोजगार सृजित हुए थे, उसके बाद के दशक में 17 करोड़ से अधिक रोजगार सृजित हुए। औपचारिकीकरण में भी तेजी आई है, ईपीएफओ के आंकड़ों के अनुसार पिछले सात वर्षों में लगभग आठ करोड़ नौकरियां सृजित हुई हैं।

भारत में सामाजिक सुरक्षा कवरेज में बढ़तोरी होना भी हमारी एक बड़ी उपलब्धि है। 2015 में, केवल 19 प्रतिशत भारतीय कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत आते थे। 2025 तक, यह संख्या बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो चुकी है और 94 करोड़ लाभार्थी इसके दायरे में आए हैं, जिससे भारत दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा सामाजिक सुरक्षा कवरेज देने वाला देश बन गया है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने इस उपलब्धि को वैश्विक स्तर पर कवरेज के सबसे तेज विस्तार में से एक माना है।

यह स्पष्ट है कि राष्ट्र का भविष्य न केवल जीडीपी वृद्धि की गति से, बल्कि हमारे द्वारा सृजित नौकरियों की गुणवत्ता, श्रमिकों को दी जाने वाली सुरक्षा और अपने युवाओं को प्रदान किए जाने वाले अवसरों से भी तय होगा। बढ़ते स्वचालन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से कारण बनी अनिश्चितता की स्थिति, आपूर्ति-श्रृंखला में बदलाव और दुनिया भर में नौकरियों को आकार देने वाली कई अन्य कमजोरियों की वैश्विक पृष्ठभूमि में, भारत एक जनसांख्यिकीय परिवर्तन के बिंदु पर खड़ा है।

हमारी 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है, जो एक महत्वपूर्ण जनसांख्यिकीय लाभांश है जो हमारी अर्थव्यवस्था को गति दे देता है, जबकि पश्चिमी देशों में आबादी वृद्ध होती हो रही है। वर्षों से, भारत के जनसांख्यिकीय लाभांश यानी इसकी युवा शक्ति को इसकी सबसे बड़ी ताकत माना जाता रहा है। फिर भी, पिछली सरकारों के अधीन, इस क्षमता का पूरा उपयोग नहीं किया गया। अमृत काल में, जब हम 2047 तक एक विकसित भारत के विजन की दिशा में प्रयास कर रहे हैं, हमारे सामने कार्य स्पष्ट है– हमें ÷संभावना÷ से ÷समृद्धि÷ की ओर बढ़ना होगा।

इस पृष्ठभूमि में, रोजगार अब केवल एक आर्थिक संकेतक नहीं रह गया है; यह सम्मान, समानता और राष्ट्रीय शक्ति का आधार है। इसके लिए आवश्यक है कि हम अपने युवाओं को रोजगार योग्य बनाएं, उन्हें औपचारिक अर्थव्यवस्था में एकीकृत करें, उन्हें वित्तीय साक्षरता से लैस करें और यह सुनिश्चित करें कि वे एक मजबूत सामाजिक सुरक्षा प्रणाली द्वारा सुरक्षित हों। तभी हमारा जनसांख्यिकीय लाभ वास्तव में एक स्थायी राष्ट्रीय लाभांश में परिवर्तित हो सकता है।

इसी चुनौती का समाधान करने और आकांक्षा व अवसर के बीच के अंतर को पाटने के लिए, 15 अगस्त को लाल क़िले की प्राचीर से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना शुरू करने की घोषणा की है। शुरुआत में केंद्रीय बजट 2024-25 में प्रस्तुत और प्रधानमंत्री जी के अपने 12वें स्वतंत्रता दिवस संबोधन में घोषित यह योजना पैमाने और डिजाइन, दोनों ही दृष्टि से एक महत्वपूर्ण बदलाव का प्रतिनिधित्व करती है। 1 लाख करोड़ रुपए के परिव्यय के साथ, यह भारत के इतिहास का सबसे महत्वाकांक्षी कार्यक्रम है, जिससे 3.5 करोड़ से ज़्यादा रोजगार सृजित होने की उम्मीद है। इनमें से दो करोड़ लाभार्थी पहली बार नौकरी पाने वाले होंगे।

योजना के दो स्तंभ– पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को प्रोत्साहन और नियोक्ताओं को सहायता

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना को इसकी संरचना ही अलग बनाती है। रोजगार सृजन को बढ़ावा देने वाले पहले के कार्यक्रमों के विपरीत, यह योजना युवाओं की रोजगार क्षमता और उद्यम प्रतिस्पर्धात्मकता की दोहरी चुनौती का एक साथ समाधान करती है। भाग 'ए' के तहत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों (दो किश्तों में 15,000 रुपए तक) और भाग 'बी' के तहत नियोक्ताओं (प्रत्येक नए कर्मचारी के लिए प्रति माह 3,000 रुपए तक) को प्रत्यक्ष वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान करके, यह श्रमिकों के लिए प्रवेश बाधाओं को कम करता है और साथ ही व्यवसायों के लिए नियुक्ति जोखिम को भी कम करता है।

इस योजना का औपचारिकीकरण और सामाजिक सुरक्षा एकीकरण की दिशा में प्रोत्साहन भी उतना ही महत्वपूर्ण है। इसके लाभ प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से प्रदान किए जाएंगे, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और नए कर्मचारियों को पहले दिन से ही सामाजिक सुरक्षा प्रणालियों से जोड़ा जा सकेगा। इस प्रकार, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, एक औपचारिक, सुरक्षित और उत्पादक श्रम बाजार की ओर एक संरचनात्मक कदम है। इसके अलावा, विनिर्माण क्षेत्र में नियोक्ताओं को प्रोत्साहन पर अतिरिक्त ध्यान, भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और प्रयास है।

समावेशी और सतत विकास को गति देना

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना, योजना-आधारित पहलों से हटकर एक व्यापक रोजगार प्रणाली की ओर बदलाव का संकेत देती है। यह पूर्व की पहलों से मिली सीख पर आधारित है, उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई), राष्ट्रीय विनिर्माण मिशन और मेक इन इंडिया जैसी वर्तमान योजनाओं का पूरक है और प्रतिस्पर्धी वैश्विक व्यवस्था में काम की बदलती प्रकृति को पहचानती है।

श्रमिकों और नियोक्ताओं, दोनों को प्रोत्साहन देकर, प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना यह मान्यता देती है कि रोजगार सृजन एक साझा जिम्मेदारी है। भारत डिजिटल नवाचार को अपनाते हुए एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने का प्रयास कर रहा है, इसलिए यह योजना सुनिश्चित करती है कि कोई भी पीछे न छूटे - यहां तक कि सबसे छोटा उद्यम और कार्यबल में शामिल होने वाला सबसे नया व्यक्ति भी राष्ट्रीय विकास की यात्रा में भागीदार बने।



प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना– नए भारत की नींव

प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना एक नीतिगत घोषणा से कहीं अधिक बढ़कर है। यह जनसांख्यिकीय लाभांश को सार्वजनिक समृद्धि में बदलने की दिशा में एक ठोस कदम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, यह पहल विकसित भारत के विजन को साकार करने की नींव का हिस्सा है, जहां हर युवा को सार्थक रोजगार मिले, हर काम में सम्मान हो और हर युवा को अपने सपनों को साकार करने का अवसर मिले।

रोजगार निर्माण सही मायने में राष्ट्र निर्माण है। इस पहल के साथ, मोदी सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है कि कोई भी आकांक्षा अधूरी नहीं रहेगी और कोई भी युवा अवसर से वंचित नहीं रहेगा। हम सब मिलकर भारत की युवा शक्ति को नई उड़ान दे रहे हैं और उनके माध्यम से, विकसित भारत के सपने को भी नई गति प्रदान कर रहे हैं।

(लेखक केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री हैं)

अध्यात्म

## रोज-रोज सत्संग सुनने से क्या लाभ मिलता है?

बात उस समय की है जब गौतम बुद्ध काफी प्रसिद्ध हो चुके थे, वे रोज प्रवचन देते, जिन्हें सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे। प्रवचन सुनने एक लड़का रोज आता था। वह गौतम बुद्ध की सारी बातें बहुत ध्यान से सुनता था। काफी दिनों तक प्रवचन सुनने के बाद एक दिन उस लड़के ने सोचा कि मैं प्रवचन तो रोज सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में कोई बदलाव नहीं आ रहा है। बुद्ध बातें तो अच्छी बताते हैं, लेकिन कुछ लाभ नहीं हो रहा है। मुझे इस बारे में बुद्ध से बात करनी चाहिए। अगले दिन वह लड़का बुद्ध से बात करने की इच्छा लेकर पहुंच गया। बुद्ध का प्रवचन शुरू हुआ और वे कह रहे थे कि अगर कोई व्यक्ति हम पर गुस्सा करता है तो वह हमसे ज्यादा खुद का नुकसान करता है। अगर हम भी दूसरे के गुस्से का जवाब गुस्से से ही देते हैं तो हम खुद का नुकसान कर लेते हैं। बुद्ध की ये बातें सुनते ही वह लड़का खड़ा हो गया और कहने लगा कि तथागत मैं बहुत दिनों से आपके प्रवचन सुन रहा हूं, लेकिन मेरे जीवन में तो कोई बदलाव ही नहीं आया है। मुझे तो प्रवचन सुनने से कोई लाभ नहीं हो रहा है। बुद्ध ने अपने प्रवचन बीच में रोके और उस लड़के की बात सुनने लगे। जब वह लड़का चुप हो गया तो बुद्ध ने उससे पूछा कि तुम कहां रहते हो? लड़का बोला कि मैं श्रावस्ती में रहता हूं। बुद्ध ने कहा कि श्रावस्ती से यहां तक की दूरी कितनी होगी और यहां आने में कितना समय लगता है? उस लड़के ने बुद्ध की बातों का उत्तर दिया तो बुद्ध ने फिर पूछा कि यहां आते कैसे हो? उसने बताया कि मैं कभी पैदल आता हूं, कभी सवारी का कोई साधन मिल जाता है तो उससे आ जाता हूं। बुद्ध ने फिर एक नया प्रश्न पूछ लिया कि क्या तुम यहां बैठे-बैठे अपने घर पहुंच सकते हो? ये प्रश्न सुनकर वह लड़का और वहां बैठे सभी लोग हैरान हो गए। लड़के ने कहा कि ये कैसे संभव है? मैं बैठे-बैठे कहीं और नहीं पहुंच सकता। इसके लिए तो मुझे ही चलकर जाना होगा। बुद्ध ने कहा कि तुम्हारी बातों में ही तुम्हारे प्रश्नों का उत्तर है। सत्संग सुनने से तब तक कोई लाभ नहीं होगा, जब तक कि तुम उन अच्छी बातों को अपने जीवन में उतारते नहीं हो। जब तक तुम अच्छे काम नहीं करोगे, इच्छाओं का त्याग नहीं करोगे, बुराइयों से दूर नहीं रहोगे, तब तक तुम्हारे जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। सिर्फ प्रवचन सुनने से, यहां बैठने से जीवन में कोई बदलाव नहीं आएगा। बुद्ध ने आगे कहा कि अगर तुम कोई अच्छा करना चाहते हो तो उसके लिए तुम्हें प्रयास करना होंगे, विचार करने से काम नहीं होगा। सत्संग में तुम्हें सही-गलत बातों की जानकारी मिलती है, लेकिन उन्हें अपने जीवन में किस तरह उतारना है, ये तो तुम्हें ही तय करना होगा, तुम्हें प्रयास करने होंगे, तभी जीवन में सुख-शांति और सफलता आएगी। सत्संग करते रहने से हमारी बुद्धि पवित्र रहती है और हमारा मन गलत बातों से बचा रहता है। अगर हम सत्संग नहीं करेंगे तो हमारे विचार भटक सकते हैं। इसलिए अच्छी किताबें पढ़नी चाहिए, अच्छे लोगों की संगत में रहना चाहिए।

# शिक्षा से महिलाओं का सशक्तिकरण: सावित्री बाई फुले की विरासत

**सावित्री ठाकुर**

शिक्षक दिवस उन महान व्यक्तित्वों को सम्मानित करने का अवसर है, जो अपने ज्ञान और मार्गदर्शन से राष्ट्र का भविष्य संवारते हैं। इस दिन हम भारत की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले (1831ङ्क1897) को श्रद्धापूर्वक याद करते हैं, जिन्होंने हमारे देश में महिला शिक्षा की नींव रखने के लिए पुराने सामाजिक पूर्वाग्रहों को साहसपूर्वक चुनौती दी थी।

ऐसे दौर में जब महिलाओं की शिक्षा को नापसंद किया जाता था और अक्सर हिंसक तरीके से इसका विरोध किया जाता था, सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में पुणे में लड़कियों के लिए स्कूल खोले। उन्होंने केवल पढ़ाया ही नहीं, बल्कि पाठ्यक्रम भी तैयार किए और महिलाओं को ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित करने हेतु कविताएँ भी लिखीं। उनका जीवन साहस का प्रमाण था—वह रोज़ाना एक अतिरिक्त साड़ी के साथ स्कूल जाती थीं, क्योंकि रूढ़िवादी पुरुष उन पर कीचड़ और पत्थर फेंकते थे। फिर भी वह डटी रहीं, क्योंकि वह जानती थीं कि भारत का भविष्य उसकी बेटियों की शिक्षा में निहित है।

**सुधारकों की विरासत और समानता का आह्वान–** सावित्रीबाई फुले अपने संघर्ष में अकेली नहीं थीं। भारत के समाज सुधार की यात्रा को राजा राम मोहन राय जैसे महान व्यक्तित्वों ने दिशा दी, जिन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह के खिलाफ आवाज़ उठाई और महिला शिक्षा का समर्थन किया। ईश्वरचंद्र विद्यासागर ने विधवा पुनर्विवाह और बालिका शिक्षा की वकालत की। आगे चलकर महात्मा गांधी ने भी इस बात पर ज़ोर दिया कि 'महिलाओं की शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली माध्यम है।' इन सभी सुधारकों का मानना था कि जब तक महिलाएँ शिक्षा से सशक्त नहीं होंगी, भारत को सच्चे अर्थों में स्वतंत्रता नहीं मिल सकती।

यह विरासत आज भी आधुनिक भारत की आकांक्षाओं को दिशा दे रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अक्सर इस बात पर ज़ोर दिया है कि भारत की विकास यात्रा महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास से आगे बढ़ेगी। 'विकसित भारतञ्च2047' का विज़न भी इसी सोच पर आधारित है, जिसमें महिलाओं को राष्ट्र निर्माण का समान भागीदार बनाया गया है, और इस सशक्तिकरण की नींव शिक्षा है।

**महिलाएँ और शिक्षा–अब तक की प्रगति–** स्वतंत्रता के बाद से इस दिशा में हुई प्रगति उल्लेखनीय रही है। महिला साक्षरता, जो 1951 में मुश्किल से 8.86 प्रतिशत थी, आज बढ़कर 65.46 प्रतिशत (2011 की जनगणना के अनुसार) हो चुकी है और हाल के सर्वेक्षणों से स्कूलों में लड़कियों के बढ़ते नामांकन यह इंगित करते हैं कि इसमें लगातार सुधार हो रहा है।एकीकृत जिला शिक्षा सूचनाप्रणाली (यूडीआईएसई+) 2021-22 के अनुसार, प्राथमिक स्तर पर लड़कियों का सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) अब लड़कों की तुलना में अधिक है।

मोदी सरकार ने 2015 में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना शुरू की, जिसने समाज की सोच बदली, बाल लिंगानुपात में सुधार किया और स्कूली शिक्षा के हर स्तर पर लड़कियों के नामांकन को बढ़ाया। पोषण अभियान, मिशन शक्ति और सामर्थ्य जैसी पहल मिलकर ऐसा ढांचा तैयार करती हैं, जिसमें शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और अवसर का सहारा मिलता है। यूडीआईएसई+ 2024-25 के आँकड़े बताते हैं कि पहली बार भारत में महिला शिक्षकों की संख्या कुल स्कूली शिक्षकों का 54.2 प्रतिशत हो गई है, जो 2014-15 के 46.9 प्रतिशत से कहीं अधिक है।

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान का नाम बदलकर सावित्रीबाई फुले राष्ट्रीय महिला एवं बाल विकास संस्थान कर दिया है।यह संस्थान महिलाओं और बच्चों से संबंधित कार्यक्रमों को मज़बूत बनाने के लिए क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और अनुसंधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और यह सुनिश्चित करता है कि नीतियाँ ज़मीनी स्तर पर प्रभावी रूप से क्रियान्वित हों। सावित्रीबाई फुले के नाम के साथ, यह संस्थान शिक्षा और सुधार के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के उनके विजन के प्रति जीवंत श्रद्धांजलि है।

फिर भी कुछ चुनौतियाँ बनी हुई हैं। कम उम्र में विवाह, सुरक्षा की चिंता और आर्थिक कारणों से कई लड़कियाँ माध्यमिक स्तर पर पढ़ाई छोड़ देती हैं। सरकार इन चुनौतियों को दूर करने के लिए छात्रवृत्ति, आवासीय सुविधा, मासिक धर्म स्वच्छता पहल और डिजिटल शिक्षा के अवसर उपलब्ध करा रही है, ताकि हर लड़की बिना रुकावट अपनी पढ़ाई पूरी कर सके।

**राष्ट्र-निर्माता के रूप में शिक्षक–** महिला शिक्षकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। वे केवल पढ़ाने का काम नहीं करतीं, बल्कि लाखों बालिकाओं के लिए प्रेरणा और आदर्श भी बनती हैं। इसी तरह वे सावित्रीबाई फुले की मशाल को आगे बढ़ा रही हैं। अध्ययन बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शिक्षकों की उपस्थिति से लड़कियों का स्कूल में नामांकन और पढ़ाई जारी रखने की संभावना बढ़ जाती है। गरीबी के चक्र को तोड़ने और परिवारों को बेहतर भविष्य का सपना दिखाने में उनका योगदान बेहद अहम है।

**विकसित भारत की ओर:** जैसे-जैसे भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, शिक्षा विकास का प्रमुख वाहक बनी हुई है। विशेषकर महिलाओं की शिक्षा, इसके प्रभाव को कई गुना बढ़ा देती है– शिक्षित महिलाएँ बेहतर स्वास्थ्य सेवा, कम शिशु मृत्युदर, उच्च पारिवारिक आय और मज़बूत समुदाय सुनिश्चित करती हैं। यूनेस्को के अनुसार, एक लड़की की स्कूली शिक्षा का प्रत्येक अतिरिक्त वर्ष उसकी भविष्य की आय में 10-20 प्रतिशत की वृद्धि करता है।

इसलिए, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय अपनी योजनाओं को सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्णशिक्षा) और सतत विकास लक्ष्य 5 (लैंगिक समानता) के अनुरूप बनाना जारी रखे हुए है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी लड़की पीछे न छूटे।हम शिक्षा को पोषण, सुरक्षा और कौशल विकास के साथ जोड़कर ऐसा माहौल तैयार कर रहे हैं जहाँ महिलाएँ विद्यार्थी, शिक्षक, उद्यमी और नेता बनकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

**सामूहिक संकल्प–** सावित्रीबाई फुले की कहानी हमें इस बात की याद दिलाती है कि सच्ची प्रगति साहस से ही जन्म लेती है। पुणे की उनकी साधारण कक्षा से लेकर आधुनिक भारत की उन कक्षाओं तक, जहाँ करोड़ों लड़कियाँ प्रतिदिन शिक्षाग्रहण करती हैं, यह यात्रा महिलाओं और शिक्षा के प्रति समाज के दृष्टिकोण में आए व्यापक बदलाव को दर्शाती है।लेकिन यह मिशन अभी अधूरा है।

शिक्षक दिवस को मनाते हुए, आइए हम उनके विजन और हमारे प्रधानमंत्री के इस आह्वान के प्रति स्वयं को पुनःसमर्पित करें कि महिला सशक्तिकरण कल्याण नहीं, बल्कि राष्ट्रीय शक्ति का विषय है।यह सुनिश्चित करते हुए कि प्रत्येक लड़की शिक्षित हो, प्रत्येक महिला सशक्त हो और प्रत्येक शिक्षक का सम्मान हो, हम अपने सपनों का भारत बना सकते हैं। सावित्रीबाई फुले की विरासत केवल इतिहास नहीं है - यह हमारे वर्तमान के लिए जीवंत मार्गदर्शक और भविष्य के लिए प्रकाशस्तंभ है। उनके साहस के प्रकाश में हम यह देख सकते हैं कि विकसित भारत का मार्ग उसके बेटियों और बेटों द्वारा समान रूप से नेतृत्व किया जाएगा।

**(लेखिका केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री हैं)**

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपके धैर्य और संयम की आज परीक्षा होने वाली है। आपके स्वजन ही आपके प्रति दुर्व्यवहार कर सकते हैं। इसीलिये आज केवल अपने काम पर ध्यान दें।

**वृषभ**
व्यापार को लेकर आप अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों में आप भाग लेंगे। प्रेमीजन के लिये कुछ महँगे उपहार खरीद सकते हैं।

**मिथुन**
आज आपको किसी विशेष काम को लेकर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी। परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मानसिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क**
अपनी शक्ति और अधिकारों का दुरुपयोग न करें। आज ऐसा कोई काम न करें जिससे आप लोगों के निशाने में आयें। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**सिंह**
आज व्यवसाय में अधिक बदलाव करने से बचें। आप अनावश्यक कार्यों में समय खराब कर सकते हैं। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या**
योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिये हितकर सिद्ध होगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष का है। प्रेम-सम्बन्धों की मर्यादा बनाये रखें।

**तुला**
परिवार में आयोजन हो सकता है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। आत्मकेन्द्रित होने से आपको बचना चाहिये। मित्रगण आपके प्रति गलत राय बना सकते हैं।

**वृश्चिक**
परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा। अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोभाव से पूर्ण करने में लगे रहेंगे।

**धनु**
कार्यक्षेत्र में अपने प्रदर्शन को लेकर सन्तुष्ट नहीं रहेंगे। सभी कार्य धीमी गति से होंगे। कुछ विचित्र प्रकार की अनुभूतियाँ आज आपको हो सकती हैं। पूर्व में की गयी गलती दोहरा सकते हैं।

**मकर**
आज आप जहाँ भी रहेंगे वहाँ का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। अपनी सफलता से आप सन्तुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी आपको हर तरह से खुश रखने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ**
अपने व्यावसायिक कार्यों की अच्छी मार्केटिंग करने में सफलता मिलेगी। पैतृक सम्पत्ति से आपको लाभ होगा। आपके दिमाग में चंचलता हावी रहेगी।

**मीन**
राजनीति से जुड़े लोगों को कटु आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। अपनी शक्तियों और अधिकारों का पर्याप्त उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं।

# कार्यपालक सहायकों ने निकला कैंडल मार्च

## सरकार की नीतियों और उपेक्षा के खिलाफ जताई नाराजगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बेगूसराय।** बिहार राज्य कार्यपालक सहायक सेवा संघ जिला इकाई-के आह्वान पर जिले के सभी प्रखंडों व विभागों में कार्यरत कार्यपालक सहायकों ने अपनी लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर राज्य संघ के निर्देश पर एकजुट होकर शुक्रवार को जिला मुख्यालय पर केंडिल मार्च निकाला गया। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष पप्पू कुमार और अराजपत्रित कर्मचारी संघ के मोहन मुरारी ने संयुक्त रूप की। उन्होंने बताया की यह विरोध सिर्फ एक प्रतीकात्मक कदम नहीं था, बल्कि सरकार की नीतियों और उपेक्षा के खिलाफ गहरी नाराजगी और असंतोष का प्रदर्शन था। सरकार और बीपीएसएम की निष्क्रियता और टालमटोल रवैये को देखते हुए चरणबद्ध आंदोलन की शुरूआत की गयी है। बार-बार मांगें रखे जाने के बावजूद सकारात्मक समाधान नहीं निकलने से कर्मचारियों में गहरी नाराजगी है। मुख्य वजह यह है कि कार्यपालक सहायकों की सेवाएं वर्षों से संविदा (कन्ट्रैक्ट) के आधार पर ली जा रही हैं लेकिन उनका स्थायीकरण, राज्यकर्मी का दर्जा, वेतनमान व चिकित्सीय लाभ सहित अन्य सुविधा अब तक नहीं दी गई है। इसके अलावा अनुकंपा पर नियुक्ति, आकस्मिक निधन पर उपादान समेत 11 सूत्री मांगों को लेकर 3 सितंबर से चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। अराजपत्रित संघ के मोहन मुरारी ने कहा कि अगर 10 सितंबर तक हम सभी की मांगें पूरी नहीं हुई तो किसी भी दो कार्य दिवस को सामूहिक अवकाश करेंगे। इसके बाद भी सकारात्मक कार्रवाई नही होने की स्थिति मे अनिश्चितकालीन हड़ताल आदि करने के लिए कार्यपालक सहायक बाध्य होंगे। 7 सितंबर को जिला मुख्यालय मे धरना देकर विरोध जताएंगे। संघ के जिलाध्यक्ष पप्पू कुमार ने बताया की सभी कार्यपालक सहायक विभिन्न विभागों में विगत 14 से 15 वर्षों से अपनी सेवा दे रहे हैं। परंतु अब तक हमारा सेवा संवर्ग का गठन नहीं किया गया है। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी तुषार रंजन ने दी है। मौके पर दुर्गेश नंदन कुमार, अनिल कुमार, विकाश कुमार, नीतीश कुमार, हीरा पासवान, राजीव कुमार, शशि सिद्धार्थ पांडे, अभिषेक कुमार, शालिनी कुमारी, हिमांशु कुमार, मुकेश कुमार समेत दर्जनों कार्यपालक सहायक मौजूद थे।

## अनिश्चितकालीन हड़तल पर गए स्वच्छताकर्मी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नावकोठी।** स्वच्छ भारत मिशन तथा बिहार ग्रामीण लोहिया स्वच्छता अभियान से जुड़े स्वच्छता पर्यवेक्षक तथा स्वच्छता कर्मी अपनी आठ सूत्री मांगों के समर्थन में शनिवार से अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए। इस आशय का मांगपत्र शनिवार को स्वच्छता पर्यवेक्षक ने बीडीओ चिरंजीव पांडेय को सौपा। स्वच्छता पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार ने बताया कि पूर्व में संघ द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन में हुए समझौते को लागू नहीं किया गया। अतएव बाध्य होकर पुनः अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाना पड़ा। इनकी प्रमुख मागों में स्वच्छता पर्यवेक्षक व स्वच्छता मित्र को पूर्ण कालिक कर्मी घोषित करने, ग्रामीण विकास विभाग के पत्राक 1353664 के तहत संविदा लागू करने, स्वच्छता पर्यवेक्षक का मानदेय 20 हजार रुपए, स्वच्छता मित्र का मानदेय 10 हजार रुपए प्रति माह करने, सेवा काल 60 वर्ष करने, सभी बकाया मानदेय का भुगतान करने, कार्य अवधि में आकस्मिक मृत्यु होने पर आकस्मिक लाभ देने, अनुकम्पा पर परिवार के एक सदस्य बने काम देने आदि शामिल हैं। मौके पर नवीन कुमार, फूलेन सहनी, अशोक कुमार ठाकुर, बीरबल कुमार, मुकुंद कुमार, इंदु कुमारी, रेखा कुमारी, स्पेश कुमार आदि मौजूद थे।

## गोलीबारी कांड का दो आरोपित गिरफ्तार

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मौर्य बिहार कॉलोनी में हुए गोलीबारी कांड में पुलिस ने दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार लोगों में सचिन एवं गौतम शामिल है. यह कार्रवाई नगर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) पटना के निर्देशन और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1, फुलवारी शरीफ के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने की है। मामला 31 अगस्त की सुबह का है जब मौर्य बिहार कॉलोनी निवासी सुर्याकांत शर्मा उर्फ छोटे को अपराधियों ने गोली मारकर जख्मी कर दिया था. घायल को तत्काल हाईटेक अस्पताल, सुगना मोड़, पटना में भर्ती कराया गया. पीड़ित के फर्दबयान पर छह नामजद और अन्य अज्ञात अभियुक्तों के विरुद्ध फुलवारी शरीफ थाना कांड संख्या-1441/25 दर्ज किया गया था। एसपी सीटी पश्चिमी भानु प्रताप ने बताया कि पुलिस की लगातार छापेमारी के बाद शनिवार को दो नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### जनता दरबार में दो मामले निष्पादित

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांव से आए जमीन संबंधी विवादों के निपटारे के लिए पुर्व से निर्धारित कार्यक्रम के तहत शनिवार को वीरपुर के अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी भाई बीरेंद्र के अध्यक्षता में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जिसकी जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि पुर्व का दो व एक नए आवेदन के साथ कुल तीन मामलों की सुनवाई की गई। जिसमें से दो आवेदनों को आपसी समझौता के आधार पर निष्पादित किया गया। शेष बचे हुए एक आवेदन के आलोक में दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर अगली तिथि में बुलाया जाएगा। मौके पर वीरपुर थाना के अधिकारी एवं अंचल के राजस्व कर्मचारी राजेश कुमार,सहित कई फरियादी मौजुद थे।

### जनता दरबार का आयोजन

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल क्षेत्र के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद के निबटारे को लेकर शनिवार को थाने में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें तीन भूमि विवाद का मामला सुनवाई के लिए दर्ज किया गया है तथा एक भी पुराने मामले का निष्पादन नहीं किया गया। नावकोठी के वार्ड संख्या 12 के रामसागर यादव व सोने लाल यादव, वार्ड सख्या 09 के संतोष कुमार चौधरी व मनोज कुमार चौधरी, पहसारा के मेघनी देवी व रामाश्रय पासवान के रैयती भूमि विवाद मामले को सुनवाई के लिए दर्ज किया गया। जनता दरबार में कुल 08 मामले लंबित है। छतौना के रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,अब्बूपुर के दामोदर महतो व सोनी देवी, रामनारायण महतो व मिथिलेश कुमार,चक्का के नारायण महतो व राजकुमार पोद्दार, शेखपुरा के सुखो ताती व मनोज पासवान, रजाकपुर के अमीर महतो व अमीन महतो, पहसारा के रमेश सहनी व राम उदय सहनी आदि मामले की सुनवाई कर अगली तारीख दी गयी। मौके पर आर ओ लवली कुमारी,ए एस आई युगल किशोर मंडल, अंचल कर्मी गोपाल कुमार, नरेन्द्र कुमार व फरियादी आदि मौजूद थे।

### पूर्व सांसद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** सीबीआरकेसी फाउंडेशन की ओर से शनिवार को दिवंगत पूर्व सांसद प्रो चंद्रभानु देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने प्रो चंद्रभान देवी के राजनीतिक, शैक्षणिक और सामाजिक योगदान को याद करते हुए कहा कि वे शिक्षा और महिला सशक्तिकरण की प्रखर समर्थक थीं। उन्होंने समाज की भलाई के लिए आजीवन कार्य किया। वहीं अमिता भूषण पूर्व विधायक द्वारा चलाए जा रहे उक्त फाउंडेशन ने उनके सपनों को साकार करने का कार्य किया है। जो आज भी समाज के पिछड़े और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर सीबीआरकेसी फाउंडेशन द्वारा सामाजिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण और शिक्षा के क्षेत्र में कई नई पहल की भी घोषणा की गई। कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक संगठनों, बुद्धिजीवियों, जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया और दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर आलोक आनंद, नीतेश झा, बसंत यादव, हीरा झा, फाउंडेशन के सचिव कन्हैया कुमार सावर कुमार मयंक कुमार, विनोद कुमार, मो इम्तियाज, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिलाध्यक्ष शेख मोहम्मद जफर, कांग्रेस विचार विभाग जिलाध्यक्ष राम पदार्थ यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

### अनंत चतुर्दशी का पूजा सम्पन्न

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतो में विधान पूर्वक सुबह से ही अनंत चतुर्दशी का पूजा मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस क्रम में मोहब्बा, डंडारी, तेतरी, कल्याणपुर, बांक, पचरुखी, कटहरी, हरदिया, कटरमाला, राजोपुर, बलहा, सिसौनी आदि ग्रामों में इस दौरान सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ विभिन्न स्थानों मंदिर एवं कई सार्वजनिक स्थानों पर व लोगों के घरों में अनंत पूजा विधान पूर्वक किया गया। वहीं पंडितों के द्वारा विधिवत मंत्रोच्चारण के भगवान अनंत देव की कथा श्रद्धालुओं के बीच ब्राह्मणों के द्वारा सुनाई गई। इसके साथ ही भगवान विष्णु की पूजा अर्चना की एवं हवन पूजन के उपरांत श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। मान्यताओं के अनुसार 14 गांठों वाला अनंत सूत्र बांधना शुभ माना जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार इस व्रत की शुरूआत महाभारत काल में ही हुई थी। जब पांडव परिस्थितियों में थे, तब उन्होंने इस व्रत को किया और उनके जीवन से संकट दूर हो गए तभी से इसे संकट हरने वाला और सुख-समृद्धि देने वाला पर्व माना जाता है। हिदू धर्म में इसका महत्त्व इस दिन अनन्त भगवान की पूजा करके संकटों से रक्षा करने वाला अनन्त सूत्रबांधा जाता है। कहा जाता है कि जब पाण्डव धृत क्रीड़ा में अपना सारा राज-पाट हारकर वन में कष्ट भोग रहे थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें अनन्त चतुर्दशी का व्रत करने की सलाह दी थी।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दी गई जानकारी

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बिहार सहकारिता बिभाग इन दिनों बिहार के सभी पेक्सो मे अपनी नुक्कर नाटक टीम भेजकर सहकारिता के द्वारा बिहार के पेक्सो के माध्यम से चलाई जा रही है। किसानो के हित मे योजनाए की जानकारी किसानो को दिया जा रहा है। साथ ही इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किसानो को मिट्टी की जांच हर बर्ष कराने उर्वरक का इस्तमाल कम से कम करने की सालह तो दी जा रही है। जैविक खाद का उपयोग ज्यादा से ज्यादा करने का अनुरोध किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत बलिया प्रखंड के पोखरिया बड़ी बलिया नुरजमापुर सालाहचक मनसेरपुर मे नुक्कड़ नाटक कर किसानो को जानकारी दी जा चुकी है एवं इस अभियान के तहत भगतपुर पैक्स के राम जानकी मंदिर परिसर मे आज पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह के अध्यक्षता ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए उपस्थित किसानो को सहकारिता बिभाग के द्वारा चलाई जा रही योजनाए की जानकारी दिया। इस अवसर पर पेक्स प्रबंध समिति सदस्य राजेश सिंह फुलेना यादव रंजीत सिंह प्रबंधक दुर्गेश कुमार किसान धर्मदेव चौधरी फुलेना सिंह सतीश सिंह नंद कुमार राय प्रदीप राय रामआशीष सिंह बहादुर ठाकुर नरेश ठाकुर गेंहारी पोद्दार दीपक कुमार बब्लू कुमार सहित दर्जनों किसान एवं सहकारिताकर्मी उपस्थित थे।

### खंडित मूर्तियां हुई विसर्जित

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** क्षेत्र के अंतर्गत डफरपुर पंचायत के कमलपुर में बीते बुधवार को असामाजिक तत्वों के द्वारा पंचमुखी हनुमानजी ,शनिदेव महाराज व कालभैरव की प्रतिमा को तोड़ दिया गया । वहीं शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी चिरंजीव पांडे, डफरपुर के मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम, पंसस अजीत कुमार सिंह, उपमुखिया राजकुमार सिंह उर्फ हुलो सिंह व महंथ रामप्रिय दास के द्वारा खंडित तीनों प्रतिमा को बूढ़ी गंडक नदी विसर्जित किया गया। बीडीओ चिरंजीव पांडे ने कहा कि तीनों खंडित प्रतिमा को महंथ रामप्रिय दास जी महाराज, जनप्रतिनिधि व ग्रामीण के सहयोग से मूर्ति का विसर्जन किया गया। जल्द ही इसी स्थल पर तीनों प्रतिमा को विधि विधान पूर्वक स्थापित किया जाएगा ।वहीं मुखिया प्रतिनिधि ई रंजीत कुमार पमपम ने बताया कि जल्द से जल्द ग्रामीण व जनप्रतिनिधि के सहयोग यहां भव्य मंदिर का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मंदिर के निर्माण के लिए कमिटी का गठन किया जा चुका है जिसमें उपमुखिया राजकुमार सिंह उर्फ हुलो सिंह को कमिटी का अध्यक्ष, पंसस अजीत कुमार सिंह को उपाध्यक्ष, सुधीर सिंह को सचिव एवं विमल सिंह को कमिटी का कोषाध्यक्ष पद दिया गया। मौके पर गुड्डू सिंह, शम्भु सिंह, आलोक कुमार, राहुल, पप्पू सिंह कुमार, शंकर चौधरी, गौतम कुमार, प्रिंस कुमार, मुकुंद कुमार, निर्मल कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## युवक ने लगाकर दी जान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** थाना क्षेत्र के हसनपुर बागर पंचायत के वार्ड संख्या 8 में एक युवक ने अहले सुबह गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया है। मृतक शम्भू सहनी का 16 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार है। माँ विचित्रा देवी ने बताया कि आज से तीन दिन पूर्व मोबाइल चलाने को लेकर उसे फटकार लगाई गई थी इससे आक्रोशित होकर उसने अपना मोबाइल सहित बरामदे पर चल रहे स्टैंड पंखे को भी तोड़ दिया। उस दिन से वह खाना पीना भी छोड़ दिया था। शुक्रवार को उसे मना कर खाना खिलाया गया। दादी विमल देवी ने बताया कि वह उसके रूम के सामने बरामदा पर सोया था। शनिवार की अहले सुबह नींद खुलने के बाद देखा कि वह बिस्तर पर नहीं है। उसे ढूंढने लगी तो कमरे में उसे माँ के स्टाल से पंखा के बगल में बांस से लटका हुआ झूलता पायी। शोर करने पर उसकी माँ तथा पड़ोस के लोग जमा हो गए। उसे फंदा पर से उतारा गया पर तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पाकर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराकर दाहसंस्कार हेतु परिजनों को सुपूर्द कर दिया। मुखिया विजय पासवान, सरपंच अर्जुन पासवान, कामेश्वर झा, नरेश झा, राम बालक सहनी, रमेश सहनी आदि ने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया तथा हरसंभव मदद करने का भरोसा दिया।

## शिक्षकों को किया गया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नावकोठी।** प्रखंड मुख्यालय पंचायत के द्वारिका पैलेस नावकोठी के उत्सव हॉल में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुखिया राष्ट्रपति कुमार तथा संचालन सुशील कुमार सिंह व मृत्युंजय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मुखिया श्री कुमार ने कहा कि मैं आज जो भी हूँ इन गुरूजनों के आशीर्वाद से हूँ। इनका सम्मान करते हुए अत्यंत खुशी हो रही है कि इनके मार्गदर्शन में इस मुकाम को हासिल किया हूँ। अपने कार्यकाल की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए पंचायत को तीन अवसर जिला में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए तथा एक अवसर राज्य स्तर पर द्वितीय स्थान प्राप्त करने का मिला है। सेवा निवृत्त शिक्षक रवीन्द्र प्रसाद सिंह ने इस आयोजन के माध्यम से शिक्षक की कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी, सेवा आदि को संबल मिलेगा। समारोह को एच एम राजेश कुमार, विभाकर कुमार, प्रो हरेराम सिंह, शकील अहमद बेग, आगन सेविका मीना कुमारी, अरूण कुमार मालाकार, राधा रमन पोद्दार आदि ने भी सबोधित किया। पंचायत के सेवा निवृत्त शिक्षक, सेवा रत शिक्षक, आगन बाड़ी सेविका आदि को चादर, माला, डायरी, लेखनी आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। मौके पर राम स्वरूप साह, सुधीर कुमार सहनी, उपेन्द्र प्रसाद सिंह, राम नारायण दिवाकर सहित सेकड़ों शिक्षक मौजूद थे।

### शिक्षकों को दी गई विदाई

**वीरपुर।** थाना क्षेत्र के सहुरी गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय सहुरी नवीन में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यालय से ट्रांसफर हुए शिक्षक के लिए विद्यालय परिवार की ओर से विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से केक काट कर हर्षोल्लास पूर्वक शिक्षक दिवस के अवसर पर एक दूसरे को बधाई दी।जिसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापक अशोक कुमार दास ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक संतोष चौरसिया वर्ष 2022 से विद्यालय में कार्यरत थे जिनका लगाव विद्यालय परिवार से बहुत ही ज्यादा था इनका विभागीय नियमानुसार स्थानांतरण जुलाई माह के अंत में होने से वीरपुर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय फजिलपुर में होने से विद्यालय इनकी कमी हमेशा खलेगी। वही शिक्षक मनोज कुमार साह ने बताया कि इनका जुड़ाव विद्यालय परिवार के साथ ही विद्यालय के हर बच्चे एवं अभिभावक के साथ था। कार्यक्रम में शिक्षक मनीष कुमार, उमर अली, दीपक कुमार, शिक्षिका पुष्पलता कुमारी, कल्पना रानी, रूही खातून, सलोनी कुमारी सोनी, रिंकू कुमारी, माहेजवी समेत सैकड़ों छात्र छात्राएं मौजूद थे।

## महादलित मुहल्ले में पीएम के मां के नाम पर बना मंदिर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बेगूसराय।** सदर प्रखंड के सुजा पंचायत में शनिवार को पीएम मोदी की माताजी के नाम पर मंदिर का नामकरण किया गया। जन सहयोग से बनी सामुदायिक भवन सह कामामाय मंदिर का लोकार्पण भाजपा के पूर्व राज्यसभा सांसद राकेश सिन्हा ने किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मां हीरा बेन के नाम पर नामांकरण कर उक्त मंदिर महादलित टोले को समर्पित किया गया। इस अवसर पर प्रो राकेश सिन्हा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की स्वर्गीय माता जी को गाली दी गई है। यह गाली भारत की सभी माताओं को दी गई है। भारतीय समाज में मां और बहन को गाली देने की जो प्रवृत्ति है वह गलत है। राजनीति को उस स्तर तक ले जाने की जो अनैतिक कोशिश है। उसका जवाब इस भवन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मां स्वर्गीय हीरा बेन के नाम समर्पित करके दिया गया है। स्वर्गीय हीरा बेन भारतीय समाज में एक नए पुनर्जागरण के अभियान का कारण बनेंगी। लोग अब सजग और सचेत हो गए हैं। यह महादलित बस्ती है। जहां सामान्य सुविधाओं की कमी है। उस जगह पर सभी महादलितों ने इस निर्णय का स्वागत किया है और सभी में खुशी है। यह निर्णय 24 घंटे के अंदर दिया गया और सब लोगों ने इसे खुशी-खुशी स्वीकार किया है। मुझे लगता है कि पूरे देश में यह समर्पण एक नए चिंतन और एक नए अभियान को जन्म देगा। समाज के सहयोग से बने इस भवन के निर्माण में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डा. संजय कुमार और स्थानीय समिति के नेता सुनील कुमार समेत अनेक लोगों ने योगदान दिया। इस भवन में 100 लोग आराम से रह सकते हैं। यह दो मंजिला भवन है। कामा देवी की उपासना यहां के लोग करते हैं। उनके लिए मंदिर नहीं था। अब उनके मंदिर का भी निर्माण हो गया है। 20 शौचालयों और बैठने की जगह का भी निर्माण हुआ है। यहां के लोगों में सामाजिक सहयोग और समाज के ऊपर एक आस्था पैदा हुई है, जो हमेशा के लिए रहेगी। डा. संजय कुमार ने कहा कि बिहार में प्रधानमंत्री की मां के नाम पर गाली दी गई थी। अब बिहार के ही हमारे बेगूसराय में बने इस सामुदायिक भवन सहित मंदिर का नामाकरण देश के लिए एक मिसाल है। इस नामकरण से पूरे देश की महिलाएं प्रेरित होगी।

## अनुग्रह बाबू को भारत रत्न देने की मांग तेज

**औरंगाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मगध क्षेत्र निर्माण संघर्ष समिति के सचिव उमेश तिवारी ने प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर बिहार विभूति, स्वतंत्रता सेनानी और बिहार के प्रथम उपमुख्यमंत्री स्वर्गीय डॉ. अनुग्रह नारायण सिंह को भारत रत्न देने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि अनुग्रह बाबू ने स्वतंत्रता आंदोलन में महात्मा गांधी को पूरा सहयोग दिया। चंपारण सत्याग्रह में किसानों के साथ अग्रिम पंक्ति में रहकर अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और कई बार जेल गए। रॉलेट एक्ट विरोध, अगस्त क्रांति और अन्य आंदोलनों में भी उनकी सक्रिय भागीदारी रही। आजादी के बाद वे बिहार सरकार के प्रथम उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री बने। उनके नेतृत्व में राज्य में सिंचाई, सड़क, कृषि सुधार और औद्योगिक विकास की ठोस नींव पड़ी। जिनेवा में हुए श्रम सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व कर उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी देश की छवि मजबूत की। उमेश तिवारी ने कहा कि सरलता और सादगी के प्रतीक अनुग्रह बाबू आधुनिक बिहार के निर्माता थे। डॉ. राजेंद्र प्रसाद और सरदार पटेल जैसे राष्ट्रीय नेताओं का सान्निध्य उन्हें प्राप्त था। समिति ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया है कि उन्हें भारत रत्न की उपाधि प्रदान कर बिहार और देश के लोगों की भावना का सम्मान किया जाए।

## 16 राज्यों में असिस्टेंट प्रोफेसर की सेट परीक्षा में सफलता का लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**छपरा।** अपने कठिन परिश्रम के बल पर लगातार 4 बार यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की नेट परीक्षा क्रैक कर सुर्खियों में आ चुके छपरा के राजेश कुमार सिंह की सक्सेस स्टोरी अब रिकॉर्ड बुक में दर्ज होने को है। हाल हीं मे राजेश ने बिहार को गौरवान्वित होने का मौका तब दिया जब सेवन सिस्टर्स के नाम से प्रसिद्ध पूर्वांतर भारत में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर के लिए आयोजित सबसे कठिन परीक्षा नॉर्थ ईस्ट स्टेट एलिजिबिलिटी टेस्ट 2025 (असम सेट ) को पास कर अपना व प्रदेश का नाम उंचा किया। नॉर्थ ईस्ट स्लेट कमीशन असम गुवाहाटी द्वारा आयोजित इस परीक्षा में आप इतिहास विषय से 59% अंको के साथ पास हुए हैं। अब आप पूर्वांतर के सभी 8 राज्यों असम, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, मेघालय, त्रिपुरा व सिक्किम के सेंट्रल व स्टेट यूनिवर्सिटी व कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफ़ेसर पद के लिए अपनी अर्हता पक्की कर ली है। आप इसी वर्ष छत्तीसगढ़ की सेट परीक्षा में भी स्टेट टॉपर बने थे। वे युवाओं के लिए रोल मॉडल बन चुके हैं
वे अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता पिता व गुरुजनों को देते हैं...बता दें कि पटना यूनिवर्सिटी से अपनी शिक्षा हासिल करने वाले राजेश कुमार सिंह फिलहाल सारण जिले के एकमा स्थित पीएम श्री अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विधालय में विशिष्ट शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं. एक लेखक के रूप में भी इनकी अच्छी पहचान है, अबतक तीन किताबें उनकी छप चुकी है। राजेश का मानना है कि देश की उच्च शिक्षा में प्रतिभाशाली लोगों को आगे आना चाहिए। उनकी इस सफलता पर बिहार विधान परिषद के विधान पार्षद डॉ बीरेंद्र नारायण यादव, स्नातकोतर इतिहास विभाग के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कन्हैया, एसोसिएट प्रोफ़ेसर डॉ राजेश नायक, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर डॉ रितेश्वर नाथ तिवारी, डॉ अभय कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण माध्यमिक शिक्षक संघ सारण जिला के सचिव विद्या सागर विद्यार्थी समाजसेवी डॉ अंजू सिंह ने हार्दिक बधाई दी है व आपके उज्जवल भविष्य कि कामना की है।

## हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस पर निकला जुलूस व प्रभात फेरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** शनिवार को इस्लाम धर्म के प्रवर्तक व आखरी पैगंबर हजरत मोहम्मद (स0) साहब के जन्मदिवस के मौके पर जिले भर से भव्य जुलूस निकला। पंद्रह सौ साला जश्न ईद मिलादुन्नबी जिले के जोकीहाट थाना क्षेत्र के चिरह गांव के दरगाह चिरह शरीफ से चलकर जिला मुख्यालय स्थित सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम पहुंचा जहां जुलुश एक सभा में परिणत हो गया। इस मौके पर रामपुर, डुमरिया, रामपुर कोडरकट्टी, अररिया वगैरह गांव से जुलूस जिला मुख्यालय पहुंचा और प्रोग्राम का आगाज कुरान पाक की तिलावत से शुरू हुआ उसके बाद नात पाक पढ़ा गया। जबकि प्रोग्राम का संचालन मौलाना मनोववर साहब रामपुर ने किया और ईद मिलादुन्नबी के आमद पर तकरीर मुफ्ती हबीबुर रहमान, अरशद अनवर अलिफ साहब ने किया। प्रोग्राम का समापन सलाम व दरूद पाक अदा कर दुआ से किया तथा पूरे संसार के लिए दुआ की गई। मौके पर चिरह के मुखिया शाहिद आलम, मौलाना जफर मंजूर, निहाल भाई, डॉ हबीब, मोहम्मद जाहिद, मास्टर अब्दुल वाहिद, मास्टर कलाम, हाफिज इरशाद, पूर्व मुखिया शहजाद, मो मुशाहिद आदि युवा जुलूस के साथ साथ शामिल थे । मिली जानकारी अनुसार अहले सुबह शनिवार को इस जुलूस को जिले के गांव, शहर, गली मोहल्लों में भ्रमण कराया गया। वहीं जोकिहाट प्रखंड के चिरह, उदा, तुरकैली, अररिया प्रखंड से रामपुर कदरकट्टी,गाछी टोला आदि जगहों से जुलूस शान्ति पूर्वक निकाला गया।

### नुक्कड़ नाटक के माध्यम से किया गया जागरूक

**फुलवारीशरीफ (नबिटा संवाददाता)।** सहकारिता विभाग, बिहार सरकार के सौजन्य से शुक्रवार को पटना की चर्चित रंग संस्था सूत्रधार के कलाकारों द्वारा किसान सहकारिता चौपाल में नुक्कड़ नाटक ''सहकारिता का चमत्कार'' का प्रदर्शन, पटना जिला अंतर्गत फुलवारी शरीफ प्रखंड शोरमपुर, कोरियावां, सोथा पैक्सों में प्रभावशाली ढंग से किया गया. यह नाटक बिहार कला पुरस्कार से सम्मानित एवं चर्चित निर्देशक नवाब आलम द्वारा निर्देशित है। नुक्कड़ नाटक में खाद्यान्न अधिप्राप्ति, बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण विपणन योजना, सहकारी बैंक आदि की जानकारी दी गई।

## संज्ञा समिति देव प्रखंड इकाई का गठन, नवीन मिश्रा बने अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** संज्ञा समिति गयाधाम गया जिला इकाई औरंगाबाद के आह्वान पर जिला अध्यक्ष अशोक पांडेय की अध्यक्षता में देव प्रखंड इकाई का गठन किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन ने किया जबकि केंद्रीय कमेटी के सहसचिव आशुतोष पाठक की उपस्थिति रही। सर्वसम्मति से नवीन मिश्रा को अध्यक्ष, सुभाष पाठक को उपाध्यक्ष, दीनानाथ पाठक को सचिव, ओमप्रकाश पाठक को संयुक्त सचिव, धनंजय पांडेय को कोषाध्यक्ष और प्रदीप कुमार पाठक को संयोजक चुना गया। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में सुनील पांडेय, अरविंद कुमार पाठक, सुभाष पाठक, अभिषेक मिश्रा और गौरव कुमार पाठक का चयन हुआ। इस अवसर पर केंद्रीय समिति के सदस्य आशुतोष पाठक, अध्यक्ष अशोक पांडेय, संयोजक अजीत मिश्रा और उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन ने संयुक्त रूप से कहा कि संज्ञा समिति शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का राष्ट्रीय संगठन है जिसका मुख्य उद्देश्य समाज के सामाजिक, सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए कार्य करना है। जिला इकाई द्वारा बीते पांच माह में किए गए कार्यों की उपस्थित लोगों ने सराहना की। संयोजक अजीत मिश्रा ने कहा कि गांव-गांव अभियान चलाकर अधिक से अधिक शाकद्वीपीय परिवारों को जोड़ा जाएगा।अंत में उपाध्यक्ष उज्जवल रंजन ने प्रखंड स्तरीय नवचयनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने समिति के संविधान पर आस्था रखते हुए समाज और समिति के विकास में तन-मन-धन से सहयोग देने का संकल्प लिया। मौके पर आचार्य रोशन मिश्रा, दीनदयाल पाठक, प्रदीप पाठक, गौरव कुमार पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# मोतिहारी को मिली सौगात, 89.92 करोड़ की लागत से बनेगी दो सड़कें: मंत्री

**ढाका - लौखान मार्ग के 11 किलोमीटर हिस्से का होगा चौड़ीकरण ● नरिगिर-चंपापुर-आदापुर मार्ग के 15.55 किलोमीटर हिस्से का किया जायेगा चौड़ीकरण**

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)।** सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार ने केंद्रीय सड़क और बुनियादी ढांचा कोष (सेंट्रल रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड - सी. आर.आई. एफ) योजना के तहत बिहार सरकार द्वारा अनुशंसित 8 जिलों की कुल 10 परियोजनाओं की मंजूरी दी गई है। जिसकी कुल लागत 675 करोड़ रुपये है। इस संबंध में बिहार सरकार के सड़क निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि भारत सरकार द्वारा इतनी बड़ी राशि की स्वीकृति देना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार को विकसित प्रदेश की पंक्ति में शामिल करने के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। वहीं, मंत्री नितिन नवीन ने इन योजनाओं की राशि की स्वीकृति के लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया है। मोतिहारी जिले के लिए इस योजना के अंतर्गत दो बड़ी परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई है। पहली परियोजना के तहत ढाका - लौखान मार्ग के 11 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। इस पर 42.50 करोड़ रुपये की लागत आएगी। दूसरी परियोजना के अंतर्गत नरिगिर झ चंपापुरझआदापुर मार्ग के 15.55 किलोमीटर हिस्से का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण किया जाएगा। जिस पर 47.42 करोड़ रुपये की लागत आएगी। इस प्रकार, दोनों परियोजनाओं पर कुल 89.92 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इन परियोजनाओं से मोतिहारी जिले के नागरिकों को व्यापक लाभ होगा। चौड़ी और बेहतर सड़कें बनने से सीमावर्ती क्षेत्रों में व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। वहीं कृषि उपज का परिवहन आसान होगा और स्थानीय बाजारों तक पहुँच सुगम होगी। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच बेहतर होगी। साथ ही यात्रियों को समय की बचत और सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। इन सड़कों से पर्यटन और सीमावर्ती क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। श्री नितिन नवीन ने कहा कि मोतिहारी जिले की ये दोनों परियोजनाएँ केवल सड़क विकास तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह पूरे इलाके की आर्थिक प्रगति, रोजगार सृजन और सामाजिक जीवन के उत्थान की मजबूत कड़ी साबित होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इन परियोजनाओं से मोतिहारी न केवल जिले के रूप में, बल्कि राज्य के विकास में भी एक नई पहचान बनाएगा। मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि इन योजनाओं की स्वीकृति माननीय मुख्यमंत्री जी के राज्य के किसी भी कोने से 4 घंटे में राजधानी पहुँचने के विजन को साकार करने में भी सहयोग करेगी। इन परियोजनाओं के पूरा होने से बिहार के सड़क नेटवर्क को नई मजबूती मिलेगी। राज्य में व्यापार और परिवहन की गति तेज होगी, साथ ही ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी में उल्लेखनीय सुधार आएगा। विदित हो कि राज्य सरकार अगले दो सालों में इन योजनाओं को पूरा करेगी। इसके लिए मंत्री द्वारा विभाग के अधिकारियों को जल्द निविदा करने का आदेश दिया गया है।



## संक्षिप्त समाचार

### वार्ड 7 में विभिन्न योजनाओं के तहत सड़क एवं नाला का निर्माण



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 07 में डॉ. संध्या सिन्हा गली के पास विभिन्न योजनाओं के तहत सड़क और नाला निर्माण का कार्य किया जा रहा है । साथ ही सभी 46 वार्डो में सड़क एवं नाला निर्माण कार्य चरणबद्ध तरीके से कराया जा रहा है। इस निर्माण कार्य से गली में पानी निकासी की समस्या का स्थायी समाधान होगा और मोहल्ले के लोगों को आवागमन में कोई कठिनाई नहीं होगी। हमारा एक ही लक्ष्य है मोतिहारी शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करना। इसके लिए नगर निगम निरंतर प्रयासरत है।

### जिला पदाधिकारी द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए आदापुर के शिक्षक

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिक्षक दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी मोतिहारी ने शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले शिक्षकों को महात्मा गांधी प्रेक्षागृह मोतिहारी में सम्मानित किया,इस सम्मान समारोह को जिला शिक्षा विभाग ने आयोजित किया था, शिक्षा विभाग के जिला स्तरीय टीम ने जिला के प्रत्येक प्रखंड से बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों का चयन किया था जिसमें आदापुर प्रखंड से दो शिक्षकों को सम्मानित किया गया, जितेन्द्र ठाकुर, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बसतपुर, रामबाबू प्रसाद पटेल ठढर कटकेनवा , सम्मानित शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र,मेडल, मोमेंटो के साथ पौधे भी दिए गए,जिसे विद्यालय में लगाना है,साथ ही विद्यालय के प्रत्येक बच्चों को एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए प्रेरित कर, लगवाने को कहा गया।



### लड़की का अपरण, केस दर्ज

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुरुषोत्तमपुर थाना क्षेत्र से लड़की अपहरण के मामले में लड़की की मां ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। लड़की के मां ने पुलिस को आवेदन देकर विनय राम सहित इसके माता और पिता को आरोपित किया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### अंग्रेजी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शिकारपुर पुलिस ने स्कूटी में छिपाकर अंग्रेजी शराब ले जाते एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। साथ मे पुलिस ने स्कूटी भी जब्त की है। गिरफ्तार शराब कारोबारी की पहचान लौरिया थाना के मटियरिया गांव निवासी मनीष कुमार के रूप में की गई है। थानाध्यक्ष ज्वाला कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि लौरिया से एक शराब धंधेंबाज शराब की खेप लेकर आ रहा है। सूचना के आलोक में एक टीम का गठन कर ब्लॉक रॉड में छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान उक्त धंधेंबाज की स्कूटी रोक कर उसकी तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान स्कूटी के तहखाने से 22 पीस टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब की बरामदगी की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत प्रथमिकी दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### आशा बहाली में धांधली के खिलाफ लोगों ने किया हंगामा

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा पंचायत के कोटवा गांव में वार्ड नंबर 5 में शनिवार को आशा की बहाली में हुई धांधली को लेकर लोगों ने जमकर विरोध करते हुए प्रदर्शन किया। लोगों की हंगामा देख बहाली करने गए कमीर्यो बैरंग लौटना पड़ा। ग्रामीणों में खेनारी महतो कपिल मियां सदरे आलम मियां मेराज मियां लालबाबू यादव दसिया देवी फूला देवी जीरा देवी फूलबेदनी देवी जीती देवी बासमती देवी गौदी देवी हीरामन देवी हसनवती देवी नर्सिंग माझी शंभू माझी आदि दर्जनों ने बताया कि वार्ड नंबर 5 में आशा की बहाली करनी थी। वार्ड नंबर 5 में आमसभा भी हुई। लेकिन बहाली करने आए कमी मोनोपोली कर वार्ड नंबर 8 के सदस्य को बहाली करने लगे। लोगों ने आरोप लगाया कि आमसभा सभा से पहले ही फाइल पर अपने पक्ष के लोगों के द्वारा हस्ताक्षर करा लिया गया था। बहाली करने आए कर्मी सिर्फ कोरम पूरा करने आए थे। जब लोगों ने इसका विरोध किया तो उक्त कर्मियों के द्वारा टालमटोल की बात करने लगे। इधर ग्रामीणों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से कर जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है।

### रायफल लहराने का वीडियो वायरल, होगी जांच

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक कॉलेज हॉस्टल के समीप एक शख्स के द्वारा राइफल लहराने का वीडियो इंटरनेट पर प्रसारित हो रहा है। प्रसारित वीडियो में एक एक व्यक्ति हाथ में राइफल लिया है। वहां कुछ अन्य लोग भी मौजूद है। वह हाथ में राइफल लेकर बेचैनी से इधर-उधर टहल रहा है और किसी को धमकी दे रहा हैं। वीडियो कब का है या पता नहीं चल सका है। वीडियो प्रसारित होते ही इलाके में हड़कंप मच गया। इस बावत मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सम्राट कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। प्रसारित वीडियो की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### रायफल लहराकर छात्र को धमकी, वीडियो वायरल

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के पोलटेक्निक कॉलेज हॉस्टल परिसर से जुड़ा एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में एक युवक रायफल लहराते हुए हॉस्टल के छात्र को धमकाता दिखाई दे रहा है। यह वीडियो सामने आने के बाद छात्र-छात्राओं और अभिभावकों में दहशत का माहौल बन गया है। हालांकि वायरल वीडियो की पुष्टि राष्ट्रीय सहारा अखबार नहीं करता है।वीडियो में आरोपी युवक खुलेआम रायफल हाथ में लेकर छात्रावास के बाहर घूमता और डराने-धमकाने की कोशिश करता दिख रहा है। इस घटना ने शिक्षा संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों और अभिभावकों में आक्रोश है कि आखिरकार छात्रावास परिसर में असामाजिक तत्वों की ऐसी गतिविधियां कैसे हो रही हैं।इस मामले पर मुफ्फसिल थानाध्यक्ष सम्राट कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने वीडियो को गंभीरता से लिया है। आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जाएगा।

### इलाज के दौरान वृद्ध महिला की मौत, लापरवाही का लगाया आरोप

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अनुमंडलीय अस्पताल में रात्रि में इलाज के दौरान एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। मौत होने के बाद नाराज परिजनों ने इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाकर हंगामा शुरू कर दिया। जिसके कारण लगभग एक घंटा तक शव अस्पताल के बेड पर ही पड़ा रहा। वही सूचना पर पहुचीं पुलिस ने समझाबुझा कर लोगो को शांत कराया।मृत महिला की पहचान नगर के पुरानी बाजार वार्ड संख्या एक निवासी स्वर्गीय शंकर साह की 65 वर्षीय पत्नी गुलायची देवी के रूप में की गई है। मृतिका के पुत्र मदन प्रसाद ने बताया कि उसकी माँ को फाइलेरिया के कारण पैर में दर्द था। रात्रि 10 बजे उसे अस्पताल में आए। अस्पताल में दिखाने के बाद वह वापस चले गए। उसके बाद करीब दो बजे रात्रि में तेज दर्द होने की वजह से फिर अस्पताल में आए। लेकिन अस्पताल में डॉ. और स्वास्थ्य कर्मी नही मिले। काफी खोज बिन करने के बाद डॉक्टर द्वारा उनकी मां का इलाज किया गया इस दौरान डॉ ने जैसे ही एक इंजेक्शन लगाया मरीज को बेचैनी बढ़ गयी और उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि फाइलेरिया का दर्द इतना गंभीर भी नहीं था की मौत हो जाए। उन्होंने चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियो पर लापरवाही का आरोप भी लगाया है। उधर अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ संजीव कुमार ने बताया कि मौत की सूचना मिलते ही इमरजेंसी कक्ष में आकर तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल की गयी है। उन्होंने बताया कि पहली बार महिला का इलाज किया गया, दूसरी बार जब वृद्ध महिला अस्पताल पहुंची तो उसकी मौत हो चुकी थी।

# आर्म्स एक्ट के आरोपित जिला पार्षद पति रमेश सिंह गिरफ्तार

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय थाना प्रभारी ने दर्जनों मामलों के आरोपी जिला परिषद पति रमेश सिंह को शुक्रवार के दिन गिरफतार किया, थानाध्यक्ष धर्मवीर कुमार चौधरी ने बताया कि काण्ड संख्या 266/23 दिनांक 6/9/24 धारा 341, 302, 120बी, 504/506,27 आर्म्स एक्ट एवं एसटी एससी,के तहत मूर्तियां गांव निवासी स्व सत्यनारायण सिंह के पुत्र रमेश कुमार प्रसाद को गिरफतार किया गया है, इनका अपराधिक मामले थाना में दर्ज 87/10, दिनांक 3/8/2010, काण्ड संख्या 32/126/4/2012, आदापुर काण्ड संख्या 131/13 दिनांक 13/9/2013 आर्म्स एक्ट, काण्ड संख्या 147/13 12/10/2013 आर्म्स एक्ट, काण्ड संख्या 162/13, दिनांक 13/112013,एससी एसटी एक्ट,192/13 दिनांक 8/12/2013, आर्म्स एक्ट, 270/19 दिनांक 24/10/2010, ध्वनि विस्तार अधिनियम 1955, काण्ड संख्या 169/13 दिनांक 22/10/2013, एससी एसटी एक्ट, काण्ड संख्या 70/20 दिनांक 6/10/2020, एससी एसटी एक्ट, काण्ड संख्या 327/21 दिनांक 13/112021, एससी एसटी एक्ट, काण्ड संख्या 265/22 दिनांक 9/9/2022 धारा 353/34 भा,दा,वि के तहत थाने में मामला दर्ज है।



# अमेरिका मेरी कर्मभूमि लेकिन नरकटिया मेरी जन्मभूमि: ई. दीपक कुमार

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बदलाव संसार का नियम है.लोकतंत्र में यह बदलाव नेता से नहीं बल्कि जनता से शुरू होती है.लोकतंत्र विकल्प और संभावनाओं का खेल है.2025 विधानसभा के चुनाव में एक संकल्प के साथ सशक्त विकल्प के रूप में नरकटिया की दिशा और दशा को तय करने में मेरी भी मौजूदगी रहेगी. उक्त बातें अमेरिका के कैलिफोर्निया स्टेट से एक वीडियो संदेश जारी कर सॉफ्टवेयर इंजीनियर दीपक कुमार ने नरकटिया से विधानसभा चुनाव लड़ने की घोषणा की है.श्री कुमार ने बताया कि पिछले 15 वर्षों से अमेरिका में कार्यरत होकर एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के दौरान कई देशों के लोगों से मिलकर उनकी नेतृत्व क्षमता, अनुशासन,कार्य करने की समझ के साथ स्किल डेवलप किया. ई. श्री दीपक ने अमेरिका से दूरभाष पर बातचीत करते हुए बताया कि प्राथमिक शिक्षा नरकटिया के एक सरकारी विद्यालय से,मैट्रिक जिला स्कूल मोतिहारी से,इंटर कपूर्री ठाकुर कॉलेज से वहीं इंजीनियरिंग आधुनिक एनआईटी कालीकट(दक्षिण भारत) से पास कर अमेरिका को अपनी कर्मभूमि बनाया.15 साल से बाहर रहने के बावजूद अपने देश अपनी माटी से जुड़ा रहा. इसी कड़ी में 2010 में मैने नरकटिया से विधानसभा का चुनाव भी लड़ा था.जनता का प्रेम स्नेह आशीर्वाद भी मिला.इस बीच क्षेत्र और राज्य की चचाएं भी होती रही.अभिभावकों,मित्रों व मार्गदर्शकों से सीधा संवाद भी होता रहा. जान कर बड़ा दुख होता है, कि आजादी के इतने वर्ष के बाद भी क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है.शिक्षा,स्वास्थ्य,सड़क, बाढ़,उर्वरक की कमी के अलावे कई अन्य समस्याएं गिनाई जैसे जाति,धर्म,विकास के मूल मुद्दे से भटकाव.उन्होंने जोर देकर कहा कि हर चुनाव के बाद पार्टी और नेता बदलते हैं,लेकिन मुद्दे वहीं पुराने घिसे पिटे रह जाते हैं.मैं अमेरिका से शीघ्र ही लौटकर नरकटिया से विधान सभा चुनाव लड़ूंगा और यदि मुझे मौका मिलेगा तो मैं अमेरिका की शिक्षा प्रणाली, स्वास्थ्य व्यवस्था,सुरक्षा संसाधन, इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास के अलावे सड़कों का जाल अपने अनुभवों के आधार पर उतारने की कोशिश करूंगा।



# आरएनबीएस इंटर कॉलेज परिसर में युवा शिक्षक सम्मान का आयोजन

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अनुमंडल क्षेत्र के मनीछपरा पंचायत अंतर्गत माधोपुर गोविन्द स्थित आरएनबीएस इंटर कॉलेज प्रांगण में शिक्षकों को ग्रामीण परिवेश में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के कार्यो को सराहते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया गया साथ ही उन्होंने जल्द से जल्द स्टूडेंट लाइब्रेरी के



शिक्षक दिवस के अवसर पर शुक्रवार की संध्या युवा शिक्षक सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें पंचायत क्षेत्र के तीनों गाँव मनीछपरा, माधोपुर गोविन्द एवं पलटूबेलवा से कुल सत्रह शिक्षक भाग लिए जिसमें चौदह शिक्षक एवं तीन शिक्षिकाए शामिल हुई। इंटर कॉलेज की ओर से सभी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर शिक्षाविद सह समाजसेवी सत्यम कार्तिकेय वत्स द्वारा शुभारम्भ करने की बात कही। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राम पुकार पासवान ने कहा कि शिक्षा शेरनी का वह दूध है जो पीता है वही गर्जन करता है। कार्यक्रम में विश्व हिन्दू परिषद् चकिया जिलाध्यक्ष उमेश सिंह, महाविद्यालय प्राचार्य पूजा सिंह वत्स, आरएसएस के मदन बैठा, विकास सिंह एवं कुंदन पासवान सहित छात्र छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

# मीडिया अध्ययन विभाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महात्मा गाँधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी के मीडिया अध्ययन विभाग में शिक्षक दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने की। कार्यक्रम में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण, डॉ. उमा यादव, डॉ. सुनील दीपक घोडके तथा अतिथि प्राध्यापक डॉ. आयुष आनंद और डॉ. मयंक भारद्वाज उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर शिक्षकों द्वारा पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण से हुई। अध्यक्षीय उद्बोधन में विभागाध्यक्ष डॉ. अंजनी कुमार झा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्ति के जीवन में उसकी शिक्षा सबसे बड़ा सारथी है। शिक्षा की प्रारम्भिक शुरूआत घर अर्थात माता-पिता से होते हुए शिक्षकों से प्राप्त होते है। इसलिए जीवन में माता पिता और गुरुओं की जीवन में अद्वितीय भूमिका होती है। इसलिए माता-पिता और गुरुओं का सम्मान सबसे महत्वपूर्ण है। डॉ. झा ने कहा कि मीडिया उद्योग में सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, सकारात्मक आदतें और निरंतर अभ्यास अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने बताया कि यदि किसी छात्र में विशेष प्रतिभा है तो उसके लिए मीडिया में अनेक अवसर है। उन्होंने कहा कि फोटोग्राफी, फिल्म, एनिमेशन या कंटेंट राइटिंग का क्षेत्र हो, विभाग प्रतिभावन और लगनशील विद्यार्थी की पहचानकर उन्हें त्वरित रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयास करेगा। डॉ. झा ने यह भी कहा कि अब विभाग में विद्यार्थियों के लिए कैमरा, कंप्यूटर सेटअप, एडिटिंग सेटअप उपलब्ध कराए गए हैं। साथ ही हाल ही में न्यूज रूम स्टूडियो और लैब की स्थापना की गई है, जहाँ एंकरिंग और पॉडकास्ट सम्बंधित वर्कशॉप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे इन संसाधनों का अधिक से अधिक उपयोग करें। कार्यक्रम में विभाग के सहायक आचार्य डॉ. परमात्मा कुमार मिश्र, डॉ. साकेत रमण, डॉ. उमा यादव, डॉ. सुनील दीपक घोडके तथा अतिथि प्राध्यापक डॉ. आयुष आनंद और डॉ. मयंक भारद्वाज ने शिक्षा की महत्ता को रेखांकित किया और अनुशासित जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही सभी शिक्षकों ने विद्यार्थियों को आशीष दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों ने शिक्षकों का आभार व्यक्त किया और बेहतर जीवन एवं करियर निर्माण के लिए मार्गदर्शन लेने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में विभाग के बीएजेएमसी, एमएजेएमसी और पीएचडी के विद्यार्थियों की उपथिति थी।



# प्रसूता के मौत मामले में चिकित्सक दंपति समेत चार के खिलाफ प्राथमिकी

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विगत दिनों नगर के एक निजी क्लीनिक में इलाज के दौरान प्रसूता के मौत मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रसूता के पति लौरिया थाना क्षेत्र के सौराहा वार्ड तीन निवासी सुरेश कुशवाहा ने प्राथमिकी दर्ज कराया है। नगर थानाध्यक्ष मनोज कुमार सिंह ने बताया कि सुरेश कुशवाहा के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्राथमिकी में योगापट्टी थाना क्षेत्र के बकही निवासी सुनील कुमार मुखिया, संतोष कुमार मुखिया, नगर के नाजनी चौक निवासी न्यू पारस अस्पताल के चिकित्सक डा. शमा साबरीन व उनके पति डा. हामिद अली को आरोपित किया गया है। मामले की जांच की जा रही है। पुलिस को दिए बयान में सुरेश कुशवाहा ने बताया है कि उनकी पत्नी रेशमी कुमारी (23) नौ माह की गर्भवती थी। उनके परिचित सुनील कुमार नगर के मित्रा चौक स्थित न्यू पारस हॉस्पिटल में डा. साबरीन के यहां काम करते हैं। दो सितंबर की सुबह सुनील कुमार मुखिया, सुरेश कुशवाहा को फोन कर उनकी पत्नी की डिलीवरी कराने के लिए न्यू पारस हॉस्पिटल में बुलाया। उनके बुलाने पर वे उसी दिन करीब 10:30 बजे अपनी पत्नी व परिवार के अन्य लोगों के साथ न्यू पारस हॉस्पिटल में पहुंचे। यहां आते ही चारों आरोपित उनकी पत्नी को अस्पताल के भीतर लेकर चले गए और इलाज करना शुरू कर दिया। पूछने पर चिकित्सक ने बताया कि सब कुछ ठीक है, नॉर्मल डिलीवरी होगी। दो घंटा भी जाने के बाद आरोपित संतोष कुमार मुखिया उनके पास आया और कहा कि नॉर्मल डिलीवरी संभव नहीं है, ऑपरेशन करना पड़ेगा। ऑपरेशन के लिए 40 हजार रुपये ले लिया। दोपहर एक बजे चिकित्सा हामिद अली उन्हें बुलाए और बताएं कि उनकी पत्नी की मृत्यु हो गई है। सुरेश कुशवाहा ने आरोप लगाया है कि ऑपरेशन के लिए रुपये लेने के बाद भी उनकी पत्नी का ऑपरेशन नहीं किया गया।

## सामूहिक दुष्कर्म के मामले में मुखिया व सरपंच पति गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** श्रीनगर थाना क्षेत्र के एक गांव में विगत दो जुलाई को घर से उठाकर 13 वर्षीय किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने स्थानीय मुखिया पति और सरपंच पति को गिरफ्तार किया है। दोनों पर मामले को रफा दफा करने के लिए पंचायती करा दबाव बनाने का आरोप है। महिला थाने की थानाध्यक्ष श्यामली कमल ने बताया कि जहांगीर आलम उर्फ शेख चुन्नी तथा नेयाज अहमद को गिरफ्तार किया गया है। दोनों को इस मामले में अप्राथमिकी अभियुक्त बनाया गया है। जहांगीर आलम बैरिया प्रखंड के उत्तरी पटजिरवा पंचायत के मुखिया अख्तरी बेगम के पति हैं। जबकि नेयाज अहमद इसी पंचायत के सरपंच के पति है। इस मामले में पुलिस शेख केयाजन और दिलशाद खान को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। शेख केयाजन मुखिया पति शेख चुन्नी का पुत्र है। जबकि नामजद अन्य दो आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बताया जाता है कि दो सितंबर की रात पीड़िता अपने घर में मां के साथ सोई थी।

# वार्ड 7 में विभिन्न योजनाओं के तहत कराया जा रहा सड़क एवं नाला निर्माण का कार्य

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड संख्या 07 में डॉ. संध्या सिन्हा गली के पास सड़क एवं नाला निर्माण का कार्य नगर निगम के विभिन्न योजनाओं के तहत तेजी से कराया जा रहा है। यह कार्य नगर निगम की प्राथमिकता में है ताकि स्थानीय नागरिकों को वर्षो से चली आ रही जलजमाव एवं गली में पानी निकासी की समस्या से राहत मिल सके। साथ ही नगर निगम क्षेत्र के सभी 46 वार्डों में चरणबद्ध तरीके से सड़क एवं नाला निर्माण कार्य संचालित किए जा रहे हैं। इन कार्यों के पूर्ण हो जाने पर नालों की सफाई और वर्षा ऋतु में जलजमाव की समस्या पर प्रभावी नियंत्रण हो सकेगा। साथ ही, सड़कों के निर्माण से नागरिकों के आवागमन में सुगमता आएगी तथा क्षेत्र का संपूर्ण सौंदर्य भी बढ़ेगा।महापौर प्रीति कुमारी ने बताया कि नगर निगम का लक्ष्य मोतिहारी शहर को स्वच्छ, सुंदर और विकसित बनाना है। इसके लिए निगम लगातार विभिन्न योजनाओं को धरातल पर उतारने में जुटा हुआ है। उन्होंने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है ताकि शहर को बेहतर बनाने की दिशा में निगम के प्रयासों को और गति मिल सके। नगर निगम प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि सभी वार्डों में अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा कराया जाएगा और भविष्य में भी नागरिकों को सुविधाजनक बुनियादी ढांचा उपलब्ध कराने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे।



# शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी चुनाव जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता : डीएम

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों को लेकर आज समाहरणालय सभागार में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में जिले के सभी निवार्ची पदाधिकारी , सहायक निवार्ची पदाधिकारी तथा विभिन्न निर्वाचन प्रकोष्ठों के नोडल/वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिला पदाधिकारी ने निर्वाचन संबंधी सभी तैयारियों की प्रगति की बारीकी से समीक्षा की और पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य एक अत्यंत संवेदनशील एवं दायित्वपूर्ण कार्य है, जिसमें प्रत्येक चरण पर सतर्कता और पारदर्शिता अनिवार्य है।उन्होंने प्रत्येक स्तर पर किए जाने वाले कार्यों के लिए एक स्पष्ट कार्ययोजना एवं समय-सीमा तैयार करने ,निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी दायित्वों को समन्वय एवं टीम भावना के साथ पूरा करने, नोडल पदाधिकारियो को अपने-अपने प्रकोष्ठों की गतिविधियों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया।उन्होंने निवार्ची पदाधिकारी एवं सहायक निवार्ची पदाधिकारी अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों में तैयारी की हर छोटी-बड़ी गतिविधि पर विशेष ध्यान देंने का निर्देश दिया। सभी निवार्ची पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि वे डिस्पैच सेंटर एवं रिसेप्शन सेंटर का स्वयं निरीक्षण करें, ताकि आवश्यक व्यवस्थाओं की समय रहते समीक्षा और सुधार सुनिश्चित हो सके।उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पोलिंग स्टेशनों एवं केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल के लिए निर्धारित आवासीय स्थलों पर जैसे शौचालय, पीने के पानी की व्यवस्था, रैम्प, रोशनी आदि समय से उपलब्ध कराई जाएं।

**Affidavit**

I, Niranjan Kumar s/o Late Ramudit Rai, R/o vill- Chatra, Mansi, Khagaria PIN-851214 Bihar do hereby solemnly affirm and state that my son's name in his birth cirtificate is Kumar Yagya whereas in his adhar no. 976763473517, his name is written as Yagya Kumar. Yagya Kumar and Kumar Yagya is same person. However his correct name is Kumar Yagya and henceforth my son will be known and recognised as Kumar Yagya for all future purposes. Affidavit no. 131 dated 06.09.2025

# 'पीडीएस परख' अभियान के तहत जहानाबाद में जन वितरण प्रणाली की दुकानों का सतत निरीक्षण

## पीडीएस परख अभियान : जहानाबाद में जन वितरण प्रणाली दुकानों पर कड़ी निगरानी





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले में आमजन को समय पर और पारदर्शी तरीके से खाद्यान्न उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर ''पीडीएस परख'' अभियान के तहत जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों की गहन जांच की जा रही है। यह अभियान खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, बिहार, पटना के आदेशानुसार 2 सितंबर से 9 सितंबर 2025 तक चल रहा है। इस अभियान का उद्देश्य है कि किसी भी लाभुक को राशन से वंचित न रहना पड़े और सभी कार्डधारकों को निर्धारित मात्रा एवं गुणवत्तापूर्ण अनाज समय पर मिले। अनुमंडल जहानाबाद क्षेत्र में कुल 541 पीडीएस दुकानों/एफपीएस का निरीक्षण किया जाना है। इनमें से अब तक 421 दुकानों की जांच पूरी हो चुकी है, जबकि शेष दुकानों का निरीक्षण जारी है। निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक टीमों ने कई दुकानों पर अनियमितताएं पाई हैं। बताया गया कि 5 सितंबर 2025 को पण्डुई पंचायत के पीडीएस विक्रेता भूषण शर्मा के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-7 के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। उन पर अनुदानित खाद्यान्न की कालाबाजारी और अनियमित वितरण का आरोप है। इसके अलावा, 21 पीडीएस विक्रेताओं से कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। प्रशासन ने साफ कर दिया है कि दोषी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। जिला पदाधिकारी ने निर्देश जारी किया है कि सभी पीडीएस विक्रेता उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में ही अनाज दें। इसके तहत पीएचएच कार्डधारकों को प्रति व्यक्ति 5 किलोग्राम अनाज (जिसमें 1 किग्रा गेहूं और 4 किग्रा चावल शामिल है) और अंत्योदय अन्न योजना कार्डधारकों को 35 किलोग्राम अनाज (7 किग्रा गेहूं और 28 किग्रा चावल) उपलब्ध कराया जाएगा। अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि अगर किसी दुकान पर भंडारण या वितरण में अनियमितता पाई जाती है, तो बिहार लक्ष्यित सार्वजनिक वितरण प्रणाली-2016, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, 2013 तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 की धारा-7 के तहत कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की शिकायत सीधे प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, जहानाबाद या जिला नियंत्रण कक्ष (06114-223013) में दर्ज कराने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इस अभियान से जिले में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। अधिकारी उम्मीद जता रहे हैं कि ''पीडीएस परख'' अभियान खाद्यान्न वितरण प्रणाली में सुधार की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

# ओबरा में एनडीए कार्यकर्ताओं का सम्मेलन 11 सितम्बर को



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**ओबरा (औरंगाबाद)।** ओबरा के संत पदारथ बाबू स्मारक परिसर में आगामी 11 सितम्बर को एनडीए कार्यकर्ताओं का भव्य सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन की सफलता सुनिश्चित करने को लेकर शनिवार को एक तैयारी बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता जदयू शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सुनील कुमार ने की। बैठक में एनडीए के घटक दल जदयू, भाजपा, लोजपा, रालोसपा और हम पार्टी के पदाधिकारी, पंचायत अध्यक्ष और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे। सभी नेताओं ने सम्मेलन को ऐतिहासिक बनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर जदयू विधानसभा प्रभारी आनंद रजक, विधानसभा समन्वयक नयन सिंह, भाजपा महामंत्री टैगोर, जिला संगठन मंत्री विंदा चंद्रवंशी, लोजपा के प्रभारी चंद्रभूषण सिंह सोनू समेत कई नेताओं ने कहा कि सम्मेलन में पांचों दलों के मंत्री और बड़े नेता शिरकत करेंगे। नेताओं ने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में शामिल होकर इसे सफल बनाने का संकल्प लेने की अपील की। सुनील कुमार ने कहा कि यह सम्मेलन ओबरा विधानसभा क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक साबित होगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से तैयारी में पूरी ताकत झोंकने और व्यापक स्तर पर लोगों को जोड़ने की अपील की। बैठक में जदयू जिला अध्यक्ष अशोक सिंह, बीससूत्री प्रखंड अध्यक्ष विनोद सिंह, रालोसपा जिला अध्यक्ष अशोक मेहता, रालोसपा प्रत्याशी रहे चंद्रभूषण वर्मा, महामाया ठाकुर, भाजपा नेता पप्पू अग्रवाल, मनोज शर्मा, प्रवीण शर्मा, जितेंद्र शर्मा, सुरित सिंह सहित सभी दलों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# महिला केंद्रित योजनाओं पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन




नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडेय के निर्देश पर डिस्ट्रिक हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन योजना के अंतर्गत शनिवार को जिले के मोदनगंज प्रखंड के चरुई आंगनबाड़ी केंद्र पर महिला केंद्रित योजनाओं एवं नीतियों से संबंधित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी ने की। इस दौरान प्रतिभागियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, पीसीपीएनडीटी एक्ट, डिस्ट्रिक हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, घरेलू हिंसा अधिनियम, कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न कानून, महिला हेल्पलाइन जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं एवं नीतियों की जानकारी दी गई। इस संबंध में महिलाओं को जागरूक करने और जानकारी प्रदान करने का कार्य मिशन शक्ति हब के लैंगिक विशेषज्ञ शैलेश कुमार एवं केस वर्कर अंजुषा कुमारी द्वारा किया गया। इस मौके पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी मीरा कुमारी ने महवारी स्वच्छता पर विशेष चर्चा की और उपस्थित लाभार्थियों के बीच महवारी स्वच्छता प्रबंधन किट का वितरण किया। कार्यक्रम में प्रखंड समन्वयक अविनाश कुमार गुप्ता, महिला प्रवेक्षिका कुमारी किरण, सेविका एवं सहायिका सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

# पहले प्रयास में युवती ने आईटीबीपी में मारी बाजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मदनपुर।** मदनपुर प्रखंड के सुदूरवर्ती इलाका मनिका की एक युवती आईटीबीपी सीमा सुरक्षा पुलिस बल में चयनित हुई है। इस सफलता के साथ ही वह ग्रामीण युवतियों के लिए प्रेरणा बनी। इससे परिजनों एवं स्वजनों के साथ इलाके में खुशी का माहौल है। वह फिलहाल हरियाणा के अंबाला अंतर्गत पंचकुला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है। प्रतिभागी मनिका निवासी व किसान तालकेश्वर राम की बेटी आरती कुमारी है। उसने पहले प्रयास में ही परीक्षा पास की। आरती ने बताया कि वह अपने माता पिता की राय से औरंगाबाद सिंचाई विभाग कालोनी में किराए पर एक कमरा लेकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी की और एसएस जीडी की परीक्षा दी और सफलता पाई। उसके माता-पिता खेती किसानी और गृहस्थी काम कर उसे पढ़ाया।

# जिला उद्यान कार्यालय में मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद के जिला उद्यान कार्यालय के द्वारा काको रोड स्थित संयुक्त कृषि भवन , जहानाबाद के सभागार में मशरूम विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी-संभावना, जिला उद्यान पदाधिकारी- रूपेश कुमार अग्रवाल एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा-राकेश कुमार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उन्होंने बताया कि मशरूम पौष्टिकता से भरपूर उत्पाद है, जिसे घर में महिलाओं द्वारा भी उपजाया जा सकता है। साथ ही धान गेंहु इत्यादि फसलों के अलावा यह आमदनी का अतिरिक्त साधन हो सकता है। जिला उद्यान पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उद्यान निदेशालय द्वारा अनुदानित दर पर मशरूम किट का वितरण किया जाता है। झोपड़ी में मशरूम उत्पादन की भी योजना है। मुख्यतः तीन प्रकार के मशरूम- ऑस्टेर, मिल्कि एवं बटन मशरूम का उत्पादन किया जाता है। इस दौरान बताया जाता है कि आज कल खाने में सभी जगह बटन मशरूम का उपयोग ज्यादा किया जाता है। प्रशिक्षकों में डॉ. वर्षा कुमारी, इंदु कुमारी एवं सौरव कुमार के द्वारा उपस्थित 75 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में किसानों को आरोग्यम बटन मशरूम प्लांट, अदलूचक दौलतपुर, जहानाबाद के प्लांट पर भ्रमण करवाया गया। मौके पर किसानों में हरेराम कुमार, मुन्ना कुमार, निरंजन कुमार, चंदन कुमार, सिंटू कुमार, मालती कुमारी, आशा कुमारी आदि उपस्थित थे।

# बाबा सिद्धनाथ मंदिर में अनंत पूजा पर श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** शनिवार के दिन अनंत पूजा के अवसर पर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान बोल बम, हर हर महादेव की जयघोष से पूरा पहाड़ी इलाका गूंजता रहा। श्रद्धालु अहले सुबह से ही पहाड़ी इलाका में बने जल स्रोत में स्नान कर पहाड़ की चोटी पर स्थित बाबा सिद्धनाथ मंदिर पहुंचे जहां मंदिर में बाबा सिद्धनाथ के शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान जिला प्रशासन की ओर से सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए थे। पहाड़ी इलाकों में जगह-जगह मजिस्ट्रेट, दंडाधिकारी एवं काफी मात्रा में पुलिस बल के जवान तैनात थे। इस बाबत मंदिर के व्यवस्थापक भानु प्रताप




सिंह ने शनिवार के दिन 10:00 बजे बताया श्रद्धालुओं का आना जाना अहले सुबह से शुरू रहा। उन्होंने बताया कि दो दिनों तक श्रद्धालु यहां आते रहेंगे। उन्होंने बताया कि अंनत पूजा के अवसर पर वर्षों से यहां मेला लगते आ रहा है एवं बिहार के कोने-कोने से श्रद्धालु पहुंचकर बाबा सिद्धनाथ मंदिर में जलाभिषेक करते हैं। बताते चले कि जिले का ऐतिहासिक स्थल वाणावर पहाड़ है। जहां बाबा सिद्धनाथ मंदिर में अनंत पूजा के अवसर पर मेला आयोजित किया जाता है।

# झरही नदी पुल पर रेलिंग न होने से हादसे की बढ़ी संभावना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के शिवगंज स्थित झरही नदी पर बिना रेलिंग के बने पुल से हादसे की संभावना इन दिनों काफी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों से बिना रेलिग के बने पुल पर रेलिग का निर्माण कराया जाए ताकि हादसा न होने पाए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण झरही नदी पुल पर 15 वर्षो पूर्व सिंचाई विभाग के द्वारा बड़ी लागत से पुल का निर्माण कराया गया था। पुल तो बनाई गई परंतु रेलिंग नहीं लगाया गया। बता दें कि इस पुल से होकर दरभंगा, रसलपुर, शिवगंज सहित कई गांवों के ग्रामीण आवागमन



करते हैं परंतु जर्जर पुल वर्षों से रेलिग विहीन है। सबसे अधिक परेशानी दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को होती है। सबसे अधिक परेशानी रात्रि में होती है। रात्रि के अंधेरे में ग्रामीण पुल से होकर गुजरते हैं। नदी से पुल की ऊंचाई काफी कम है। जब कभी भी नदी में बाढ़ आती है तो पानी पुल के ऊपर से होकर गुजरता है। ऐसे में ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पुल रेलिग विहीन होने के कारण कई बच्चे व अन्य व्यक्ति इस पुल से गिरकर घायल हो चुके हैं। रसलनपुर के भुलन कुमार सिंह, शिवगंज के विनोद सिंह, प्रदीप साव ने बताया कि पुल में रेलिग लगाने अथवा नए सिरे से इसके निर्माण को लेकर लोगों ने मांग की थी लेकिन इस ओर किसी का ध्यान जाता ही नहीं है। पुल स्थिति इतनी दयनीय है कि कभी भी हादसा हो सकता है। अगर समय रहते पुल पर रेलिंग का निर्माण नहीं कराया गया और कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती है। ग्रामीण अब यहीं क्यास लगाए बैठे है कि आखिरकार पुल पर रेलिंग का निर्माण कब होती है।

## एक नजर

### कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जहानाबाद जिले के मखदुमपुर प्रखण्ड में 8 सितंबर को आयोजित होने वाले एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन को सफल बनाने के उद्देश्य से मखदुमपुर बाजार के एक निजी हॉल में प्रखण्ड अध्यक्ष साकेत कुमार की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष प्रिन्स कुमार ने कहा की लोक जनशक्ति पार्टी पूरी मजबूती के साथ कार्यक्रम में भाग लेगी। लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिला परिषद् अध्यक्ष रानी चौधरी लोजपा (रा) के तरफ से कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। एनडीए द्वारा आहूत कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष संसदीय बोर्ड निरंजन कुमार, नीरू जी, जिला महासचिव अरविन्द शर्मा, महिला प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सपना कुमारी , प्रखण्ड उपाध्यक्ष अनुज सिंह, अजय चौधरी, पवन पासवान, संजय पासवान, राहुल पासवान, राजकिशोर चौधरी समेत बड़ी संख्या में लोजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### शोभायात्रा के साथ गणपति उत्सव का समापन

हसपुरा (औरंगाबाद)। हसपुरा बाजार स्थित भास्कर नगर के श्रीराम-जानकी धर्मशाला में आयोजित दस दिवसीय गणपति उत्सव का शनिवार को विधिवत समापन हुआ। अंतिम दिन पूजा-अर्चना, हवन एवं भंडारे के बाद गणपति बप्पा की प्रतिमा नगर भ्रमण कराते हुए धूमधाम से विसर्जित की गई। भव्य शोभायात्रा में सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। आकर्षक ढंग से सजे ट्रैक्टर पर विराजमान गणपति बप्पा की प्रतिमा के आगे-पीछे भक्तजन बैंड-बाजे और भांगड़ा टोली की धुन पर नृत्य करते आगे बढ़े। इस दौरान "गणपति बप्पा मोरया" और "अगले बरस तू जल्दी आना" के जयकारे गूंजते रहे। शोभायात्रा में शामिल छोटी-छोटी बच्चियों ने करतब दिखाकर लोगों का मन मोह लिया। यात्रा राम-जानकी धर्मशाला से प्रारंभ होकर इटवां रोड, नरसन रोड, पोस्ट ऑफिस रोड, पुरानी थाना रोड, हसपुरा प्रखंड कार्यालय, पटेल चौक होते हुए चौराही रोड के रास्ते छठी आहार पहुंची, जहां श्रद्धापूर्वक प्रतिमा विसर्जन किया गया। रास्ते भर लोगों ने घर-घर से आरती उतारी और मोदक चढ़ाकर बप्पा को विदाई दी। इस अवसर पर पूजा समिति के अध्यक्ष पिंटू चौधरी, मुरारी केशरी, रंजन कुमार, अभिषेक कुमार, मनोज कुमार, जय प्रकाश प्रसाद, समाजसेवी विजय कुमार अकेला, बीरेंद्र कुमार, अरविंद कुमार वर्मा, अजय कुमार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### अनिश्चितकालीन हड़ताल पर गए स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं कर्मी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)।** आठ सुत्री मांगों को लेकर लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी शनिवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। बिहार प्रदेश स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी संघ के प्रखंड अध्यक्ष संतन कुमार सिंह ने कमेटी के सदस्यों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि विगत बीस अगस्त को राज्य स्तरीय धरना प्रदर्शन के माध्यम से आठ सुत्री मांग को लेकर बिहार सरकार को ज्ञापन सौंपा गया था, परंतु उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया। जिसके कारण बिहार के सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक एवं स्वच्छता कर्मी अनिश्चितकाल में हड़ताल पर रहेंगे।

### 17 पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज।** रफीगंज पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पशु तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक पिकअप वाहन से क्रूरता पूर्वक भरे गए 17 पशुओं को बरामद किया, जिनमें बछड़े और गाय शामिल हैं। इस दौरान झारखंड के पलामू जिला, हरिहरगंज थाना क्षेत्र के संडा गांव निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद इमरान को गिरफ्तार किया गया, वहीं एक नाबालिग को निरुद्ध किया गया है। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर की गई कार्रवाई में पांच भूरा, चार उजला, पांच काला रंग का बछड़ा, एक काली और एक उजली गाय तथा एक भूरी गाय पकड़ी गई। हालांकि, एक गाय की मौत हो गई। बरामद पशुओं को वृषभनाथ चैरिटेबल ट्रस्ट गौशाला, बोधगया भेजा गया है। इस दौरान मौके पर पहुंचे हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने पशुओं को पानी और चारा उपलब्ध कराया। पूछताछ में आरोपी ने रफीगंज के कई अन्य गौ तस्करों के नाम का खुलासा किया है।

# दुर्गा पूजा की तैयारियों को लेकर शिशु संघ समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रफीगंज।** नगर के चरकावां निचलीडिह वार्ड संख्या 13 स्थित देवी स्थान प्रांगण में शिशु संघ दुर्गा पूजा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महेंद्र यादव उर्फ श्री यादव ने की, जबकि संचालन सुभाष कुमार यादव ने किया। बैठक में पंडाल निर्माण, लाइटिंग, सांस्कृतिक कार्यक्रम, श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष अरविंद यादव, नगर पंचायत उपमुख्य पार्षद प्रतिनिधि दिलीप कुमार, उपाध्यक्ष अमरेंद्र कुमार, सचिव प्रशांत कुमार, उपसचिव अमरनाथ कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश कुमार चौधरी, अपोषाध्यक्ष शैलेश यादव, महामंत्री अंजू शर्मा, उपमहामंत्री पंकज शर्मा, समाजसेवी बृजेश यादव, वीरेंद्र यादव, डॉ. संतोष कुमार, गोपाल मेहता सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# गयाजी में शनिवार को एक पखवारा चलने वाले विश्वस्तरीय पितृपक्ष मेला शुरु

डॉ रंजीत कुमार भारतीय/ नबिटा ब्यूरो

**जहानाबाद।** सनातन धर्म में काम और मोक्ष के बीच मानव जीवन का स्वरूप माना जाता है। इसी मोक्ष की प्राप्ति के लिए अपने पूर्वजों के आत्मा की शांति के निहितार्थ सनातन धर्म से जुड़े श्रद्धालु अपने पितरों का तर्पण करने विश्व प्रसिद्ध गयाजी के पावन धरा पर पधारते हैं। पितृ पक्ष मेला आश्विन मास के कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से शुरू होकर अमावस्या तक पूरे एक पखवाड़ा चलता है, जिसमें पूरे विधि विधान से सनातन धर्मावलंबी श्राद्ध, कर्मकांड और विधिवत पूजा अर्चना कर अपने पूर्वजों के आत्मा की शांति के लिए पितृ तर्पण फल्गु नदी में करते हैं। औपचारिक रूप से विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेला का शुभारंभ शनिवार की शाम में किया गया।

शास्त्रों में वर्णित है कि गयाजी में पिंडदान करने से पूर्वजों के आत्मा को शांति मिलती है और मोक्ष की प्राप्ति होती है। इसलिए गयाजी को मोक्ष स्थली भी कहा जाता है। मान्यता है कि गयाजी में भगवान विष्णु स्वयं पितृदेव के रूप में निवास करते हैं।



यहां श्राद्ध कर्म और तर्पण विधि विधानपूर्वक करने से व्यक्ति पितृऋण से मुक्त हो जाता है साथ ही मनुष्य को किसी भी प्रकार से लगे पितृदोष से भी मुक्ति मिलती है। यहां हर साल देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु आकर अपने पूर्वजों के आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करते हैं। यहां 6 सितंबर से पितृमुक्ति के महापर्व पितृपक्ष मेले की शुरुआत हो चुकी है।

**इस वर्ष 16 दिनों का होगा पितृपक्ष**

सामान्य तौर पर आश्विन कृष्ण पक्ष प्रतिपदा को शुभारंभ होने वाले पितृपक्ष मेला आश्विन मास के अमावस्या तक चलता है। इस रूप में देखा जाए तो यह मेला पूरे वर्ष में मात्र 15 दिनों के लिए आयोजित होता है। इसलिए आश्विन के प्रथम पखवाड़ा को पितृपक्ष भी कहा जाता है। लेकिन इस बार पितृपक्ष मेला 16 दिनों का होगा। यह 6 सितंबर से शुरू होकर 21 सितंबर तक चलेगा। आश्विन कृष्ण षष्ठी और सप्तमी का श्राद्ध 13 सितंबर को एक ही तिथि में पड़ रहा है। यही कारण है कि इस बार पितृपक्ष मेला 16 दिनों का होगा।

**कहां होता है पिंडदान**

पितृपक्ष की अवधि में हर तिथि का धार्मिक महत्व अलग-अलग होता है। इन विशेष तिथियों पर संबंधित पिंडदान वेदियों और धार्मिक स्थलों पर श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ जाती है। पितृपक्ष मेले से संबंधित कुल 55 पिंडदान वेदियाँ हैं, जिनमें से 45 गया में और एक पटना जिले के पुनपुन में स्थित है। इसके अलावा, 9 तर्पण स्थल भी गया में हैं। महत्वपूर्ण सरोवरों में ब्रह्म सरोवर, रुक्मिणी तालाब, पितामहेश्वर, रामशिला, वैतरणी, सूर्यकुंड, गोदावरी और प्रेतशिला शामिल हैं। साथ ही, चार महत्वपूर्ण घाट- देवघाट, गजाधर घाट, ब्राह्मणी घाट और सीढ़ियां घाट भी पिंडदान स्थल का हिस्सा है।

**इस वर्ष पितृपक्ष मेले में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने की संभावना**

हर साल की तरह इस बार भी देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु अपने पूर्वजों का पिंडदान और तर्पण करने के लिए गयाजी की पावन भूमि पर पहुंचने लगे हैं। इस बार पितृपक्ष मेले में 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के गयाजी पहुंचने की संभावना है। पिंडदान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के ठहरने और उनकी सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने बड़े पैमाने पर इंतज़ाम किए हैं। इस बार 64 सरकारी आवासों में 18,000 श्रद्धालुओं के लिए निःशुल्क ठहरने की व्यवस्था की गई है। वहीं गयाजी के गांधी मैदान में 2,500 क्षमता वाला टेंट सिटी बनाई गई।

# जहानाबाद जिले में खेल क्लब के गठन के लिए 12 सितम्बर तक खिलाडियों से मांगे गए आवेदन

**रिक्त पदें**

अध्यक्ष के 42 पद
सचिव के 73 पद
कोषाध्यक्ष के 84 पद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बिहार में खेल के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं। खेल विभाग, बिहार सरकार के द्वारा पूर्व में भी ग्राम पंचायतों और नगर पंचायतों में खेलों के प्रति आकर्षक विकसित करने एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से खेल क्लबों के गठन हेतु आवेदन प्राप्त किए गए थे। जिला स्तर पर प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगर पंचायतों में प्राप्त आवेदनो के विरुद्ध आवेदकों के बीच चुनाव की प्रक्रिया संपन्न की गई। हालाकि इसके बावजूद अभी भी अध्यक्ष के 42 पद, सचिव के 73 पद एवं कोषाध्यक्ष के 84 पद रिक्त हैं। इसी को देखते हुए खेल विभाग द्वारा पुनः ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं जिसके लिए 12 सितंबर को अंतिम तिथि जारी की गई है। जिला प्रशासन ने आम जनों एवं खिलाड़ियों से अपील किया है कि इच्छुक खिलाड़ी क्लबों के गठन हेतु अंतिम तिथि से पूर्व रिक्त पदों के लिए आवेदन करें। रिक्त स्थान एवं पदों का ब्यौरा एनआइसी जहानाबाद (जिले के आधिकारिक वेबसाइट) के पेज पर जारी किया जा रहा है। अधिक जानकारी के लिए। अधिक जानकारी के लिए **https://club.biharsports.org** पर जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# जहानाबाद के दो खिलाड़ी राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रवाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद तलवारबाजी संघ के दो खिलाड़ी कुणाल सिंह आर्य और विश्वसंस्कर ज्योति बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए आगामी राष्ट्रीय तलवारबाजी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए शनिवार को पटना ट्रेनिंग कैंप से उत्तराखंड के हल्द्वानी के लिए रवाना हुए। यह प्रतियोगिता 8 से 13 सितम्बर तक उत्तराखंड के हल्द्वानी में आयोजित होगी। टीम के साथ जहानाबाद तलवारबाजी संघ के सचिव अन्नू शक्ति सिंह कोच और वैशाली तलवारबाजी संघ के



सचिव देवराज साव मैनेजर के रूप में टीम के साथ दौरे पर गए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए कोच अन्नू शक्ति सिंह ने कहा कि जहानाबाद के लिए यह गर्व की बात है कि जिले की प्रतिभाएं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरने जा रही हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी की यात्रा स्कूल से शुरू होकर जिला, राज्य और फिर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचती है। इसमें सबसे अहम योगदान अभिभावकों का होता है, जो अपने बच्चों के खेल पर खर्च वहन करते हैं। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि हमारे जिले के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त करने में सफल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि आज खेल में पैसा, नाम, शोहरत और कैरियर सबकुछ है बशर्ते विद्यालय स्तर पर ही इसके लिए बच्चों को तैयार किया जाए।

# पिंडदानियों को मिलेगी सुविधा : डीएम

## अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेला का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** 17 दिनों तक चलने वाला अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेला का उद्घाटन शनिवार को हुआ। पुनपुन तट पर पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए प्रत्येक साल जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेले का आयोजन किया जाता है। मौके पर पूर्व सासंद रामकृपाल, यादव, विधायक गोपाल रविदास, पूर्व मंत्री श्याम रजक, पटना डीएम,एडीएम अनिल कुमार, पूर्व विधायक अरूण मांझी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का उद्घाटन के बाद डीएम डॉक्टर त्यागराजन ने कहा कि इस बार देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए लक्ष्मण झूला आकर्षण का केंद्र बिंदु रहेगा, यह बिहार के लिए गर्व की बात है। की



उत्तराखंड के जैसा यहां भी लक्ष्मण झूला बना है, वही श्रद्धालुओं को आने जाने के लिए मुफ्त में जिला प्रशासन की ओर से ई-रिक्शा की व्यवस्था की गई है। बहरहाल इस बार भी पूरे तामझाम के साथ पिंडदानियों को किसी भी तरह की कोई भी असुविधा न हो इस बात का ख्याल रखते हुए जिला प्रशासन की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। पुनपुन घाट पर सभी जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, पटना डीएम डॉ त्यागराजन ने कहा कि हर चौक-चौराहे से लेकर सभी जगह पर पुलिस पदाधिकारी की कड़ी तैनाती की गई है। मजिस्ट्रेट और पुलिस पदाधिकारी से निवेदन है कि पिंडदानियों को किसी भी तरह की कोई भी असुविधा न होने दें। मौके पर पूर्व सांसद रामकृपाल यादव ने 20 वर्षों के सुशासन के सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला, विकास के हुए कार्यों के बारे में लोगों से चर्चा की, पूर्व मंत्री श्याम रजक ने भी पुनपुन के पावन एवं धार्मिक महत्व के बारे में लोगों को बताया, वही विधायक गोपाल रविदास ने जिला प्रशासन पर आरोप लगाया की हर साल पुनपुन की महता को देखते हुए पर्यटन श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ रही है लेकिन राजस्व विभाग के द्वारा आवंटन काम हो रहे हैं, पिछले साल 28 लाख का टेंडर हुआ था इस बार में 14 लाख का टेंडर हुआ था, सरकार को इस पर गंभीरता लेनी होगी, इसके साथ ही बरसाती नदियों में पानी का जलस्तर हमेशा बरकरार रहे इस पर भी कार्य होंए चाहिए। गौरतलब है की अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने 10 कोषांग के नोडल पदाधिकारी को बखूबी से कार्य करने का निर्देश दिया। पुनपुन में अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की शुरुआत विधिवत ढंग से 06 सितंबर से शुरू हो गई है, 21 सितंबर तक मेला का आयोजन किया जाएग। मेले में बिजली ,पानी, सुरक्षा समेत तमाम बिंदुओं पर सभी पुलिस पदाधिकारी मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है। मौके पर भूमि सुधार उपसहार्ता, कोमल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी सोनाली, कार्यपालक पदाधिकारी रिचा प्रियदर्शनी, नगर अध्यक्ष रितेश पटेल, उप मुख्य पार्षद, बीडीओ, सीओ,धर्मवीर कुमार, सिंटू कुमार नीरज कुमार गुप्ता आदी शामिल रहे।

## वाहन पलटने से सैकड़ों लीटर दूध बर्बाद, छह घायल

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** शनिवार की दोपहर पटना बाइपास पर सिपारा पुल के पास बड़ा हादसा हो गया. दूध से भरा एक बड़ा टैंकर अनियंत्रित होकर पलट गया। इस हादसे में एक मोटरसाइकिल और एक ऑटो रिक्शा इसकी चपेट में आ गए. ऑटो पर सवार पांच यात्री और मोटरसाइकिल सवार गंभीर रूप से घायल हो गए. स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है. वहीं टैंकर से गिर रहा दूध को लूटने के लिए सैकड़ो लोगों की भीड़ लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पीडीपी फुलवारी शरीफ के लिए दूध लेकर आ रही यह टैंकर तेज गति में थी. सिपारा पुल के पास मोड़ पर चालक का वाहन से नियंत्रण हट गया और टैंकर अचानक पलट गया. हादसा इतना जोरदार था कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई. पलटते ही दूध टैंकर से सैकड़ों लीटर दूध सड़क पर बहने लगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो...

और आसियान देशों के प्रतिनिधि, पर्यटन व्यापार और नीति निर्माण संस्थाएं शामिल हैं। यह सामूहिक भागीदारी प्रधानमंत्री की उस दृष्टि को मूर्त रूप देती है, जिसमें भारत और आसियान एक साथ विकास और पर्यटन सहयोग की दिशा में आगे बढ़ें। आसियान-भारत पैवेलियन की स्थापना के अलावा आईआरसीटीसी को पूरे भारतीय प्रतिनिधिमंडल की लॉजिस्टिक्स व्यवस्था की जिम्मेदारी भी सौंपी गई है। साथ ही, आईआरसीटीसी हो ची मिन्ह सिटी में आसियान-भारत पर्यटन रोड शो का आयोजन कर रहा है, जिसमें भारत-आसियान पर्यटन उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की गयी। इस दौरान स्थानीय ट्रैवल एजेंटों और टूर ऑपरेटरों से सीधा संवाद स्थापित कर नए कारोबारी साझेदारी के अवसर तलाश किए। भारत के प्रधानमंत्री द्वारा 'आसियान-भारत पर्यटन वर्ष' की घोषणा एक ऐतिहासिक कदम है, जो भारत को एक वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में स्थापित करने में मददगार साबित हुआ। हो ची मिन्ह सिटी में आसियान-भारत पैवेलियन की स्थापना ने भारत और आसियान देशों के बीच संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के नए रास्ते खोले हैं। यह पहल न केवल क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ाती है बल्कि आपसी विश्वास, मित्रता और सहयोग के संबंध भी मजबूत करती है। इसके माध्यम से पर्यटन आधारित विकास और सतत विकास के लक्ष्यों को आने वाले समय में भारत और आसियान दोनों देश मिलकर प्राप्त कर सकेंगे।

## पहले दिन मारवाड़ी समाज के दो हजार परिवारों ने किया पिंडदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** अंतर्राष्ट्रीय पितृपक्ष मेला की शुरुआत हो गई है. पहले ही दिन भारी संख्या में पिंड दानी पुनपुन घाट पर पहुंचे. जहां पर अपना पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पिंडदान किया है. पिंडदान का प्रथम द्वारा कहे जाने वाले पुनपुन घाट पर प्रथम दिन मारवाड़ी परिवार की भारी संख्या में भीड़ उमड़ी. सभी ने अपने पितरों के पिंडदान का विधि विधान से तर्पण किया. पुनपुन में पिंडदान का प्रथम वेदी है, जहां पर पांडा समिति के सचिव रिंकू पांडे ने कहा कि गया के 54 वेदी में यह पुनपुन का पहला वेदी है. जहां पर पहले दिन मारवाड़ी परिवार के समाज छत्तीसगढ़ के रायपुर और



महाराष्ट्र से भी लोग आते हैं, जो आज पारवन श्राद्ध करते हैं. इसके बाद गया के फल्गु नदी के तट पर 17 दिनों तक पिंड का तर्पण करेंगे. सुबह से ही पिंडदानी पुनपुन घाट पर पिंड का तर्पण कर गया के फल्गु नदी तट की ओर रवाना हुए हैं. छत्तीसगढ़ और रायपुर से आए हुए महिला श्रद्धालुओं ने कहा कि पुनपुन के पावन तट पर प्रथम वेदी है. इसलिए अपने पूर्वजों की आत्मा के शांति के लिए यहां पर पितरों का तर्पण करते हैं. इसके बाद गया जो मोक्ष की धरती है, वहां जाकर 17 दिनों तक पिंड का तर्पण करेंगे ताकि पितृ दोष मुक्त हो सके।

## पिंडदान का प्रथम द्वार है पुनपुन, जहां कभी भगवान श्री राम ने माता जानकी के साथ अपने पूर्वजों का किया था पिंड का तर्पण

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** पुनपुन नदी को गरुड़ पुराण में इसे आदि गंगा कहा गया है, जहां कभी भगवान श्रीराम अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए इसी पुनपुन नदी घाट पर माता जानकी के साथ आए थे। उन्होंने पहले पिंड का तर्पण यहीं किया था. जिसके बाद गया में जाकर पिंड का पूरा तर्पण किया, जिस वजह से इसे मोक्ष का प्रथम द्वार माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार पुनपुन घाट पर कभी भगवान राम ने माता जानकी के साथ अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पहले पिंड का तर्पण किया था. इसके

### जिला प्रशासन की ओर से पितृपक्ष मेला का किया जाता है आयोजन

बाद ही गया के फल्गु नदी तट पर पूरे विधि विधान के साथ तर्पण किया जाता है। प्राचीन काल से पुनपुन नदी घाट पर पिंडदान और तर्पण करने के बाद गया के 52 वेदी पर पिंडदान और तर्पण करने की परंपरा रही है। ऐसे में सरकार ने पुनपुन घाट की ख्याति को देखते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय पितृपक्ष मेला के रूप में मान्यता प्रदान की है। प्रत्येक साल जिला प्रशासन की ओर से पुनपुन घाट पर पितृपक्ष मेला का आयोजन किया जाता है। पुनपुन पांडा समिति के पूर्व अध्यक्ष तारिणी मिश्रा ने बताया कि पुनपुन नदी जिसे आदि गंगा कहते हैं उसके बारे में कहा गया है 'पुनः पुनः सर्व नदीषु पुण्या सदावहा स्वच्छ जला शुभ प्रदा' यानी पितृ पक्ष में पहला पिंड पुनपुन नदी के ही तट पर विधान है। सारे संसार के हिंदू पुनपुन में ही पहले पिंड का तर्पण करते हैं, जहां कभी भगवान राम ने पहले पिंड का तर्पण किया था, इसलिए पुनपुन नदी घाट पिंडदान का प्रथम द्वार है. पुनपुन नदी जो झारखंड के पलामू से निकलकर पटना जिले में प्रवेश करती है और यह गंगा में मिल जाती है।

## एक नजर

### पुलिस ने शराब पीने वाले को किया गिरफ्तार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** धनरूआ थाना क्षेत्र के नदवां बाजार के पास एक स्वीफ्ट डिजायर कार में बैठकर पी रहे शराब की भनक लगते ही पुलिस गश्ती पार्टी ने सर्च किया जहां पर वह आदमी शराब पीते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया, उसके पास से डेढ़ लीटर देसी शराब भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम सत्येंद्र कुमार उम्र 45 वर्ष पिता स्वर्गीय रामचंद्र यादव गुरुपा थाना गया का रहने वाला बताया जाता है, जो पटना से गया जाने के क्रम में नदवां के पास अपनी गाड़ी में ही बैठकर देसी शराब पी रहा थास उसी वक्त उसे रास्ते से गुजर रही गश्ती पार्टी को संदेह हुआ और जांच के क्रम में कार में बैठकर शराब पीने वक्त उसे पकड़ लिया और डेढ़ लीटर शराब भी बरामद किया गया है पुलिस अन्य मामलों की भी जांच कर रही है।

### पिंडदानियों के लिए निःशुल्क ई-रिक्शा की सुविधा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंतरराष्ट्रीय पुनपुन पितृपक्ष मेले के दौरान पिंडदानियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन ने निःशुल्क ई-रिक्शा की व्यवस्था की है, खासकर बुजुर्गों और शारीरिक रूप से कमजोर लोगों के लिए, ताकि वे कामेश्वर चौक से पुनपुन पिंडदान स्थल तक पहुँच सकें, यह सुविधा जिला प्रशासन द्वारा आयोजित की गई है और तीर्थ यात्रियों को किसी भी पार्किंग स्थल से पुनपुन घाट तक आवागमन में मदद हो सके। जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन ने बताया कि पितृपक्ष मेले में आए श्रद्धालुओं ने लिए फ्री में ई-रिक्शा सेवा शुरू की है। बताया कि यह सेवा पितृपक्ष मेले में आए पिंडदानियों के लिए पूरे मेले के दौरान निःशुल्क रहेगी। ई-रिक्शा पुनपुन कामेश्वर चौक से लेकर पुनपुन घाट तक तीर्थयात्रियों को पिंडदान के लिए लाने और ले जाने का काम करेगी।

### चार बच्चियां बरामद

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन पुलिस ने भटके हुए चार बच्चियों को डुमरी रेलवे स्टेशन के पास से बरामद करते हुए उनके परिजनों को सूचना देकर उन्हें उनके हवाले किया है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की मामला बीते 5 सितंबर की संध्या करीब 7:00 बजे की है जहां ग्राम ख़र्तुरहा थाना डेल्हा जिला गया से चार बच्ची जिसका उम्र 11 साल 8 साल साल 6 साल 5 साल है भटक कर डुमरी पुनपुन आ गई थी, जिसे पूछने पर बताई की बड़ी लड़की रिया कुमारी उम्र 11 वर्ष किसी बात से नाराज होकर गया स्टेशन से ट्रेन में चढ़ गई थी, जिसे वापस बुलाने के लिए अन्य तीनों बहनें ट्रेन में गई लेकिन इस दौरान ट्रेन खुल गई और यह चारों बच्चे भटकते हुए डुमरी स्टेशन पर पहुंच कर डुमरी गांव में भटक रहे थे तभी गश्ती पुलिस की उसे पर नजर पड़ी, जिसे पूछताछ कर थाने लाया गया।

### 12 बीमारियों से नियमित टीकाकरण से होगा बचाव

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी प्रथामिक स्वास्थ केंद्र में गावी प्रोजेक्ट के तहत पीसीआई संगठन ने एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रखंड के दस चिन्हित गांवों के मुखिया, वार्ड पार्षद, जीविका समूह के महिलाएं प्रभावशाली व्यक्तियों एवं समाजिक कार्यकर्त्तागण इसमें भाग लिए। पीसीआई की जिला समन्यवक संस्कृति भारद्वाज ने टीकाकरण के महत्व को बताया। प्रखंड समन्वयक एस.टी. इमाम ने टी.वी, डायरिया, पोलियो, काली खांसी, चेचक, टेटनस, समेत 12 बीमारियों से नियमित टीकाकरण से बचा जा सकता है। जिला समन्वयक संस्कृति भारद्वाज ने प्रतिभागियों से अधिक से अधिक परिवार में जागरूकता कर बच्चों के स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। प्रखंड स्वास्थ प्रबंध ललन सिंह ने सामुदायिक सहयोग के महत्व को बताया। इस आयोजन में वार्ड पार्षद उज्जवल कुमार, पूर्व मुखिया तिनेरी राकेश शर्मा, खरांट मुखिया प्रतिनिधि सोहन जी, पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना मांझी, सोनू कुमार सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

### दो घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** खिरिमोड थाना क्षेत्र के खानपुरा स्थित 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र से रविवार (7 सितंबर) को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी पालीगंज एसडीओ बिपिन बिहारी लाल ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल, जेल, एएनएम कॉलेज और न्यायालय को बेहतर बिजली उपलब्ध कराने के लिए नया 11 केवी डेडिकेटेड फीडर चालू किया जा रहा है। इसी कारण उपकेंद्र पर तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस दौरान मेरा पतौना फीडर,गौसगंज फीडर और कृषि फीडर से आपूर्ति बंद रहेगी। विभाग ने उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे पहले से पानी का भंडारण और अन्य जरूरी काम पूरा कर लें। बिजली विभाग ने असुविधा के लिए खेद जताते हुए कहा कि उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति देने के लिए यह कदम उठाया जा रहा है।

## गुरु-शिष्य मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रम।** पार्वती उच्च विद्यालय बिक्रम के सभा भवन में एम्बिशस संस्थान द्वारा गुरु शिष्य मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थान के 21 वें वर्ष पूरे होने पर आयोजित समारोह में सामाजिक गतिविधियों में भाग ले रहे गुरुजन एवं समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ शिवशंकर सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में गुरु ही राष्ट्र के नव निर्माण में अहम भूमिका अदा करते हैं। किताबी ज्ञान ही सही शिक्षा नहीं है। शिक्षा का सही मतलब है विद्यार्थियों में सही संस्कार का परिमार्जन कर देश का एक आदर्श नागरिक बनाना।संस्थान द्वारा दिव्यांगों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर कार्य कर रही राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित कुमारी वैष्णवी को 'नारी शक्ति सेवा' से सम्मानित किया गया। वहीं मुख्य अतिथि डॉ शिवशंकर सिंह को 'आचार्य रत्न सम्मान'से सम्मानित किया गया। वहीं सेवा निवृत्त शिक्षकों में पूर्व प्रधानाध्यापक रामानुज शर्मा, देवकांत सिंह, अजय कुमार आदि को सम्मानित किया गया।

## श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया अनंत चतुर्दशी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** सुख शांति और वैभव की कामना को लेकर पूरे देश भर में शनिवार को अनंत चतुर्दशी पर्व आस्था श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। भगवान अनंत यानी सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु और लक्ष्मी की पूजा की गई। घरों में मंदिरों में मसौढ़ी के ठाकुरबाड़ी मंदिर, विश्वनाथ मंदिर, मनीचक सूर्य मंदिर समेत विभिन्न मंदिरों में पूजा अर्चना किया गया। अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर तमाम मंदिरों में भगवान विष्णु की आराधना के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही। मंदिरों में जुटे लोग अनंत चतुर्दशी की कथा सुनकर



भगवान अनंत के जयकारे लगाते हुए व्रत रखकर, भगवान विष्णु को अनंत सूत्र में बांधकर पूजा अर्चना किये। मान्यता है कि अनंत के व्रत से व्यक्ति की खोई हुई संपत्ति के साथ ही धन धान्य यश कीर्ति सब वापस मिल जाता है। कच्चे सूत के 14 गांठों के धागों को बांह में पहन कर लोगों ने आस्था जताते हैं। जबकि कई लोग दिनभर उपवास रख कर व्रत करते हैं।इस व्रत के महत्व के बारे में बताया जाता है कि भाद्रपद शुक्ल पक्ष की चतुर्दशी को यह व्रत बहुत ही महत्वपूर्ण होता है. इस व्रत को धारण करने से व्यक्ति भगवान विष्णु के लोक को प्राप्त होता है जिसका कोई अंत ना हो यानी अनंत भगवान विष्णु को कहा जाता है कथा सुनकर ने के बाद आनंद के धागे को स्त्री बाएं हाथ में और पुरुष दाएं हाथ में पहनते हैं।

## हर्षोल्लास के साथ मना जश्न-ए-ईद मिलादुन्नबी की 1500वीं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैह वसल्लम की जन्म दिवस पर जश्ने ईद मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया वहीं मसौढ़ी के मलिकाना हुसैनाबाद में मिल्लत कमिटी और मोहल्लेवासियों ने संयुक्त रूप से जश्ने ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम का आयोजन किया। मंच संचालन शाहनवाज अहमद ने किया। रहमतगंज जामा मस्जिद के उप इमाम कारी कैसर साहब ने कार्यक्रम का आरंभ इस्लाम धर्म के पवित्र ग्रंथ कुरान पढ़ कर किया।उसके बाद शायर सरफराज आलम और अब्दुल रहमान ने मधुर आवाज़ में मोहम्मद साहब की शान में नात पढ़ा। कुम्हरार जामा मस्जिद पटना से तशरीफ लाए मौलाना मुफ्ती अख्तर रज़ा नूरी ने कहा के मोहम्मद साहब अमन के पैगंबर हैं।वह इस दुनिया में अमन का पैगाम देने के लिए आए थे। उन्होंने कहा कि मोहम्मद साहब 63 साल इस दुनिया में रहकर बुराइयों का खात्मा किया और अच्छाइयों को फैलाने के लिए भरपूर कोशिश की। मोहम्मद साहब का पैगाम है कि हर मजहब का सम्मान किया जाए। मोहम्मद साहब के जन्म का आज 1500 साल हो चुका है। इस अवसर पर हम सब शपथ लें के समाज में नफरत को खत्म करेंगे और मोहब्बत को फैलाएंगे। इस अवसर पर उपस्थि रहमतगंज जामा मस्जिद के मौलाना जहूर ने भी मोहम्मद साहब के जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज का दिन बहुत ही खुशी का दिन है। मसूद राजा, शाहिद आलम, अरफराज साहिल, पप्पू, शहजाद उर्फ विधायक, बीस सूत्री सदस्य अहमद, सद्दाम हुसैन, कलीम इमाम, मुअज्जम अली शमीम, बब्बन, तुफैल, विक्की, खुर्शीद, मास्टर मजहर इमाम, मास्टर मंजर शादाब सहित अन्य गण मान्य लोग और महिलाएं भी उपस्थित रहीं।

## चाची के दशकर्म में पैर फिसलने से भतीजा गंगा नदी में डूबा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** थाना क्षेत्र के नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर शनिवार को गंगा नदी में स्नान करने के दौरान एक व्यक्ति डूब गया। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र सुल्तानपुर कोईरी टोला निवासी 51 वर्षीय संजय महतो अपने चाची के दशकर्म कार्य को लेकर परिजनों के साथ नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर गये थे. इसी दौरान सिर मुंडन करवाने के बाद वह स्नान करने के लिए गंगा नदी में स्नान करने के दौरान पैर फिसलने के कारण गहरे पानी में चले गये. परिजनों के साथ नाविकों बचाने की कोशिश की. देखते ही देखते ही गंगा नदी में डूबे गये। नाविकों शव खोजने के कोशिश की लेकिन शव नहीं मिला. परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है. परिजनों ने इसकी सूचना डायल 112 की टीम के साथ ही स्थानीय पुलिस को दी. सूचना मिलते ही दानापुर पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने इसकी सूचना एसडीआरएफ की टीम को दी. मृतक के छोटे भाई पारस महतो ने बताया कि चाची के दशकर्म को लेकर बड़े भाई संजय महतो और अन्य परिजनों के साथ नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर सिर मुंडन के बाद गंगा में स्नान करने के लिए गए. स्नान करने के दौरान अचानक वह गहरे पानी में चले गए. स्नान कर रही महिलाएं अपना कपड़ा फेंक बचाने की कोशिश की. लेकिन वह गहरे पानी में चले गए. अभी एक ग़म से उभरे भी नहीं थे कि ये घटना हो गई। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार भारद्वाज ने बताया कि नासरीगंज फक्कर महतो घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान संजय महतो डूब गए. शव की खोजबीन के लिए एसडीआरएफ की टीम गंगा नदी में खोजबीन में जुट गई है. समाचार लिखे जाने तक शव बरामद नही हुआ था।

## विद्यालय प्रांगण में 'ग्रैंड पैरेंट डे' पर सम्मान समारोह का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** शनिवार को एसडीभी पब्लिक स्कूल, नत्थूपुर रोड, कुरथौल, पटना के प्रांगण में 'ग्रैंड पैरेन्ट्स डे' का आयोजन किया गया. इस आयोजन में बच्चों को अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के महत्व से अवगत कराया गया। विद्यालय के प्रांगण में उपस्थित दादा-दादी एवं नाना-नानी का बच्चों ने तिलक लगाकर और नृत्य-संगीत के माध्यम से अभिवादन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक राजेश्वर कुमार, उप-निदेशक अनिल कुमार एवं प्रधानाचार्य सुरेश कुमार पाण्डेय ने सभी ग्रैंड पैरेन्ट्स को तुलसी का पौधा और मिष्टान्न प्रदान कर सम्मानित किया. सभी ग्रैंड पैरेन्ट्स ने बच्चों को आशीर्वाद दिया और उनका उत्साहवर्द्धन किया। प्रधानाचार्य ने बच्चों को शिक्षा एवं संस्कार दोनों का महत्व समझाते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य उचित संस्कार और मानवीय मूल्यों के साथ-साथ बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना का विकास करना है। इस आयोजन में सौ से अधिक ग्रैंड पैरेन्ट्स शामिल हुए. उन्होंने इस दिवस को महत्वपूर्ण बताया और विद्यालय की इस पहल की सराहना की. उनका कहना था कि ऐसे आयोजन से बच्चों में अपने दादा-दादी और नाना-नानी के प्रति सम्मान एवं संस्कार की भावना और गहरी होगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्र-छात्राओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई. कार्यक्रम के अंत में सह-शैक्षणिक संचालक उत्पल कुमार ने सभी आगंतुकों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने वाले लोगों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## 'सुशासन का सार आपके द्वार' कार्यक्रम के तहत चलाया गया जनसंपर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** सुशासन का सार अपके द्वार कार्यक्रम के तहत जदयू प्रदेश महासचिव विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में नगर के गोला रोड मोड से टी प्वाइंट तक जनसंपर्क अभियान चलाया गया. लोगों के बीच 2005 के बाद बदला बिहार, न्याय के साथ विकास के 20 साल बेमिसाल नाम का जदयू द्वारा किताब का वितरण किया गया. विधानसभा प्रभारी धीरज कुशवाहा व श्री सिंह ने कहा कि एनडीए सरकार ने अपराध पर लगाम लगाई है. उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, जल-जीवन-हरियाली जैसी योजनाओं से गांव-गांव को जोड़ा है। नीतीश सरकार की प्राथमिकता हर गरीब और वंचित तक विकास की रोशनी पहुंचाना है. उन्होंने कहा कि प्रत्येक महिलाओं को सरकार दस-दस हजार रूपये प्रदान करेंगी। जदयू महानगर उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने कहा कि नीतीश सरकार ने कन्या से लेकर महिलाओं का उत्थान किया गया है. श्री सिंह ने कहा कि दानापुर विधानसभा सीट को जदयू सीट घोषित करने की मांग किया गया है. उन्होंने कहा कि जदयू भावी प्रत्याशी के रूप में विनोद कुमार सिंह जनसंपर्क अभियान चला रहे है। मौके पर जदयू प्रखंड अध्यक्ष मनोज कुमार, रिंकू कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह, नीरज कुमार, राजू ठाकुर, अरूण सिंह, उमाशंकर सिंह पटेल, अजय कुमार सिन्हा, शशि भूषण कुमार व रीता पासवान व गौरव गुप्ता समेत कार्यकर्ता मौजूद थे।

एशिया कप 2025 से ठीक पहले पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी ने आखिर क्यों कहा ऐसा

# सूर्यकुमार यादव से छीन लेना कप्तानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप 2025 में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में अपने खिताब की रक्षा करने के लिए मैदान पर उतरेगी। सूर्यकुमार यादव पहली बार एशिया कप में टीम इंडिया की कप्तानी करने जा रहे हैं, लेकिन इस टूर्नामेंट के शुरू होने से ठीक पहले पूर्व इंग्लिश खिलाड़ी मोंटी पनेसर ने उन्हें लेकर चौंकाने वाला बयान दिया। मोंटी पनेसर का मानना है कि अगर सूर्यकुमार यादव इस टूर्नामेंट में अच्छा नहीं कर पाए और अगर उनकी कप्तानी में भारत चैंपियन नहीं बन पाता है तो उनसे कप्तानी छीन लेनी चाहिए और उनकी जगह भारतीय टी20 टीम का कप्तान शुभमन गिल को बना देना चाहिए जो इस वक्त भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान भी हैं। मोंटी पनेसर ने इंडिया टीवी से बात करते हुए कहा कि शुभमन गिल में तीनों प्रारूप में भारतीय टीम की कप्तानी करने की क्षमता है। अगर सूर्यकुमार यादव टी20 में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते है या फिर एशिया कप नहीं जीत पाते हैं और मुझे लगता है कि भारतीय चयनकर्ता उनसे आगे बढ़कर सिमित ओवरों की कप्तानी शुभमन गिल को सौंप सकते हैं। रोहित शर्मा के वनडे कप्तान के पद से हटने के बाद इस बात की पूरी संभावना है कि गिल सभी प्रारूपो में भारत की कप्तानी कर सकते हैं। आपको बता दें कि गिल को रोहित शर्मा के बाद पहले टेस्ट टीम का कप्तान बनाया गया और अब एशिया कप से पहले उन्हें भारतीय टी20 टीम का उप-कप्तान बनाया गया था। 2024 टी20 वर्ल्ड कप के बाद वो सिमित ओवरों के क्रिकेट में नेतृत्व समूह में शामिल हो गए थे। श्रीलंका दौरे से पहले उन्हें वनडे टीम का उप-कप्तान बनाया गया था और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वो भारतीय वनडे टीम के उप-कप्तान भी थे।







## श्रेयस अय्यर को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बन सकते हैं इंडिया के कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इन दिनों एशिया कप 2025 के लिए भारतीय टीम में चयनित नहीं किए जाने के बाद काफी सुर्खियों में हैं। श्रेयस एशिया कप में खेलते हुए नजर नहीं आएंगे, लेकिन उनके सामने अभी एक मौका है। ऑस्ट्रेलिया ए के साथ इंडिया ए टीम को दो मैचों कि अनाधिकारिक टेस्ट सीरीज और तीन मैचों की वनडे सीरीज में हिस्सा लेना है। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ जब चयनकर्ता इंडिया ए की टीम को चुनने के लिए बैठेंगे तो श्रेयस का नाम उनके सामने प्रमुख तौर पर होगा। चयनकर्ताओं के सामने मुख्य मसला ये होगा कि उन्हें क्या भूमिका दी जाए। क्रिकबज के मुताबिक इस बात की संभावना है कि उन्हें टीम में प्रमुख भूमिका मिलेगी और वो कप्तानी या फिर कुछ और भी हो सकता है। ऑस्ट्रेलिया ए की टीम भारत दौरे पर अगले सप्ताह आने वाली है। श्रेयस अय्यर इस वक्त बेंगलुरु में हैं और दलीप ट्रॉफी मुकाबले में वेस्ट जोन की तरफ से खेल रहे हैं। वेस्ट जोन के लिए खेलते हुए सेंट्रल जोन के खिलाफ वो सेमीफाइनल मुकाबले की पहली पारी में 25 रन के स्कोर पर खलील अहमद की गेंद पर आउट हो गए थे, लेकिन इस छोटी पर तेज पारी का उनके चयन पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है। इस बात की संभावना है कि वो इंडिया ए के लिए दो अनाधिकारिक टेस्ट मैच में खेलते हुए नजर आ सकते हैं। श्रेयस आईपीएल 2025 में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों में से एक थे, लेकिन एशिया कप के लिए भारतीय टी20 टीम में उन्हें कोई जगह नहीं दी गई, लेकिन लाल गेंद वाले मैचों के लिए उनका चयन किया जाना इस बात का संकेत है कि भविष्य में टेस्ट प्रारूप के लिए उनके नाम पर विचार किया जा सकता है भले ही वो वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज हो या फिर ऑस्ट्रेलिया में होने वाली टेस्ट सीरीज हो। ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मौजूदा दलीप ट्रॉफी में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के अलावा नितीश रेड्डी, अभिमन्यु ईश्वरन और साई सुदर्शन जैसे कुछ अन्य खिलाड़ियों के चयन पर भी विचार किया जा सकता है। इस लिस्ट में एन जगदीशन, ऋतुराज गायकवाड़ और रजत पाटीदार भी हो सकते हैं। इंडिया ए और ऑस्ट्रेलिया ए के बीच दो चार दिवसीय मैचों में से पहला मैच 16 सितंबर को लखनऊ में शुरू होगा, जो 11 सितंबर से शुरू होने वाले दलीप ट्रॉफी फाइनल के ठीक एक दिन बाद होगा। इसलिए संभावना है कि टीम का चयन मौजूदा सेमीफाइनल के कुछ दिन बाद किया जाएगा जो 7 सितंबर को समाप्त होगा।

## एशिया कप में भारत-पाक मैच पर बोले बीसीसीआई सचिव, हमें केंद्र सरकार की बात का पालन करना होगा

**गुवाहाटी (असम), एजेंसी।** दुबई में 14 सितंबर को एशिया कप में भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाले मुकाबले को लेकर चल रही आलोचनाओं के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के सचिव देवजीत सैकिया ने हाल ही में जारी नीति का हवाला देते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने किसी भी ऐसे देश के साथ बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध नहीं लगाया है जो भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता। टूर्नामेंट में भारत के अपने चिर प्रतिद्वंद्वी से भिड़ने पर नाराजगी जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ गुस्से से उपजी है, जिसमें इस साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों को मार डाला था। पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने इस मुकाबले को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की है और मैच का बहिष्कार करने का सुझाव भी दिया है। अगस्त में केंद्र सरकार ने खेल आयोजनों में भारतीय एथलीटों के पाकिस्तानी एथलीटों के साथ प्रतिस्पर्धा करने से निपटने के लिए एक नीति में संशोधन किया था। नीति के अनुसार भारत को बहुराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होगी, लेकिन वह द्विपक्षीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने से परहेज करेगा।

सैकिया ने बताया, 'जहां तक बीसीसीआई का सवाल है, हमें केंद्र सरकार द्वारा औपचारिक रूप से तय की गई हर बात का पालन करना होगा। हाल ही में, किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट या अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भारत की भागीदारी के संबंध में हमारी जो नीति लागू हुई है, उसके अनुसार केंद्र सरकार द्वारा कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है, चाहे हम उन देशों के साथ खेलें जिनके भारत के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। इसलिए भारत को किसी भी बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट में सभी मैच खेलने होंगे।'

उन्होंने आगे कहा, 'चूंकि आईसीसी कप एक बहुराष्ट्रीय टूर्नामेंट है जिसमें एशिया महाद्वीप के देश शामिल होते हैं, इसलिए हमें खेलना होगा। और साथ ही किसी भी आईसीसी टूर्नामेंट के लिए जब कोई देश भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध नहीं रखता है, तो हमें अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलना होगा। जहां तक द्विपक्षीय संबंधों का सवाल है, हम अपने किसी भी विरोधी देश के साथ नहीं खेलने जा रहे हैं।'

## फिडे ग्रांड स्वीसः विश्व चैंपियन गुकेश को 14 साल के यागिज ने ड्रॉ पर रोका, वैशाली संयुक्त रूप से शीर्ष पर

**समरकंद, एजेंसी।** ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति से शुरुआत की थी, लेकिन वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सके। महिलाओं के वर्ग में भारत की वैशाली ने विजयी अभियान जारी रखा और लगातार दो जीत दर्ज कर दो अंक लेकर वह संयुक्त रूप से शीर्ष पर पहुंचीं। विश्व चैंपियन भारतीय ग्रैंडमास्टर डी गुकेश को फिडे ग्रैंड स्विस के दूसरे दौर में तुर्किये के 14 वर्षीय यागिज खान एर्दोगमस ने ड्रॉ पर रोका, जबकि गत चैंपियन आर वैशाली ने महिलाओं के वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया। दो गेमों में जीत के साथ वह ऑस्ट्रिया की ओलगा बेडेल्का के साथ संयुक्त रूप शीर्ष पर हैं। ओपन वर्ग में गुकेश ने एर्दोगमस के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी और अंततः ड्रॉ के लिए समझौता करना पड़ा, लेकिन शीर्ष वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद ने इवान जेनलियान्स्की को हराकर इस प्रतियोगिता में अपनी पहली जीत हासिल की।




## ट्रिपल एच ने डब्ल्यूडब्ल्यूई में किया इस हसीन महिला रेसलर का जोरदार स्वागत, 3800 दिनों के बाद रिंग में वापसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** डब्ल्यूडब्ल्यूई यूनिवर्स में शुक्रवार की रात एक बड़ा धमाका हुआ जब पूर्व डिवाज चैंपियन एजे ली ने 10 साल बाद स्मैकडाउन में वापसी की। इस खबर ने फैंस को हैरान कर दिया, लेकिन जो कुछ टीवी पर दिखाया गया उससे भी ज्यादा खास था पर्दे के पीछे का दृश्य। डब्ल्यूडब्ल्यूई के हेड ऑफ क्रिएटिव, ट्रिपल एच ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें एजे ली अपनी सरप्राइज एंट्री से ठीक पहले डब्ल्यूडब्ल्यूई का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन कर रही हैं। ट्रिपल एच ने वीडियो के साथ लिखा, 'स्याही कागज पर। तूफान से पहले की शांति।' इस वीडियो में एजे ली शांत और गंभीर दिख रही थीं और उनके चेहरे पर 10 साल बाद घर लौटने की भावना साफ झलक रही थी। यह वीडियो तुरंत वायरल हो गया, जिसने फैंस को उनकी वापसी के एक खास पल का गवाह बनाया। एजे ली जो तीन बार डिवाज चैंपियन रह चुकी हैं उन्होंने मार्च 2015 में गर्दन की गंभीर चोट के कारण रिटायरमेंट ले लिया था। तब से उनके पति सीएम पंक या उनके पुराने प्रतिद्वंद्वी जब भी रिंग में आते थे, तो फैंस एजे ली के नाम के नारे लगाते थे। उनकी वापसी का यह पल इसलिए भी खास था क्योंकि यह शिकागो में हुआ, जहां सीएम पंक और बेकी लिंच के बीच तनाव चरम पर था।

## यूएस ओपनः सेमीफाइनल में हार के बाद जोकोविच ने संन्यास की अटकलों को खारिज किया

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** यूएस ओपन के सेमीफाइनल में नोवाक जोकोविच को कार्लोस अल्काराज के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी, जिसके बाद सर्बियाई खिलाड़ी ने संन्यास की अटकलों को खारिज कर दिया। जोकोविच ने पुष्टि की है कि वह अगले साल एक पूर्ण ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहते हैं। 22 वर्षीय स्पेनिश खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने 38 वर्षीय सर्बियाई खिलाड़ी को 6-4, 7-6(4), 6-2 से शिकस्त देकर अपने सातवें और न्यूयॉर्क में दूसरे मेजर फाइनल में प्रवेश किया है। आर्थर ऐश स्टेडियम में करीब 2 घंटे 25 मिनट तक चले इस रोमांचक मुकाबले में कार्लोस अल्काराज ने इस साल के ऑस्ट्रेलियन ओपन और 2024 पेरिस ओलंपिक में जोकोविच से मिली हार का बदला लिया। सर्बियाई खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अब भी ग्रैंड स्लैम खेलना चाहता हूं। मैं अगले साल पूरा ग्रैंड स्लैम सीजन खेलना चाहता हूं। देखते हैं कि ऐसा होता है या नहीं। लेकिन स्लैम तो स्लैम होते हैं। यह किसी भी अन्य टूर्नामेंट से अलग हैं। ये हमारे खेल के स्तंभ हैं। यह हमारे सबसे महत्वपूर्ण टूर्नामेंट हैं। नोवाक जोकोविच ने कहा, मैं अपने टेनिस के स्तर से खुश हूं, लेकिन यह शारीरिक क्षमता की बात है। जैसा कि मैंने क्वार्टर फाइनल के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था, मैं अपने शरीर को इस स्तर और लय को कई घंटों तक बनाए रखने के लिए तैयार करने की पूरी कोशिश करूंगा, लेकिन यह पर्याप्त नहीं था। अपने करियर के इस पड़ाव पर यह ऐसी चीज है, जिस पर मेरा नियंत्रण नहीं है। 100 टूर-लेवल खिताब जीत चुके नोवाक जोकोविच ने माना कि जब वह शारीरिक रूप से अपना स्तर बनाए नहीं रख पाते तो यह निराशाजनक होता है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि उनकी उम्र में यह अपेक्षित है। जोकोविच ने कहा, यह समय और उम्र के साथ आता है। मैं अब भी प्रतिस्पर्धा का रोमांच महसूस करता हूं। इस मैच में दर्शकों से काफी सपोर्ट मिला। इसके लिए मैं बेहद आभारी हूं। मैंने खेल का भरपूर आनंद लिया। यही एक बड़ी वजह है कि मैं खेलता जा रहा हूं। पिछले कुछ वर्षों में मुझे दुनियाभर से जो प्यार मिला, वह अद्भुत है। कार्लोस अल्काराज अपने छठे ग्रैंड स्लैम खिताब और पीआईएफ एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 पर वापसी की राह पर कायम हैं।




उनमें टी20 में भी अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता

## इस खिलाड़ी की टी20 वापसी पर सुनील गावस्कर खुश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर टी20 प्रारूप में शुभमन गिल की एशिया कप 2025 के साथ वापसी से बिल्कुल भी हैरान नहीं। कई लोग इस बात पर हैरान थे कि गिल को टी20 में वापस बुलाया गया है जबकि उन्होंने जुलाई 2024 से इस प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला।

साथ ही 25 वर्षीय गिल को आगामी एशिया कप के लिए टीम का उप कप्तान भी नियुक्त किया गया है। गावस्कर को एशिया कप के लिए भारतीय टीम में गिल के शामिल होने पर कोई संदेह नहीं था और उन्होंने कहा कि एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में बल्ले से गिल के शानदार प्रदर्शन ने मेन इन ब्लू की टी-20 टीम में उनकी जगह लगभग पक्की कर दी है। गावस्कर ने सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर कहा, 'आईपीएल में उन्होंने जिस तरह से टी20 फॉर्मेट में बल्लेबाजी की उसे देखते हुए यह कोई बड़ी बात नहीं थी। आईपीएल में टी20 फॉर्मेट में वह काफी सफल रहे है। इसलिए इसमें कोई शक नहीं कि उनमें टी20 में अच्छा प्रदर्शन करने की क्षमता है।



जिस तरह की फॉर्म में वह है जहां उन्होंने हाल ही में समाप्त हुई टेस्ट सीरीज में 750 से ज्यादा रन बनाए है, वह टी20 टूर्नामेंट के लिए भी वाकई अच्छा संकेत है। गावस्कर ने आगे कहा, 'अगर भारत अपने मैच आराम से नहीं जीत पाता है तो मुझे वाकई हैरानी होगी। उनके सभी मैच सिर्फ पाकिस्तान के खिलाफ ही नहीं बल्कि बांग्लादेश, अफगानिस्तान और श्रीलंका के खिलाफ भी।

## हॉकी इंडिया ने वंदना कटारिया और ललित उपाध्याय को सम्मानित किया

**राजगीर, एजेंसी।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को महिला हॉकी टीम की पूर्व फॉरवर्ड वंदना कटारिया और पुरुष हॉकी टीम के पूर्व फॉरवर्ड ललित कुमार उपाध्याय को खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। दोनों खिलाड़ियों ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से संन्यास की घोषणा की है। सम्मान समारोह राजगीर, बिहार में चल रहे पुरुष एशिया कप 2025 के दौरान आयोजित किया गया। हॉकी इंडिया ने वंदना और ललित को राष्ट्रीय टीमों के प्रति उनके समर्पण और सेवा के लिए 5-5 लाख रुपये के चेक प्रदान किए।

अप्रैल में आधिकारिक रूप से संन्यास लेने वाली वंदना ने 15 वर्षों से अधिक के अपने शानदार करियर को अप्रैल में अलविदा कहा था। 320 अंतरराष्ट्रीय मैचों और 158 गोलों के साथ वह भारतीय महिला हॉकी इतिहास में सबसे अधिक मैच खेलने वाली खिलाड़ी हैं। 2009 में सीनियर टीम में पदार्पण के बाद से वंदना भारतीय हॉकी के सबसे बड़े चेहरों में रही हैं। टोक्यो ओलंपिक में भारत का




ऐतिहासिक चौथा स्थान उनके करियर की खास उपलब्धि रही। वह ओलंपिक में हैट्रिक गोल करने वाली पहली और एकमात्र भारतीय बनी थीं। सम्मान मिलने पर वंदना कटारिया ने कहा, भारत की जर्सी पहनना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना मेरे जीवन का सबसे बड़ा सौभाग्य रहा है।

हॉकी ने मुझे सब कुछ दिया है और मैं इन यादों को हमेशा संजो कर रखूंगी। मैं इस सम्मान के लिए हॉकी इंडिया की और सबसे बढ़कर, अपने उन साथियों की बहुत आभारी हूं, जिनके साथ मैंने पिछले 15 वर्षों में हर उतार-चढ़ाव साझा किया । वे मेरे लिए एक परिवार की तरह थे। हमने एक-दूसरे को प्रोत्साहित किया, एक-दूसरे का साथ दिया और हर जीत का जश्न साथ मिलकर मनाया। उन्होंने कहा, मैंने जो कुछ भी हासिल किया है, वह उनके विश्वास, कड़ी मेहनत और जज्बे के बिना संभव नहीं होता।

मैं अपने परिवार की भी उतनी ही आभारी हूं, जो हर चुनौती और त्याग में मेरे साथ मजबूती से खड़े रहे और जिनके निरंतर प्रोत्साहन ने मुझे आगे बढ़ते रहने की शक्ति दी। मैं अपने सभी कोचों, सहयोगी स्टाफ और प्रशंसकों का भी धन्यवाद करती हूं, जिन्होंने इस पूरे सफर में मुझे प्रेरित किया। ललित कुमार उपाध्याय ने जून में संन्यास की घोषणा की थी। उन्होंने 2014 में भारत के लिए डेब्यू किया था। 11 वर्षों में ललित ने भारत के लिए 183 मैच खेले और 67 गोल किए। उन्होंने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 ओलंपिक में भारत की कांस्य पदक जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और अपनी पीढ़ी के सबसे भरोसेमंद फॉरवर्ड में से एक बन गए।

# सिरिस पुनपुन घाट : पितृपक्ष पर श्रद्धालुओं की आस्था लेकिन सुविधाओं का घोर अभाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** बारून प्रखंड के सिरिस गांव स्थित पुनपुन नदी का तट पितृपक्ष में आस्था का बड़ा केंद्र माना जाता है। यहां हर वर्ष पितृपक्ष के अवसर पर हजारों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु और पिंडदानी जुटते हैं। पुरानी मान्यता है कि गया में पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है और वे जन्म-मरण के चक्र से मुक्त हो जाते हैं। इसी वजह से गया को विश्वभर में 'मोक्षधाम' के रूप में पहचान मिली है। पुराणों के अनुसार गया की पश्चिमी और उत्तरी सीमा पुनपुन नदी से निर्मित होती है, जिसे आदिगंगा कहा गया है। मान्यता है कि गया आने वाले प्रत्येक पिंडदानी के लिए पुनपुन नदी में पिंडदान अनिवार्य होता है। यही कारण है कि पश्चिम, उत्तर और दक्षिण भारत से सड़क मार्ग से आने वाले श्रद्धालुओं का पहला पड़ाव सिरिस पुनपुन घाट ही होता है। यह स्थल प्रथम पिंडदान का परंपरागत केंद्र है और इसकी धार्मिक महत्ता अत्यधिक है लेकिन आस्था के इस प्रमुख स्थल पर मूलभूत सुविधाओं का घोर अभाव है। सिरिस पुनपुन घाट पर चारों ओर गंदगी का अंबार फैला हुआ है। न तो स्वच्छता की समुचित व्यवस्था है और न ही श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, शौचालय, शेड या स्वास्थ्य सुविधा जैसी न्यूनतम आवश्यकताएं उपलब्ध हैं। यहां तक कि अस्थायी मार्गदर्शन केंद्र, पार्किंग व्यवस्था और यातायात प्रबंधन का भी अभाव है जिसके कारण दूरदराज से आने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यदि सिरिस घाट को मेला स्थल के रूप में विकसित कर पितृपक्ष के दौरान यहां बेहतर व्यवस्था की जाए तो श्रद्धालुओं को काफी सुविधा होगी। इसके साथ ही बिहार की छवि भी अन्य राज्यों में सुदृढ़ होगी। बेहतर प्रबंधन से यह स्थल न केवल धार्मिक दृष्टि से बल्कि पर्यटन की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण बन सकता है। विशेषज्ञों का कहना है कि पितृपक्ष के दौरान गया की धार्मिक महत्ता को देखते हुए सिरिस पुनपुन घाट को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक बनाना राज्य सरकार और जिला प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। यदि यहां भव्य आयोजन और उचित सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, तो आने वाले वर्षों में सिरिस देश-विदेश के श्रद्धालुओं के लिए प्रमुख धार्मिक-पर्यटन केंद्र के रूप में उभर सकता है।

## जम्होर पुनपुन घाट : पूर्वजों की तृप्ति का पावन स्थल पर सुविधाओं का संकट बरकरार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के जम्होर पुनपुन नदी तट पर सात सितम्बर से इक्कीस सितम्बर तक पितृपक्ष मेला आयोजित होगा। इस अवधि में देश-विदेश से हजारों पिंडदानी यहां पहुंचेंगे और अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए तर्पण और पिंडदान करेंगे। मान्यता है कि पितृपक्ष में गया क्षेत्र और विशेषकर पुनपुन नदी के तट पर पिंडदान करने से पितरों को मोक्ष प्राप्त होता है और वे जीवन-मरण के चक्र से मुक्त हो जाते हैं। पुराणों में पुनपुन नदी को 'आदिगंगा' कहा गया है। गया आने वाले पिंडदानियों के लिए पुनपुन में स्नान और पिंडदान अनिवार्य माना गया है। यही कारण है कि जम्होर पुनपुन घाट की धार्मिक महत्ता अत्यधिक है। यहां पितृपक्ष के अवसर पर दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं और पूर्वजों का स्मरण करते हुए पिंडदान कर अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। जम्होर पुनपुन घाट पर पंद्रह दिनों तक मेला लगता है। इस दौरान



श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने कई ट्रेनों का अस्थायी ठहराव भी किया है ताकि पिंडदानियों को आवागमन में दिक्कत न हो। घाट पर पूजा-अर्चना और धार्मिक गतिविधियों के साथ-साथ विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन होता है। हालांकि, इस पवित्र स्थल पर सुविधाओं की कमी खटकती है। पुनपुन नदी किनारे स्थित ऐतिहासिक सूरजमल सेठ धर्मशाला आज जर्जर हालत में है। कभी यह धर्मशाला पिंडदानियों के ठहरने का प्रमुख केंद्र हुआ करती थी, जहां स्वास्थ्य शिविर भी लगाए जाते थे लेकिन अब इसकी स्थिति इतनी खराब हो गई है कि यहां सांप-बिच्छुओं का बसेरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि धर्मशाला की साफ-सफाई और मरम्मत करा दी जाए तो यह श्रद्धालुओं के लिए बड़ा आकर्षण बन सकता है। विष्णु महोत्सव के आयोजक अजीत सिंह ने बताया कि जम्होर थाना मोड़ से पुनपुन दुमुहान और विष्णुधाम जाने वाली सड़क काफी जर्जर है। ऐसे में पिंडदानियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की है कि मेला अवधि में सड़कों और धर्मशालाओं की समुचित मरम्मत और सफाई कराई जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुविधा हो और जिले की छवि बेहतर बने। पुनपुन घाट की यह परंपरा सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं है, बल्कि यह औरंगाबाद जिले की धरोहर भी है। यदि यहां बेहतर प्रबंधन किया जाए तो यह स्थल राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर धार्मिक पर्यटन का बड़ा केंद्र बन सकता है।

# औरंगाबाद में विधानसभा चुनाव की तैयारी तेज

## डीएम श्रीकांत शास्त्री ने की तैयारियों की व्यापक समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की व्यापक समीक्षा हेतु उच्चस्तरीय बैठक समाहरणालय सभागार में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में शनिवार को आयोजित की गई। इस बैठक में विभिन्न कोषांगों के नोडल पदाधिकारीगण, वरीय जिला स्तरीय पदाधिकारीगण एवं संबंधित शाखाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्वाचन की संपूर्ण प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं की बिंदुवार समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कोषांग अपने-अपने स्तर पर निर्वाचन संबंधी कार्यों के लिए स्पष्ट एवं व्यवस्थित कार्ययोजना तैयार कर लें तथा संबंधित पदाधिकारियों एवं अधीनस्थ कर्मियों को समयबद्ध लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने हेतु सक्रिय करें। उन्होंने कहा कि सभी कोषांग नियमित रूप से अपने कार्यों की प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करें ताकि कार्यान्वयन की स्थिति की निरंतर निगरानी की जा सके। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि निर्वाचन कार्य की प्रगति पूर्णतः समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शी होनी चाहिए। निर्वाचन आचार संहिता एवं निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन प्रत्येक स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि निर्वाचन का आयोजन पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दिशा में किसी भी स्तर पर शिथिलता अथवा लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी पदाधिकारी एवं कर्मी के विरुद्ध कठोर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। बैठक के समापन पर जिलाधिकारी ने सभी कोषांगों के पदाधिकारियों को यह संदेश दिया कि निर्वाचन जैसे दायित्वपूर्ण कार्य का निर्वहन टीम भावना एवं सामूहिक समन्वय से ही संभव है। अतः सभी पदाधिकारी अपने-अपने दायित्व का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, तत्परता एवं उत्तरदायित्व के साथ करें तथा एक-दूसरे के कार्यों का सहयोग करते हुए उत्कृष्ट टीमवर्क का परिचय दें। उन्होंने कहा कि टीम भावना से किया गया कार्य न केवल बेहतर परिणाम सुनिश्चित करेगा बल्कि निर्वाचन प्रक्रिया की पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता को भी सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, अपर समाहर्ता (लोक शिकायत निवारण) जयप्रकाश नारायण, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) उपेंद्र पंडित, बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी सहित अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# अधिकारों को ले महिलाओं में जागरुकता बढ़ाना जरूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** जिले के सदर प्रखंड स्थित केवाईसी सेंटर पर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस जागरूकता अभियान के चौथे दिन के विषय कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न अधिनियम 2013 पर चंदन कुमार जेंडर स्पेशलिस्ट के द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं सशक्तिकरण से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही इस दौरान उपस्थित सभी को समाज में फैले कुरीतियों जैसे बाल विवाह, घरेलू हिंसा, बाल हिंसा, दहेज प्रथा आदि के खिलाफ जागरूक करने पर बल दिया गया। साथी पीओएसएच एक्ट 2013 के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई चर्चा में कंचन कुमारी वित्त साक्षरता विशेषज्ञ के द्वारा महिलाओं पर केंद्रित योजनाओं एवं कानूनी अधिकारों पर विस्तृत चर्चा की गई। जागरूकता कार्यक्रम के दौरान अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री कन्या उथान योजना, राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आरोग्य दिवस में मिलने वाली सुविधाओं पर विस्तृत जानकारी दी गई एवं अपील करते हुए कहा गया कि उपरोक्त लाभ लेने के लिए अपने गांव की आशा, सेविका, जीविका दीदी कैडर से मिलकर जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। घरेलू हिंसा, लैंगिक हिंसा पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि किसी भी प्रकार का घरेलू हिंसा होने पर 181 नंबर पर डायल कर जानकारी दे सकते है।

# सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार अधेड़ की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के तेजपुरा पैक्स गोदाम के पास सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई जबकि बाइक सवार व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के जमुहारा गांव निवासी स्व. मोहन शर्मा के 50 वर्षीय पुत्र विष्णु शर्मा के रूप में की गई है। जख्मी व्यक्ति की अब तक पहचान नहीं हो सकी है। जानकारी के मुताबिक विष्णु शर्मा काम कर घर जा रहे थे, इसी क्रम में उस जगह साइकिल सवार विष्णु शर्मा और बाइक सवार टकरा गए जिसमें दोनों गंभीर रूप से जख्मी हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने विष्णु शर्मा को मृत घोषित कर दिया। बाइक सवार व्यक्ति को बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं पोस्टमार्टम के उपरांत परिजनों को सौंप दिया गया। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि बाइक और साइकिल की टक्कर में एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हुई है जबकि बाइक सवार व्यक्ति का इलाज़ चल रहा है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। मामले में एफएसएल टीम के द्वारा साक्ष्य संकलन की कार्रवाई की गई।

# डूबने से मासूम समेत दो की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद/हसपुरा।** अंबा थाना क्षेत्र के ढूंढा गांव के समीप शुक्रवार की शाम नहर में डूबने से ढाई साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी पिंटू राम के पुत्र अमरजीत कुमार के रूप में की गई है। जानकारी के मुताबिक अमरजीत गांव के बच्चों के साथ खेल रहा था। अंधेरा होने के बाद सभी बच्चे अपने घर पहुंच गए, लेकिन अमरजीत नहीं पहुंचा। परिजनों ने खोजबीन शुरू की तो घर से क़रीब 500 मीटर की दूरी पर स्थित एक नहर में उसका शव मिला। घटना के बाद परिजन ने उसकी हत्या किए जाने की आशंका जताई है। स्थानीय लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जिसके आलोक में पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। ग्रामीणों का मानना है कि मासूम बच्चा खेलते-खेलते नहर में गिर गया होगा, उसके साथ रहे अन्य बच्चों ने ध्यान नहीं दिया और अपने-अपने घर चले गए। परिजनों ने बताया कि पिंटू राम के दो बेटे और तीन बेटियां हैं। अमरजीत सबसे छोटा था। उसकी मौत के बाद मां कविता देवी समेत आने परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि प्रथम दृष्टतया पानी में डूबने से मासूम की मौत प्रतीत होती है। हालांकि पुलिस उसकी मौत से जुड़ी सभी बिंदुओं पर छानबीन कर रही है।पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं हसपुरा थाना क्षेत्र के पुनपुन नदी में नहाने के क्रम में एक किशोर की डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान जखौरा गांव निवासी बिश्वम्भर साव के 12 वर्षीय पुत्र शिवम कुमार उर्फ गोलू के रूप में हुई है। जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ नदी घाट पर इकट्ठा हो गई। गांव के कुछ युवक जो तैरना जानते थे वे किशोर को नदी में खोजने लगे। काफी मशक्कत के बाद बच्चे को नदी से बाहर निकाला गया। परिजनों द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हसपुरा लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन द्वारा हसपुरा पुलिस को मामले की जानकारी दी गयी। पुलिस अस्पताल पहुंच कर पोस्टमार्टम के लिए पंचनामा तैयार किया और शव को सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। मौके पर मौजूद उपप्रमुख सत्येन्द्र चौधरी, पूर्व प्रमुख विजय यादव, भाजपा नेता परशुराम वर्मा ने घटना को काफी दुखद बताया।

# विभिन्न मामलों में 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। इस दौरान अलग-अलग मामलों में 34 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। हत्या में एक, हत्या के प्रयास में 6, शराब के शीर्ष कांडों में 5 एवं अन्य शीर्ष कांड में 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 713 वाहनों की जांच की गई जिसमें 23500 रूपये जुर्माना वसूला गया है। 93 लीटर देसी शराब और एक बाइक बरामद किया गया है। विदित हो कि पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। विदित हो कि एसपी के आदेश पर पुलिस के जरिए लगातार विशेष अभियान चलाकर बदमाशों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। इस अभियान को एसपी अम्बरीश राहुल खुद नेतृत्व करते हैं और पुलिस पदाधिकारी को दिशा निर्देश के बाद पुलिस छापेमारी कर बदमाशों की गिरफ्तारी करते हैं। एसपी कि माने तो पुलिस पदाधिकारियों को लगातार दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं ताकि गंभीर मामलों में फरार बदमाशों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी सुनिश्चित की जा सके।

# हाइवा की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मदनपुर थाना क्षेत्र के एनएच - 19 पर शनिवार की शाम हाइवा की चपेट में आने से मजदूर की मौत हो गई। मृतक की पहचान दधपी निवासी योगेन्द्र कुमार के रुप में की गई है। जानकारी के मुताबिक योगेन्द्र किसी काम से साइकिल से रानीगंज जा रहा था तभी अनियंत्रित हाइवा ने कुचल दिया। घटना के बाद चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। योगेन्द्र शिवगंज के एक सैलून में मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि उसके दो बच्चे हैं जो इस घटना के बाद से वे बेसहारा हो गए। वह किसी तरह मेहनत-मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंप दिया है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के परिजनों को चार लाख रूपये का मुआवजा दिया जायेगा। दधपी पंचायत मुखिया प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार मेहता उर्फ टुन कुमार मेहता ने बताया कि योगेन्द्र अत्यंत गरीब था। परिजनों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलवाया जायेगा।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# शिक्षा में अनुभवी शिक्षकों का प्रभावी हस्तक्षेप जरुरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

## शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए शिक्षाविद सुभाष चंद्र त्रिवेदी



**औरंगाबाद।** शिक्षा में अनुभवी शिक्षकों का प्रभावी हस्तक्षेप बेहद जरुरी है जिससे शिक्षण को ज्यादा व्यावहारिक और सहज बनाया जा सकता है. ये बातें शिक्षक दिवस के अवसर पर शहर के होटल यूएस रेसिडेंसी में आयोजित एक सम्मान समारोह में वरिष्ठ पत्रकार कमल किशोर और अन्य प्रबुद्ध लोगों ने जाने माने शिक्षाविद समाजसेवी सुभाष चंद्र त्रिवेदी को अंग वस्त्र, बुके देकर और माला पहना कर सम्मानित करते हुए कही. कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम किशोर प्रसाद ने और संचालन पत्रकार प्रेमेंद्र कुमार मिश्र ने किया। वहीं मुख्य अतिथि के रूप में डॉ शोभा रानी, डॉ रवि रंजन, संपादक कमल किशोर, एसबीआई के मुख्य प्रबंधक रितेश कुमार, सिद्धेश्वर विद्यार्थी, शंभूनाथ पांडेय शामिल हुए। कार्यक्रम में डॉ रवि रंजन ने कहा कि सुभाष चंद्र त्रिवेदी जिले के ऐसे शिक्षक हैं जो हर वर्ग और हर उम्र के लोगों की मदद करते रहते हैं। इनका मिलनसार व्यक्तित्व और समाजसेवा ही इनकी पहचान है। औरंगाबाद में रहे या विदेश में हर जगह अपनी अच्छी छाप अपने कार्यों से छोड़ देते हैं। शिक्षण में अनुभवी शिक्षकों के हस्तक्षेप की हिमायत करते हुए संपादक कमल किशोर ने कहा कि जिले के 11 अवकाश प्राप्त शिक्षक एक संगठन बनाकर विभिन्न विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने की सलाह दे और शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन के साथ जुड़कर कार्य करें। वहीं औरंगाबाद में एक शिक्षा महोत्सव की शुरुआत हो जिसमें दर्जनों विद्यालय और शैक्षणिक संस्थान भाग ले जिसका लाभ बच्चों और उनके अभिभावकों को मिले। मौके पर भाजपा नेता अनिल कुमार सिंह, उज्ज्वल कुमार, राजद नेता सुबोध कुमार सिंह, डॉ चंद्रशेखर प्रसाद, पत्रकार सनोज पाण्डेय, प्रगतिशील व्यवसायी संघ के महासचिव सालीम जाफर, सरपंच संघ के प्रांतीय संरक्षक रवीन्द्र कुमार सिंह, महेंद्र सिंह, अशोक कुमार सिंह ने भी अपने विचार रखे।

# आरोपित महिला ने किया आत्मसमर्पण

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** दहेज़ हत्या में फरार एक महिला ने व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में आत्मसमर्पण कर दिया। महिला की पहचान कुटुंबा थाना क्षेत्र के सैदपुर नोघोड़ा निवासी निशार अंसारी की पत्नी फातिमा खातून के रूप में की गई है। मृतका के मायके वालों ने कुटुंबा थाना में वर्ष 2024 में प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें बताया गया था कि फातिमा खातून उसका पति निशार अंसारी, पुत्र पुत्र मो. कैंसर अंसारी, मो. शमशाद अंसारी एवं शेहराव अंसारी ने मो. शमशाद अंसारी की पत्नी की दहेज के लिए हत्या कर दी है। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से आरोपित महिला फरार चल रही थी।

# सदर अस्पताल में 353 तरह की दवाएं उपलब्ध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल को मॉडल अस्पताल का दर्ज़ा प्राप्त है। पूर्व में अस्पताल की व्यवस्था थोड़ा चरमराई हुई थी परंतु अब अस्पताल में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है। अब सदर अस्पताल में चिकित्सकों की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई है। संसाधनों में काफी हद तक सुधार हुआ है। यहां पहुंचने वाले मरीजों को इलाज, जांच और दवा की सुविधाएं बिना शुल्क के प्रदान की जा रही है। इधर वायरस बुखार के मरीज भी बढ़े हैं। चिकित्सक डा. रविभूषण श्रीवास्तव बताते हैं कि इस समय बुखार के साथ सर्दी और खांसी के मरीज काफी संख्या में पहुंच रहे हैं। वायरस बुखार के कारण मरीजों को दो से तीन दिनों तक बुखार, सर्दी और खांसी का सामना करना पड़ रहा है। मदनपुर के शिवगंज से पहुंची अनीता देवी, संगीता देवी बताती हैं कि बुखार से पीड़ित हैं। स्थानीय दवा से राहत नहीं मिली है इसलिए वे सदर अस्पताल में इलाज कराने के लिए आई है। यहां तक की सदर अस्पताल में सीटी स्कैन की सुविधा भी उपलब्ध है जो एनेक्स हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से संचालित हो रही है। संचालक शशि कुमार बताते हैं कि सीटी स्कैन की सुविधा सरकारी दर पर उपलब्ध है और बाहर के निजी जांच घरों की अपेक्षा शुल्क कम है। सीटी स्कैन की सुविधा 24 घंटे मरीजों के लिए उपलब्ध है। वहीं अस्पताल में 353 तरह की दवाएं भी उपलब्ध हैं। वहीं अस्पताल में पैथोलैब में 80 तरह की जांच की भी सुविधा है। लैब प्रभारी कामख्या नारायण शुक्ला ने बताया कि प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों की जांच की जाती है और जल्द ही थायराइड जांच की सुविधा भी शुरू की जाएगी।

# आज लगेगा चंद्रग्रहण, दोपहर में बंद हो जायेगा देव सूर्य मंदिर का कपाट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आज रविवार को चंद्रग्रहण लगेगा। इस खगोलीय घटना के कारण सभी मंदिरों में ग्रहण का सूतक काल शुरू होने से नौ घंटे पहले ही पूजा-पाठ बंद कर दिया जाएगा। ऐसी मान्यता है कि सूतक काल के क्रम में मंदिरों में पूजा पाठ वर्जित माना जाता है। जानकारी देते हुए देव सूर्य मंदिर न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय ने बताया कि रविवार के दिन दोपहर 12:57 बजे से सूर्य मंदिर का कपाट बंद कर दिया जाएगा और सोमवार की सुबह पूजा अर्चना के बाद श्रद्धालु भगवान का दर्शन कर सकेंगे। जानकारी के अनुसार चंद्रग्रहण का समय रात्रि 9:57 बजे से रात्रि 1:27 बजे तक है। मंदिर खुलने का समय धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सूतक काल में पूजा-पाठ और कोई भी शुभ कार्य नहीं किया जाता है। इसलिए ग्रहण के बाद ही मंदिरों को शुद्ध करके फिर से खोला जाएगा।